फाल्गुन शुक्ल पक्ष 03, संवत 2081 | रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

₹3.00

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर

रांची, रविवार
02 मार्च 2025
वर्ष-26, अंक- 31, पृष्ठ-12




**रांची का तापमान**

| | कांके | रांची |
|---|---|---|
| अधिक. | 30.0° | 33.3° |
| न्यून. | 15.2° | 18.2° |

₹79200 (10 ग्राम)

₹96000 (01 किलो)

| सेंसेक्स | डॉलर |
|---|---|
| 73,198.10 | 87.466 |
| −1,414.33 | +0.136 |

## सदन की गरिमा और समय के सदुपयोग पर हुई चर्चा

# गुलाम भारत में पूरक प्रश्न पूछने की सुविधा नहीं थी : विस अध्यक्ष

- कहा, राजकीय कोष पर नियंत्रण रखना विधायकों की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी
- कार्यक्रम में सीएम सोरेन व राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश ने भी लिया भाग

**सुनील बादल**

**रांची।** झारखंड विधानसभा के प्रबोधन सह प्रशिक्षण कार्यक्रम में शनिवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश, संसदीय कार्य मंत्री राधा कृष्ण किशोर और अन्य गण्यमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में विधायकों को उनके कर्तव्यों और जिम्मेदारियों के साथ गरिमा का महत्व बताया गया। बजट सत्र से लेकर आगामी पांच साल तक विधायकों को सदन की कार्यवाही को बेहतर ढंग से समझने और लोकतंत्र को मजबूत बनाने में योगदान देने के लिए इस उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया था।

स्वागत संबोधन करते हुए अध्यक्ष रबींद्र नाथ महतो ने संवैधानिक अधिकारों का महत्व बताया और कहा कि गुलाम भारत में पूरक प्रश्न पूछने की सुविधा नहीं थी, क्योंकि इससे आम जनता सच्चाई जान जाती और प्रश्न सेंसर हो जाते थे। जबकि, आज पूरक प्रश्न जनहित में पूछे जाते हैं, जो लोकतंत्र की खूबसूरती है। कार्यक्रम में विधायकों की भूमिका, प्रश्नकाल का महत्व, शून्यकाल, व्यवधान, विधि निर्माण, बजट और वित्तीय मामलों पर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही, नए और अनुभवी विधायकों के बीच विचारों के आदान-प्रदान को भी प्रोत्साहित किया गया।

विधायकों की जिम्मेदारियों पर विस्तार से चर्चा करते हुए विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि विधायकों के पास राज्य के लिए कानून बनाने की शक्ति होती है। वे जनता के लिए कानूनों पर चर्चा करते हैं और उनके मतों से ही ये कानून बनते हैं। इन कानूनों का राज्य की जनता पर दूरगामी प्रभाव पड़ता है। विस अध्यक्ष ने कहा कि राजकीय कोष पर नियंत्रण रखना भी विधायकों की एक महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। विधायिका द्वारा बनाए गए कानूनों के अंतर्गत ही कार्यपालिका खर्च कर सकती है। इस खर्च का हिसाब महालेखाकार के माध्यम से सदन के पटल पर रखा जाता है, जिसकी समीक्षा विधायक करते हैं।

विधानसभा अध्यक्ष रबींद्र नाथ महतो ने लोकतंत्र में विधायिका के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि संसदीय लोकतंत्र में विधायिका का स्थान और भी महत्वपूर्ण हो जाता है, क्योंकि इसके माध्यम से जनता अपनी संप्रभुता का प्रयोग करती है। राज्य की सबसे बड़ी महापंचायत के सदस्य के रूप में विधायकों पर कई जिम्मेदारियां होती हैं। उन्होंने कहा कि समय का सदुपयोग और सभी को पूरा अवसर देने के लिए नवाचार भी किया गया है, ताकि प्रश्नकाल और शून्यकाल का पूरा सदुपयोग हो सके।

दो दिवसीय प्रबोधन सह प्रशिक्षण कार्यक्रम में रविवार को भी विभिन्न विषयों पर चर्चा होगी, जिसमें दिल्ली से आए संविधान विशेषज्ञ भाग लेंगे।



### विस भवन लोकतंत्र का सबसे बड़ा मंदिर : मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने इस अवसर पर कहा कि विधानसभा भवन लोकतंत्र का सबसे बड़ा मंदिर है। यहां किसी धर्म, जाति या व्यक्ति के साथ भेदभाव नहीं होता है। इस सदन में भले हम पक्ष या विपक्ष के लोग व्यक्तिगत रूप से अलग-अलग विचार रखते हों, परंतु इस लोकतांत्रिक व्यवस्था से एक ऐसा मार्ग प्रशस्त होता है, जहां सभी को सदन में स्वागत के भाव से आमंत्रित किया जाता है। सभी माननीय सदस्य जनहित से जुड़े मुद्दों को सदन के समक्ष रखते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि लोकतंत्र के इस मंदिर की गरिमा और भव्यता किसी धर्म से अछूता नहीं है। यहां सभी धर्म समुदाय के हक अधिकार की आवाज गूंजती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सीखने की कोई उम्र नहीं होती। जो भी इस सदन में आते हैं, वे सीखते भी हैं, जन आकांक्षाओं को पटल पर रखते भी हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज हमारी सरकार दृढ़ संकल्प के साथ आगे बढ़ रही है। सदन की कार्यवाही में सभी माननीय सदस्यों को साथ लेकर चलते हुए इस राज्य को समृद्ध तथा विकसित बनाने के लिए संकल्प के साथ आगे बढ़ने की जरूरत है। सभी माननीय सदस्य राज्य के विकास के लिए अपनी भूमिका का निर्वहन करेंगे, ऐसा मुझे पूरा विश्वास है।

### केवल विधायी कार्यों में बाधा पर लागू होता है विशेषाधिकार : उपसभापति हरिवंश

राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश ने कहा कि बहुत सोच-विचार और मंथन के बाद संविधान की रचना हुई थी, जिसमें संघीय ढांचे के साथ राज्यों के हितों को भी पूरा महत्व दिया गया है। चीन का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि वहां सभी को समय का सदुपयोग और भविष्य की आवश्यकताओं के हिसाब से प्रशिक्षण दिया जाता है, जिससे हमें भी सीख लेनी चाहिए। उन्होंने नवचयनित 21 विधायकों और मुख्यमंत्री को बधाई देते हुए कहा कि वे विकास की नई गाथा लिखेंगे। उन्होंने विशेषाधिकार हनन के मामलों की चर्चा करते हुए कहा कि बतौर विधायक विधायिका संबंधी कार्यों के संपादन में यदि कोई बाधा उत्पन्न करता है, तो वह विशेषाधिकार का मामला बन सकता है, पर निजी मामले में स्पीकर से लेकर विधायक तक के ऊपर कानून की सभी शेष पेज 11 पर

### सरकारी अफसर विधायिका पर हावी हैं : सीपी सिंह

पूर्व स्पीकर सीपी सिंह ने कहा कि सरकारी अफसर विधायिका पर हावी हैं और जान बूझकर अधूरे या भ्रामक जवाब देते हैं, जिससे पूरक प्रश्न की आवश्यकता पड़ती है। इस मामले में बिहार में कड़ाई बरती जाती है। उन्होंने कहा कि सरकार किसी की भी हो, सत्ता पक्ष हमेशा कम से कम कार्य दिवस रखना चाहता है। उन्होंने राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश से मांग की कि कम से कम 60 दिनों तक विधानसभा चले, इसके लिए कानून की संभावना पर विचार करें।

## सबसे अधिक तापमान वाला महीना रहा फरवरी

# टूटा 125 साल का रिकॉर्ड

**एजेंसी**

**नई दिल्ली (हि.स.)।** देश में इस बार के फरवरी महीने ने 125 साल का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। मौसम विभाग के अनुसार वर्ष 2025 का फरवरी माह पिछले 125 सालों में सबसे अधिक तापमान वाला महीना रहा है। वर्ष 1901 से देश में तापमान रिकॉर्ड रखने की शुरुआत के बाद से यह सबसे गर्म फरवरी रहा। इस साल जनवरी में भी ऐसा ही कुछ हुआ था। साल की शुरुआत का यह महीना भी 125 साल के इतिहास का तीसरा सबसे गर्म जनवरी रहा था। रिकॉर्ड तोड़ तापमान का सिलसिला निश्चित तौर पर अच्छे संकेत नहीं दे रहा है।

भारतीय मौसम विज्ञान केंद्र ने मार्च से मई तक का जो पूर्वानुमान जारी किया है, वह भी डराने वाला है। भारत में फरवरी के दौरान औसत तापमान 22.04 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 1.34 डिग्री सेल्सियस अधिक है। जिन चार क्षेत्रों में भारत के मौसम को बांटा गया है, उसके मुताबिक इस साल का फरवरी महीना मध्य भारत में अब तक का सबसे गर्म फरवरी था, दक्षिण भारत में तीसरा सबसे गर्म, उत्तर-पश्चिम में पांचवां सबसे गर्म और पूर्व और पूर्वोत्तर भारत में नौवां सबसे गर्म था। इस वर्ष फरवरी मध्य में भारत में औसत अधिकतम तापमान 24.6, दक्षिण भारत में यह 26.75, पूर्व और पूर्वोत्तर भारत में 20.14 और उत्तर-पश्चिम भारत में 17.11 डिग्री सेल्सियस था।

मौसम विभाग के अनुसार, मार्च 2025 के दौरान भारत के अधिकांश भागों में मासिक अधिकतम तापमान सामान्य से अधिक रहने की संभावना है। केवल प्रायद्वीपीय भारत के कुछ दक्षिणी भागों को छोड़कर, जहां सामान्य से नीचे अधिकतम तापमान रहने की संभावना है।

अगर बात न्यूनतम तापमान की करें तो मार्च 2025 के दौरान, देश के अधिकांश भागों में सामान्य से अधिक मासिक न्यूनतम तापमान रहने की संभावना है। केवल उत्तर-पश्चिम भारत और दक्षिण प्रायद्वीप के कुछ भागों को छोड़कर, जहां सामान्य न्यूनतम तापमान रहने की सबसे अधिक संभावना है।

**हीट वेव दिनों की संख्या सामान्य से अधिक रहेगी :** मौसम विभाग ने बताया है कि मार्च से मई 2025 के दौरान शेष पेज 11 पर



मार्च 2025 में मासिक अधिकतम तापमान सामान्य से अधिक रहने की संभावना

### झारखंड में 3 से 4 डिग्री बढ़ेगा तापमान

**रांची।** रांची सहित झारखंड के अधिसंख्य जिलों में आने वाले चार-पांच दिनों में तापमान में तीन से चार डिग्री सेल्सियस की वृद्धि हो सकती है। मौसम विभाग ने शनिवार को यह जानकारी दी। मौसम विभाग के अनुसार, राज्य भर में फिलहाल आसमान साफ रहेगा और इससे तापमान में वृद्धि होगी। शनिवार को रांची में न्यूनतम तापमान 18.2 और अधिकतम तापमान 33.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मेदिनीनगर (डालटनगंज) में न्यूनतम तापमान 16.5 और अधिकतम तापमान 35.8 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। वहीं, जमशेदपुर में न्यूनतम तापमान 18.6 और अधिकतम तापमान 37.3 डिग्री सेल्सियस रहा। ज्ञात हो कि पश्चिमी विक्षोभ के चलते राज्य के लगभग 12 जिलों में मौसम में बदलाव हुआ था। इसके प्रभाव से रांची में भी शुक्रवार को हल्की बूंदाबांदी दर्ज की गई थी। बाद में मौसम साफ हो गया था।

## एक नजर

### रांची में श्री श्याम ध्वजा निशान पदयात्रा आज

**रांची।** श्री श्याम ध्वजा निशान पदयात्रा रविवार को निकाली जाएगी। यह कार्यक्रम श्री श्याम ध्वजा पदयात्रा समिति के तत्वावधान में होगा। इसकी सभी तैयारीयां पूरी कर ली गई हैं। इस संबंध में श्री श्याम ध्वजा पदयात्रा समिति के संयोजक गोपाल मुरारका और प्रवक्ता संजय सर्राफ ने बताया कि पदयात्रा रांची के नेवरी विकास विद्यालय के समीप श्री दुर्गा मंदिर से सुबह आठ बजे से शुरू होकर नगर के प्रमुख मार्गों बूटी मोड़ बरियातू रोड, सर्कुलर रोड, कचहरी रोड, मेन रोड, अपर बाजार होते हुए श्री खाटू श्री श्याम मंदिर हरमू रोड में ध्वजा निशान को अर्पित करने के साथ समाप्त होगी। उन्होंने बताया कि इस यात्रा की दूरी श्री खाटू धाम की परंपरा अनुसार 17 किलोमीटर रिंगस से खाटू धाम जितनी ही होगी। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं के लिए नेवरी जाने के लिए सुबह में हरमू रोड स्थित श्री श्याम मंदिर से बस की व्यवस्था की गई है। श्री श्याम ध्वजा पदयात्रा में सैकड़ो श्याम भक्त शामिल होंगे।

**माह-ए-रमजान**

| इफ्तार | सेहरी |
|---|---|
| 5:54 | 4:51 |
| 2 मार्च | 3 मार्च |

**व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें**

सुझाव, शिकायत और समाचारों का स्वागत समाचार पत्र में प्रकाशित करने के लिए सप्रमाण समाचारों का स्वागत है। आप सुझाव या शिकायत भी भेज सकते हैं। संपर्क/व्हाट्सएप 82925 53444 विज्ञापन देने या अखबार प्राप्त करने के लिए संपर्क +91 82923 73444 कार्यकारी संपादक।

## नॉर्थ करणपुरा परियोजना के एश पौंड एरिया में लगी आग



**नवीन मेल डेस्क**

**चतरा।** टंडवा स्थित नेशनल थर्मल पावर कॉरपोरेशन (एनटीपीसी) के नॉर्थ करणपुरा परियोजना के एश पौंड एरिया में शनिवार को अचानक आग लग गई। इससे अफरातफरी मच गई। बाद में केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) के अग्निशमन दस्ता ने आग पर काबू पा लिया। एश पौंड एरिया में आग लगने की सूचना मिलने पर परियोजना के अधिकारियों का एक दल आग लगे क्षेत्र में पहुंचा। अधिकारियों ने आग से किसी प्रकार की क्षति होने से इनकार किया है। बताया कि एश पौंड के किनारे उगी झाड़ियों में आग लगी थी। उस पर काबू पा लिया गया है। आग लगने के कारणों का पता चल नहीं पाया है। बताया गया कि आग लगे स्थान से कुछ ही दूरी पर कोल डंप और यार्ड होने से बड़ी क्षति होने का आशंका जताई जा रही थी।

## छत्तीसगढ़ के सुकमा में सुरक्षाबलों से मुठभेड़ में दो नक्सली ढेर

**सुकमा (आईएएनएस)।** छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले के किस्टाराम इलाके में शनिवार की सुबह सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ में दो नक्सली मारे गए। सूत्रों के अनुसार, सुरक्षाबलों को इलाके में नक्सलियों के मौजूद होने की जानकारी मिली। इसके बाद डीआरजी (जिला रिजर्व गार्ड) और कोबरा बटालियन की संयुक्त टीम ने इलाके में सर्च ऑपरेशन शुरू किया। सर्च ऑपरेशन के दौरान नक्सलियों से मुठभेड़ हो गई, जिसमें दो नक्सली मारे गए। सुरक्षाबलों ने इन नक्सलियों के पास से हथियार भी बरामद किए हैं। इनमें राइफल और अन्य युद्ध सामग्री शामिल हैं। खबर लिखे जाने तक सुरक्षाबलों की ओर से सर्च ऑपरेशन जारी है।

## डीजीपी ने गैरअनुशासित पुलिस अफसरों व कर्मियों की मांगी सूची

- सूची के आधार पर की जाएगी कड़ी कार्रवाई

**नवीन मेल डेस्क**



**रांची।** डीजीपी अनुराग गुप्ता ने राज्य के सभी जिलों और इकाइयों से गैरअनुशासित पुलिस अफसरों और कर्मियों की सूची मांगी है। इस सूची के आधार पर डीजीपी स्तर से कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

शनिवार को पुलिस मुख्यालय से मिली जानकारी के अनुसार, डीजीपी द्वारा जारी आदेश में निर्देश दिया गया है कि सभी जिलों और इकाइयों में पदस्थापित अनुशासनहीन पुलिसकर्मियों की सूची मुख्यालय को भेजी जाए। शेष पेज 11 पर

### इन सात बिंदुओं पर मांगी गई रिपोर्ट

- वैसे पुलिस अफसर और कर्मी, जिनके विरुद्ध आम नागरिकों, महिलाओं से दुर्व्यवहार करने के आरोप में पूर्व में कोई कार्रवाई की गई है।
- वैसे पुलिस अफसर और कर्मी, जिनके संबंध जमीन माफिया और आपराधिक प्रवृत्ति के व्यक्तियों के साथ पाई गई है।
- वैसे पुलिस अफसर और कर्मी, जो कर्तव्य से फरार रहते हैं।
- वैसे पुलिस अफसर और कर्मी, जो ड्यूटी के दौरान आदतन शराब का सेवन करते हैं।
- वैसे पुलिस अफसर और कर्मी, जो बिना कारण अवकाश की समय सीमा को स्वत: बढ़ाकर देर से ड्यूटी पर लौटते हैं।
- वैसे पुलिस अफसर और कर्मी, जिनपर अपने वरीय पदाधिकारी के साथ गलत व्यवहार करने के आरोप में पूर्व में कार्रवाई की गई है। अथवा, वे जो अब भी गलत व्यवहार करते हैं।
- वैसे पुलिस अफसर और कर्मी, जिनके खिलाफ भ्रष्टाचार का आरोप हो या फिर जिनके खिलाफ भ्रष्टाचार के मामले चल रहे हैं।

## डॉ मयंक शर्मा ने संभाला रक्षा लेखा महानियंत्रक का कार्यभार



**नई दिल्ली (हि.स.)।** डॉ मयंक शर्मा ने शनिवार को रक्षा लेखा महानियंत्रक का पदभार संभाल लिया। वे भारतीय रक्षा लेखा सेवा के 1989 बैच के अधिकारी हैं और सरकार में उनका तीन दशकों से अधिक का विशिष्ट करियर रहा है। डॉ शर्मा ने रक्षा लेखा विभाग सहित भारत सरकार के भीतर विभिन्न पदों पर कार्य किया है। उन्होंने कैबिनेट सचिवालय में भी प्रमुख पदों पर कार्य किया है और संयुक्त राष्ट्र कार्यालय ड्रग्स एंड क्राइम, संयुक्त राष्ट्र आयोग अपराध रोकथाम में भारत का प्रतिनिधित्व किया है।

**इंडिया**

# आवश्यकता आधारित कर्मचारी मजबूरी या शोषण



**सुनील बादल**
**कार्यकारी संपादक**

भारत की बेलगाम जनसंख्या से यह सबसे बड़ी आबादी वाला देश बनने वाला है जिसमें प्राकृतिक संसाधनों पेयजल और रहने के घर तक की समस्या आ सकती है।इसका बड़ा प्रभाव है बेरोजगारी जो बढ़ती जा रही है।हर किसी को सरकारी नौकरी चाहिए जिसमें नौकरी सुरक्षित हो जाती है और काम के उत्तरदायित्व का दबाव भी नहीं होता। आजादी के बाद देशभक्ति के दौर में सरकारी नौकरी में जिम्मेदारी और कर्तव्यबोध बहुत था जिसे भ्रष्ट नेताओं ने धीरे धीरे बर्बाद कर दिया जिस कारण मजबूरी में अस्थाई या अनुबंध आधारित जिन्हें कभी-कभी आवश्यकता आधारित कर्मचारी भी कहा जाता है का चलन बढ़ा हालांकि इसके पीछे बड़ा कारण विश्व बैंक जैसी पश्चिमी देशों की ऋणदाता संस्थान थे जिनके पास अध्ययन था कि परियोजना या मिशन मॉड के कार्यों में सरकारी कर्मचारियों का रवैया या कार्यक्षमता सबसे बड़ी बाधा थी। आज के चमकते भारत और विशेष रूप से ऑनलाइन क्रांति में सर्वोपरि भारत के पीछे यही लोग हैं जो तकनीक और गति में वैश्विक स्तर पर हैं।उभरते हुए स्टार्टअप कल्चर के साथ ही देश में एक नए प्रकार की कामकाजी संस्कृति का चलन तेजी से बढ़ रहा है, जिसे गिग इकनॉमी कहा जाता है। गिग इकनॉमी का मतलब ऐसी बाजार प्रणाली से है, जिसमें लोग किसी कंपनी में स्थायी कर्मचारी बनने के बजाय अस्थायी, फ्रीलांस, या कांट्रैक्ट-बेस पर काम करते हैं। उदाहरण के लिए, अर्बन कंपनी, उबर-ओला, और जोमैटो जैसी कंपनियां कुछ समय के लिए स्वतंत्र कामगारों के साथ कांट्रैक्ट करती हैं और उनके द्वारा किए गए काम के घंटे या प्रत्येक कार्य के लिए एक निश्चित राशि का भुगतान करती हैं। गिग इकनॉमी आर्थिक अवसरों का एक नया मॉडल पेश कर रही है, जो पारंपरिक नौकरियों की तुलना में अधिक लचीलापन और स्वतंत्रता प्रदान करता है। नीति आयोग की रिपोर्ट के मुताबिक, देश की गिग वर्कफोर्स में आईटी सर्विसेज, डिलीवरी, कैब सर्विसेज और अन्य पार्ट टाइम जैसी नौकरियों में साल 2020-21 में करीब 77 लाख श्रमिक कार्यरत थे, जिनकी संख्या साल 2029-30 तक बढ़कर करीब ढाई करोड़ पहुंचने की उम्मीद है। गिग इकनॉमी कोई नई अवधारणा नहीं है, बल्कि यह हमेशा से हमारे समाज का हिस्सा रही है। फर्क बस इतना है कि अब इसका तरीका डिजिटल हो चुका है। जैसे ऑटो और कैब चालक, जो सड़क पर सवारी का इंतजार करते थे, अब वे ओला और उबर जैसे प्लेटफॉर्म्स पर ऑन डिमांड उपलब्ध होते हैं। स्टार्टअप कंपनियां तकनीक की मदद से भारत के असंगठित रोजगार को ऐप्स के जरिये बड़े पैमाने पर संगठित कर रही हैं।फोरम फॉर प्रोग्रेसिव गिग वर्कर्स की रिपोर्ट के मुताबिक, भारतीय अर्थव्यवस्था में गिग इकनॉमी ने साल 2024 में 455 अरब डॉलर का योगदान दिया था और साल-दर-साल यह इंडस्ट्री 17 प्रतिशत की दर से बढ़ रही है। गिग इकनॉमी ने उन लोगों के लिए भी नौकरी के कई अवसर खोले हैं, जिन्हें पारंपरिक नौकरियों में दिक्कत आती थी, जैसे दिव्यांग, छात्र और गृहिणियां, जो अब घर बैठे भी फ्रीलांसिंग कर सकते हैं। संस्था पैगाम और यूनिवर्सिटी ऑफ पेनसिल्वेनिया द्वारा भारत में ऐप बेस्ड वर्कर्स पर किए गए एक शोध में सामने आया है कि भारत में गिग श्रमिक दिन में 8 से 12 घंटे और कभी-कभी उससे भी अधिक घंटे प्रतिदिन काम करते हैं।हाल ही में संसद में पेश बजट में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने इस असंगठित क्षेत्र के कर्मचारियों को पहचान पत्र, ई-श्रम पोर्टल पर उनका पंजीकरण और पीएम जन आरोग्य योजना के तहत पांच लाख रुपए तक का स्वास्थ्य बीमा कवरेज मुहैया कराने का एलान किया है। सरकार के इस फैसले से करीब एक करोड़ गिग वर्कर्स को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से फायदा पहुंचेगा। हालांकि समस्या यह भी है कि अगर सरकार न्यूनतम वेतन, काम के घंटे सीमित करना जैसे कड़े रेगुलेशन ले आए, तो इससे इस सेक्टर को नुकसान हो सकता है। ऐसा करने से कंपनियां अपनी हायरिंग कम कर सकती हैं, साथ ही नियमों के बोझ के चलते अनावश्यक लालफीताशाही या इंस्पेक्टर राज को बढ़ावा मिल सकता है। दूसरी ओर, अनियोजित श्रम में आपूर्ति मांग से हमेशा अधिक होने की संभावना रहती है। ऐसे में, इस विषय पर सरकार और स्टार्टअप कंपनियों को गहन चिंतन की जरूरत है कि वे क्या कदम उठा सकती हैं, जिससे एक बेहतर संतुलन बनाया जा सके। संस्थापकों और निवेशकों को भी केवल अपने स्टार्टअप्स का विस्तार करने के बजाय उन्हें बेहतर बनाने पर ध्यान देना चाहिए। आवश्यकता इस बात की है कि हम इन प्रतिभाशाली लोगों को सम्मानजनक वेतनमान भत्ते और सामाजिक सुरक्षा प्रदान करें जैसा विदेशों में होता है। अभी सरकारी और अस्थाई के भुगतान में बहुत बड़ा अंतर है। विधानसभा में धनबाद का मामला उठा जहां काम कराने के बाद दो निजी कंपनियों ने कर्मचारियों को वेतन नहीं दिए।इनकी सुरक्षा पर नीति बनाई जाए।



## वक्फ संशोधन विधेयक 2024 के सभी 14 संशोधनों को मिली मंजूरी

- बजट सत्र के दूसरे भाग में संसद में पेश किया जाएगा विधेयक

**- ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) द्वारा प्रस्तावित वक्फ (संशोधन) विधेयक, 2024 के सभी 14 संशोधनों को मंजूरी दे दी। विपक्ष की आलोचनाओं के बीच विधेयक को पहले जेपीसी को भेजा गया था। भाजपा सांसद जगदंबिका पाल की अध्यक्षता वाली समिति ने भाजपा व उसके सहयोगियों के 14 संशोधनों को मंजूरी दी, जबकि विपक्ष के 44 संशोधनों को खारिज कर दिया गया। यह विधेयक बजट सत्र के दूसरे भाग में संसद में पेश किया जाने वाला है।

कहा जा रहा है कि यह संशोधन वक्फ अधिनियम, 1995 में व्यापक बदलाव लाने के लिए किया गया है, जिससे सरकार को वक्फ संपत्तियों के प्रबंधन व विवाद निपटान में अधिक अधिकार मिलेंगे।

### यह है संशोधित विधेयक में

- संशोधित विधेयक के तहत प्रत्येक वक्फ और वक्फ से जुड़ी संपत्ति को 6 महीने के भीतर केंद्रीय पोर्टल पर पंजीकृत करना अनिवार्य होगा। जिला कलेक्टर इस डाटा की समीक्षा करेगा और आवश्यक जांच कर राज्य सरकार को रिपोर्ट देगा। जेपीसी ने जेडीयू सांसद दिलेश्वर कामत के प्रस्ताव को स्वीकार किया, जिसमें कुछ मामलों में पंजीकरण की समय-सीमा बढ़ाने का प्रावधान जोड़ा गया है।
- संशोधित विधेयक के अनुसार, यदि वक्फ संपत्ति 6 महीने के भीतर पंजीकृत नहीं की जाती, तो किसी भी मुकदमे, अपील या कानूनी कार्यवाही का अधिकार समाप्त हो सकता है। हालांकि, भाजपा सांसद राधा मोहन दास अग्रवाल के प्रस्ताव को शामिल कर यह तय किया गया कि कोर्ट वक्फ को मुकदमा दायर करने की अनुमति दे सकती है, यदि वक्फ पोर्टल पर देरी के कारणों का हलफनामा प्रस्तुत करे।
- संशोधित विधेयक में वक्फ संपत्तियों से जुड़े विवादों को सुलझाने का अधिकार पहले वक्फ न्यायाधिकरण के पास था, लेकिन अब यह जिला कलेक्टर के पास होगा। शेष पेज 11 पर

# झारखंड जदयू ने नीतीश कुमार का 74वां जन्मदिन मनाया




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

बिहार के मुख्यमंत्री और जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार का 74वां जन्मदिन विधायक सरयू राय के सरकारी आवास, डोरंडा में आयोजित किया गया। इसमें झारखंड प्रदेश जदयू के पदाधिकारी, कार्यकर्ता और अन्य पदाधिकारी शामिल हुए। समारोह के दौरान झारखंड प्रदेश जदयू के अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद खीरु महतो ने कहा कि आज का दिन हमारे संगठन के लिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि आज के दिन ही बिहार के कर्मठ मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का जन्म दिन है। कार्यक्रम में नए पदाधिकारियों का सम्मान किया गया और केक काटकर सुशासन दिवस के रूप में इस दिन को मनाया गया। सभी कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जाहिर की और उनके कार्यों को सम्मानित किया। इस अवसर पर विधायक सरयू राय ने कहा कि मैं नए पदाधिकारियों को दिल से शुभकामनाएं देता हूं। मुझे पूरा विश्वास है कि झारखंड में जदयू बहुत तेजी से विकसित होगा। उन्होंने पार्टी की शक्ति को बढ़ाने और संगठन को मजबूती देने के लिए सभी पदाधिकारियों से लगातार मेहनत करने की अपील की।

# पांच करोड़ की लागत से जामताड़ा में बनेगा हाईटेक साइबर थाना

## मंत्री इरफान अंसारी ने रखी आधारशीला

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

जामताड़ा में शनिवार को स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने करीब 5 करोड़ की लागत से बनने वाले नए साइबर क्राइम थाने की आधारशीला रखी। जामताड़ा में पर्वत बिहार के सामने नए अत्याधुनिक सभी सुविधाओं से लैस थाना भवन के शिलान्यास पर मंत्री इरफान नें कहा कि जामताड़ा से साइबर कलंक को धोना है हम इसमें आगे बढ़ रहे हैं थोड़ा समय लगेगा। उन्होंने कहा कि 90 प्रतिशत तक साइबर क्राइम यहां कम हुए है, अत्याधुनिक सुविधा मिलने के बाद हमारे पुलिस कर्मी



और बेहतर काम करेंगे ताकि साइबर अपराधियों में भी खौफ हो। मौके पर जामताड़ा एसपी डॉ एहतेशाम वकारीब नें कहा कि निश्चित तौर पर अत्याधुनिक सुविधाएं मिलने से हमारे पुलिस कर्मी बेहतर कार्य कर के दिखाएंगे। साइबर क्राइम पर कंट्रोल के लिए हाईटेक साइबर क्राइम थाने का निर्माण कार्य शुरू हो गया है। पहले पुराने भवन में साइबर थाना संचालित हो रहा था। साइबर क्राइम थाना का भवन ग्राउंड प्लस वन बनेगा। रेन वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम के साथ लोगों की क्षमता का सेप्टिक एवं सोकपिट टैंक बनाया जाएगा। बोरिंग के साथ सबमर्सिबल पम्प, वॉटर सप्लाई, प्रवेश द्वार के साथ चाहरदीवारी और इलेक्ट्रॉनिक प्राइवेट आटोमेटिक ब्रांच एक्सचेंज का निर्माण होगा। लोकल एरिया नेटवर्क, डीजी सेट, स्ट्रीट लाइट की सुविधा भी रहेगी। साथ ही बड़ी गाड़ियों के साथ दो पहिया वाहनों की पार्किंग का इंतजाम भी होगा।

# न्यूज बॉक्स

### जेसीएम ने डॉ अजय सिंह को दी बधाई

**रांची।** रांची विश्वविद्यालय के दर्शनशास्त्र विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ अजय कुमार सिंह को विभागाध्यक्ष बनाए जाने पर जेसीएम के अध्यक्ष अमन तिवारी ने बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। डॉ अजय की नियुक्ति बिहार यूनिवर्सिटी सर्विस कमीशन ने 1996 में की थी। 2000 में झारखंड अलग हुआ तो इनकी पहली पोस्टिंग बीएस कॉलेज, लोहरदगा में हुई। 2009 से 2012 तक आरएलएसवाई कॉलेज, रांची में रहे। 2013 से दर्शनशास्त्र विभाग रांची विवि में कार्यरत रहे।

### छतीसगढ़ सीएम से मिले केंद्रीय मंत्री



**रांची।** रायपुर प्रवास के दौरान केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साईं से आत्मीय मुलाकात की। इस दौरान देश के विकास में छत्तीसगढ़ की सकारात्मक भूमिका पर बातचीत हुई।

### झारखंड आदिवासी विकास समिति की पदयात्रा आज

रांची। झारखंड आदिवासी विकास समिति की ओर से मुंडारी भाषा को संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल करने को लेकर रविवार को दिन के 11 बजे से बहुबाजार से पदयात्रा निकाली जाएगी। पदयात्रा में ढोल-नगाड़ा के साथ समिति के पदधारी, सदस्य एवं अन्य लोग शामिल होंगे। संगठन के अध्यक्ष प्रभाकर नाग ने बताया कि पदयात्रा बहुबाजार से आरंभ होकर चुटिया मेन रोड, मुंडा गढ़ा तक जाएगी। उन्होंने बताया कि चुटिया पूर्व में मुंडा नागवंशी राजाओं की राजधानी थी। मुंडारी भाषा का इतिहास हड़प्पा काल से पूर्व का है। इसकी अपनी लिपि है। संताली और हो भाषा इसकी सहोदर बहनें हैं। इसके बावजूद समृद्ध मुंडारी भाषा एवं साहित्य को संविधान की आठवीं अनुसूची में अभी तक शामिल नहीं किया गया है।

### सहायक आचार्य परीक्षा में हो विषय की जांच एक्सर्ट कमेटी से कराने का निर्देश

**रांची।** सहायक आचार्य परीक्षा में क्षेत्रीय भाषा हो विषय में पाठ्यक्रम के बाहर के प्रश्न पूछे जाने की हाईकोर्ट ने जांच का निर्देश दिया है। जस्टिस आनंद सेन की अदालत ने झारखंड राज्य कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) को विशेषज्ञ कमेटी बनाकर जांच करने का निर्देश दिया है। कमेटी की रिपोर्ट के आलोक में ही हो विषय की परीक्षा पर निर्णय लेने का निर्देश दिया। इसके साथ ही अदालत ने याचिका निष्पादित कर दी। इस संबंध में महेंद्र लुगाई व अन्य ने याचिका दायर की है। याचिका में कहा गया है कि जेएसएससी ने 15 जून 2024 को सहायक आचार्य परीक्षा के तहत हो भाषा की परीक्षा ली थी। उक्त परीक्षा में कक्षा एक से कक्षा पांच तक के सिलेबस के प्रश्न पत्र पूछे जाने चाहिए थे, लेकिन जेएसएससी ने कक्षा छह से आठ तक के सिलेबस से प्रश्न पूछे थे। कक्षा छह से कक्षा आठ तक के सिलेबस से करीब 75 फीसदी प्रश्न पूछे गए थे, जबकि विज्ञापन में कक्षा एक से पांच तक के सिलेबस से ही प्रश्न पूछे जाने की बात थी। प्रार्थियों ने हो भाषा की पुनः परीक्षा लेने का आग्रह अदालत से किया है। जेएसएससी ने कुरमाली, पंच परगनिया व उर्दू विषय की परीक्षा पाठयक्रम से बाहर के प्रश्न पूछने के आधार पर रद्द कर दिया है। ऐसे में हो विषय की परीक्षा भी रद्द की जानी चाहिए।

### सुदेश महतो की डिस्चार्ज याचिका खारिज आरोप गठन जल्द

**रांची।** ओबीसी आरक्षण सहित अन्य मांगों को लेकर मुख्यमंत्री आवास का घेराव करने के मामले में नामजद आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो के खिलाफ जल्द ही मामले में आरोप गठन किया जाएगा। एमपी/एमएलए की विशेष अदालत ने उनकी ओर से दाखिल डिस्चार्ज याचिका सुनवाई पश्चात खारिज कर दी है। साथ ही अदालत ने मामले में आरोप गठन की तारीख 19 मार्च निर्धारित की है। हालांकि याचिकाकर्ता के अधिवक्ता भरत चंद्र महतो ने बताया कि इस आदेश की चुनौती हाईकोर्ट में देंगे। इसी मामले में आरोपी तत्कालीन विधायक लंबोदर महतो को हाईकोर्ट से राहत मिल चुकी है। घटना को लेकर ओरमांझी के तत्कालीन सीओ विजय केरकेट्टा ने लालपुर थाना में 8 सितंबर 2021 को कांड संख्या 201/2021 के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई थी। जिसमें कहा गया है कि मुख्यमंत्री आवास घेराव को लेकर आजसू कार्यकर्ता मोरहाबादी मैदान में एकत्रित हुए। जिनका नेतृत्व सुदेश महतो, चंद्र प्रकाश चौधरी, लंबोदर महतो, राम चंद्र सहिस समेत अन्य कर रहे थे। इन लोगों पर जानबूझकर प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों के साथ धक्का-मुक्की, सरकारी काम में बाधा डालने का आरोप है।

# 2025-26 बजट ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने वाला : राधा कृष्ण किशोर

**मनोज मिश्रा**

**रांची।** झारखंड विधान सभा में सत्र 2025- 26 के लिए बजट सोमवार को पेश किया जाएगा। इस सत्र का बजट झारखंड के वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर सदन में पेश करेंगे। बजट पेश होने के पहले से ही अटकलों का बाजार गर्म है। कुछ का मानना है कि मंईयां सम्मान योजना से झारखंड सरकार पर खर्च का बोझ बढ़ गया है, इसलिए इस बजट सत्र में अनेक योजनाओं को काटा जाएगा। वहीं कई आश्वस्त भी है कि झारखंड सरकार सभी के विकास के लिए बजट में मास्टर स्ट्रोक खेलेगी। विदित हो कि विधान सभा में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा था कि विरोधियों के हर बॉल पर छक्का लगेगा।

इस संबंध में झारखंड राज्य के वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर से बातचीत में कहा कि बजट गोपनीय होता है मगर इतना संकेत दे सकता हूं कि सत्र 2025-26



का बजट ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने वाला होगा। वर्तमान वित्तीय वर्ष का बजट 1,28,900 करोड़ रुपए है, हेमंत सरकार के नेतृत्व में इसे और आगे बढ़ाना है, झारखंडवासियों के सपनों को उड़ान देना है।

# हर बॉल पर छक्का लगाने का दंभ भरने वाले मुख्यमंत्री हिट विकेट होते नजर आ रहे हैं : बाबूलाल

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने सरकार पर जमकर निशाना साधा है। मरांडी ने शनिवार को सोशल मीडिया एक्स पर लिखा है कि हर बॉल पर छक्का लगाने का दंभ भरने वाले मुख्यमंत्री हेमंत सारेन हिट विकेट होते नजर आ रहे हैं। कैग की रिपोर्ट ने हेमंत सरकार के वित्तीय कुप्रबंधन और घोर इच्छाशक्ति के अभाव को उजागर कर दिया है।

उन्होंने कहा कि सरकार ने तकरीबन 19 हजार करोड़ रुपये की राशि का उपयोगिता प्रमाण पत्र जमा नहीं किया, जो बड़े भ्रष्टाचार की संभावना को प्रबल करता है। आकस्मिक विपत्र निकासी में गड़बड़ी और गलत बजटीय प्रावधान का खामियाजा झारखंड



की जनता जनार्दन को भुगतना पड़ा। राज्य 1.10 लाख करोड़ से ज्यादा का कर्जदार हो गया है।

उन्होंने कहा कि राज्य में व्यापक गरीबी के बावजूद, कई कल्याणकारी योजनाओं के लिए आवंटित धनराशि का पूर्ण उपयोग नहीं किया गया, जिससे जरूरतमंद लाभार्थियों तक सहायता नहीं पहुंच पाई। डीबीटी योजनाओं, विशेषकर सामाजिक सुरक्षा पेंशन और छात्रवृत्ति योजनाओं में, धनराशि के दुरुपयोग, फर्जी लाभार्थियों और अपात्र छात्रों को भुगतान जैसी अनियमितताएं पाई गईं।

मरांडी ने कहा कि स्वास्थ्य क्षेत्र की बात करें तो डॉक्टरों के 61 फीसदी पद खाली, मेडिकल कॉलेज में 45 फीसदी पद खाली हैं। दवा और उपकरण की खरीद पर उपलब्ध राशि का महज 20 प्रतिशत ही खर्च हुआ। सैंपल जांच केंद्रों में दवा की कमी 66-94 प्रतिशत तक ओटी में भी उपकरणों की कमी 48-67 प्रतिशत तक रही।

कैग की यह रिपोर्ट हेमंत सरकार के कुशासन को आईना दिखा रही है। सरकार को जनता के प्रति पारदर्शी शासन और अपनी जवाबदेही सुनिश्चित करनी चाहिए। बेहतर बजटीय प्रबंधन और विभागों के आपसी समन्वय नितांत आवश्यक है।

# आजसू पार्टी के मिलन समारोह में बुद्धिजीवियों ने ग्रहण की सदस्यता



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो के समक्ष आज कई बुद्धिजीवियों ने आजसू पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इसमें डॉ. रोहित कुमार महतो (बनारस हिंदू विश्वविद्यालय), विभोर नागद्वार (एमबीए, बनारस हिंदू विश्वविद्यालय), इंजीनियर राकेश टुडू, इंजीनियर कृष्ण मुरारी बेदिया, पवन कुमार, बुलंद बेदिया, मनोज बेदिया तथा कई अन्य बुद्धिजीवी आजसू परिवार का हिस्सा बने। पार्टी अध्यक्ष सुदेश महतो तथा अन्य नेताओं ने नए सदस्यों का स्वागत किया और संगठन को और मजबूत करने की दिशा में उनके योगदान की सराहना की। मंच का संचालन राजकिशोर महतो ने किया। मिलन समारोह में मुख्य प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत, झारखंड आंदोलनकारी प्रवीण प्रभाकर, राजेंद्र मेहता, दीपक महतो, संजय मेहता, जिला परिषद अध्यक्ष निर्मला भगत, पार्वती देवी, परवाज खान,हरीश कुमार आदि उपस्थित थे। बैठक के माध्यम से आजसू पार्टी ने दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल में संगठन को और अधिक सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया। आगामी दिनों में प्रखंड एवं पंचायत स्तर पर भी इसी तरह की संगठनात्मक बैठकों का आयोजन किया जाएगा।

### झारखंड के वृद्धों की मदद के लिए एल्डर हेल्पलाइन शुरू

**रांची।** झारखंड में वृद्धों के लिए 14567 नेशनल हेल्पलाइन नंबर-एल्डर हेल्पलाइन सेवा शनिवार से शुरू हो गई। रांची के मेन रोड में हुए आयोजन में झारखंड महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग के सचिव मनोज कुमार ने इस नंबर का अनावरण किया। उन्होंने कहा कि यह हेल्पलाइन राज्य के वृद्धों को बेहतर सहायता और सुरक्षा प्रदान करेगी। अपर सचिव अभयनंदन अंबष्ट बोले, झारखंड में एल्डर हेल्पलाइन की श्रेष्ठता को बनाए रखने के लिए हरसंभव प्रयास किए जाएंगे। विभाग स्तर से टीम को पूर्ण सहयोग दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि हेल्पलाइन के कार्यों की नियमित समीक्षा की जाएगी। मौके पर अवर सचिव प्रीति सिन्हा , अभिजीत कुंडु, नूतन सिंह, राम लखन प्रसाद गुप्ता और संजय जैन मौजूद थे।

# कैंसर को हराना है तो अपने आप में आत्मविश्वास बढ़ाना होगा : राजीव रंजन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

अपना घर आश्रय (इंटास फाउंडेशन द्वारा संचालित संस्था) का स्थापना दिवस बनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता आश्रय की संचालिका काउंसलर सिलिका उलाल ने किया। उन्होंने कहा कि आश्रय में कैंसर मरीज को मुफ्त खाना, रहना एवं गाड़ी की व्यवस्था उपलब्ध कराती है। विशिष्ट अतिथि के रूप मे विजन फाउंडेशन के निदेशक राजीव रंजन मिश्रा, संगीत सरिता के संस्थापिका वीणाश्री, छात्र क्लब चिकित्सा मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष (यूनिट,छात्र क्लब ग्रुप)शिव किशोर शर्मा, भगवा नारी सेना के अध्यक्ष पिया बर्मन, डॉ अनुज कुमार द्विवेदी, डॉक्टर प्रियदर्शनी, डॉक्टर मुस्कान, सिस्टर सिमफरोसा आदि मौजूद थे। मौके पर डॉ राजीव रंजन मिश्रा ने कहा कैंसर को हराना है तो अपने आप को 5 वर्ष का बच्चा समझना होगा। आत्मविश्वास बढ़ाना होगा और अपने आप को समझना होगा कि दुनिया का सबसे बड़ा हीरो मैं ही



हूं मुझे कोई रोग नहीं है।

इसके पूर्व राजीव रंजन मिश्रा ने अपना घर आश्रय को अपने सामाजिक दायित्व की तरह 25 बेडशीट डोनेट किया। वीणाश्री ने कहा सभी मरीजों के सुख-दुख में मैं हमेशा साथ खड़ी हूं हर संभव मदद भी करूंगी। कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्यरूप सीमा रानी,विनीता कुमारी,पिंकी गुप्ता,परवेज आलम,हैदर अली,गुलजार खान,सनी खान आदि ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।अतिथि स्वागत विनीता कुमारी एवं धन्यवाद ज्ञापन पिया बर्मन ने किया।

## लाभ के पद पर रहते चुनाव लड़ने वाले मंत्री योगेंद्र प्रसाद को नोटिस

# पूर्व विधायक डॉ लंबोदर महतो की याचिका को अंगीकृत करते हुए हाईकोर्ट ने मांगा जवाब

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड उच्च न्यायालय ने पूर्व विधायक डॉ लंबोदर महतो की याचिका को अंगीकृत करते हुए राज्य के पेयजल एवं स्वच्छता और उत्पाद व मध निषेध मंत्री योगेन्द्र प्रसाद को नोटिस जारी किया है। उच्च न्यायालय ने उनसे 6 सप्ताह के भीतर जवाब मांगा है। याचिका में कहा गया है कि झारखंड राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग का अध्यक्ष रहते हुए योगेन्द्र प्रसाद ने नामांकन दाखिल किया जो लाभ का पद है और इस बात को उन्होंने निर्वाची पदाधिकारी के सामने छुपा लिया। नामांकन दाखिल करने व स्कूटनी होने तक उनका त्यागपत्र स्वीकृत नहीं हुआ था। स्कूटनी के समय इस बात को लेकर निर्वाची पदाधिकारी




के समक्ष आपत्ति भी दर्ज कराए गए मगर इस आपत्ति पर निर्वाची पदाधिकारी के द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई। इस मामले को पूर्वाह्न 11 बजे अपराह्न तीन बजे तक दबाए रखा। एक तरह से इसे मैनेज कर लिया गया। उनके नामांकन को गलत तरीके से मंजूरी दे दी गई। निर्वाची पदाधिकारी, सहायक निर्वाची पदाधिकारी और पर्यवेक्षक उस स्थल से गायब हो गए और सीसीटीवी कैमरा भी बंद कर दिया गया। यह उच्च अधिकारी और सरकार के दबाव में नामांकन को गलत तरीके से स्वीकृत कर लिया गया है। स्कूटनी अवधि समाप्त होने के बाद त्यागपत्र की स्वीकृति मोबाइल द्वारा निर्वाची पदाधिकारी को दिखाया गया है, जो नियम संगत नहीं है। अधिवक्ता पंकज श्रीवास्तव ने बताया कि इस याचिका को अंगीकृत करते हुए झारखंड उच्च न्यायालय ने निर्वाची पदाधिकारी और मंत्री को नोटिस जारी किया है। साथ ही इस मामले में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, जिला निर्वाचन पदाधिकारी बोकारो और सहायक निर्वाचन पदाधिकारी तेनुघाट को भी पार्टी बनाया है।

# लहराते देखें हैं हमने श्याम निशान हजारों हारे का साथी यही है प्रेम से इनको पुकारो...

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** श्री श्याम मण्डल रांची का 60 सदस्यों का दल शनिवार को राजस्थान स्थित खाटू धाम में अत्यन्त श्रद्धा सहित श्याम निशान (ध्वजा) श्री श्याम प्रभु को अर्पित किए। खाटू धाम से 20 किलोमीटर पहले रिंगस धाम में स्थित गो शाला में सभी निशानों (ध्वजा) की श्रद्धा पूर्वक पूजन एवं आरती के पश्चात सभी श्याम भक्त श्री श्याम प्रभु के जयकारों के बीच पावन निशानों को कंधे पर उठाकर खाटू धाम के लिए चल पड़े। 20 किलोमीटर तक श्याम प्रभु की मस्ती में झूमते-नाचते, रंग गुलाल तथा श्याम प्रभु के भजनों का आनन्द लेते हुए भक्तों का दल करणी माता के यहां विश्राम कर खाटू स्थित श्री श्याम प्रभु के मुख्य मंदिर पहुंचा। श्री श्याम दरबार पहुंच कर अत्यन्त श्रद्धा एवं भक्तिमय वातावरण में श्री



श्याम प्रभु के जयकारों के बीच श्री श्याम प्रभु व बजरंगबली को निशान (ध्वजा) अर्पित कर सभी ने श्याम प्रभु के मनोहरी स्वरूप के दिव्य दर्शन कर मनोवांछित फल प्राप्ति की कामना की। खाटू धाम में निज निवास पर अखण्ड ज्योत प्रज्वलित कर संकीर्तन के पश्चात धाम में विश्राम कर 3 मार्च को श्री सालासर धाम के लिए प्रस्थान करेंगे। इस श्री श्याम निशान पद यात्रा को सफल बनाने में विवेक ढांढनीयां, कौशल अग्रवाल , प्रदीप अग्रवाल,अजय साबू, रतन मोर, अंकित मोदी का सहयोग रहा।

### जेपीएससी मेधा घोटाले में सात की याचिका पर सुनवाई कल

**रांची।** जेपीएससी प्रथम सिविल सेवा भर्ती घोटाले के चार्जशीटेड रांची के एसी राम नारायण सिंह, एडीएम विधि-व्यवस्था राजेश्वर नाथ आलोक समेत सात आरोपियों की अग्रिम जमानत याचिका पर सीबीआई कोर्ट में तीन मार्च को सुनवाई होगी। आरोपियों ने अग्रिम जमानत की गुहार लगाते हुए पिछले दिनों याचिका दाखिल की है। मामले में उक्त दो के साथ पूनम कच्छप, विजय बहादुर सिंह, अनिल कुमार यादव, डॉ. समरिता कुमारी एवं विजय प्रसाद सिंह ने याचिका दाखिल की है। मामले में अब तक अदालत ने 11 आरोपियों को अग्रिम राहत देने से इनकार किया है। बता दें कि सीबीआई कोर्ट ने 16 जनवरी को 47भ्रष्ट अफसरों समेत 74 लोगों के खिलाफ संज्ञान लेते हुए समन जारी किया है।

# सशक्त समाज के लिए दिव्यांगता के प्रति जागरुकता जरूरी



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** सृजन हैल्प संस्थान इरगू रोड़ कुम्हार टोली रांची (पहाड़ी मंदिर के पीछे) परिसर में आयोजित दिव्यांगों की सभा में रांची शहर और आसपास से आये सैंकड़ों दिव्यांगों की एक सभा का आयोजन सेवा विभाग विश्व हिन्दू परिषद झारखंड की ओर से किया गया. इस सभा में बहुत से अन्तराष्ट्रीय दिव्यांग खिलाड़ियों ने भाग लिया। सभा को संबोधित करते हुए अन्तराष्ट्रीय दिव्यांग खेलों के व पारा ऑलम्पिक के मुकेश कंचन ने दिव्यांगता के प्रति संवेदनशीलता को बल दिया। वहीं दिव्यांगता के लिए एडवोकेसी करने वाले राही ने दिव्यांगों को समाज में सम्मानजनक स्थान देने, उनके भरण-पोषण के लिए चुनी हुई सरकारों से सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने की बात कही। वहीं विश्व हिन्दू परिषद झारखंड के प्रांतीय उपाध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद सिंह मुंडा ने कहा कि बंद मुट्ठी में बल होता है. समाज के अंतिम पायदान पर अवस्थित दिव्यांग जनों की सुध लेना उनके प्रति समाज की संवेदनशीलता सुन्दर और स्वस्थ समाज के निर्माण में मील का पत्थर साबित होगा। सृजन हैल्प संस्थान की निदेशिका गुंजन गुप्ता ने बताया कि उनकी अपनी बेटी जूही कुमारी, जो डाउन सिन्ड्रोम की बच्ची है, को पालने में आ रहा कठिनाई को देखते हुए विशेष दिव्यांग बच्चों के लिए अशोक कुमार अग्रवाल के संरक्षण में यह शिक्षण प्रशिक्षण केन्द्र शुरू किया है. हिन्दू समाज को इन बच्चों की सुरक्षा करनी चाहिए और समाज की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए अपनत्व स्नेह और प्यार देना चाहिए। प्रांत सह सेवा प्रमुख विहिप झारखंड के अशोक कुमार अग्रवाल ने खूंटी जिला निवासी प्रसिद्ध व्यवसायी स्व. रामा बाबू सरावगी के दिव्यांग पौत्र केशव सरावगी के अल्पायु में गौलोक वासी होने पर दो मिनट का मौन रख सभी बन्धुओं द्वारा श्रद्धांजलि अर्पित की। साथ ही परिजनों से आह्वान किया कि सभी दिव्यांगों में स्व केशव की छवि देखें. सुशील बजाज ने सभी दिव्यांगों के बीच प्रसाद और दो व्हीलचेयर्स व अन्य सहायक उपकरणों का वितरण किया. दिव्यांग ओम प्रकाश धनबाद, कोरिल कुमार लातेहार, संजय कुमार पासवान लातेहार, बीना कुमारी ह्लसक्षमह्न बरियातू, जाहिद अंसारी पिठूरिया और जोगेश्वर कुमार कांके ने भी दिव्यांगों के प्रति समाज को सहनशील और स्नेही बनने पर बल दिया। विहिप सेवा विभाग के प्रांतीय प्रवक्ता संजय सर्राफ ने बताया कि दिव्यांगों के लिए सहायक उपस्कर, उनके शिक्षण प्रशिक्षण के लिए बहुत सी संस्थाओं का सहयोग किया जा रहा है।

# डॉ अनमोल को उप निदेशक के पद से हटाने की मांग

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची विश्वविद्याल के पूर्व सीनेट सह सिंडीकेट सदस्य डॉ अटल पांडेय ने राज्यपाल कार्यालय को पत्र लिखकर डॉ अनमोल कुमार लाल को उच्च शिक्षा विभाग में उप निदेशक के पद से अविलंब हटाने की मांग की है। उनका कहना है कि डॉ अनमोल अपनी सेवा अवधि तीन वर्ष पूर्ण कर चुके हैं, लेकिन राज्य के उच्च शिक्षा विभाग के द्वारा उन्हें 3 महीने का अवधि विस्तार दिया गया है, जो नियम के विरुद्ध है। कहा कि उच्च शिक्षा विभाग के निर्णय में स्पष्ट है कि वैसे उपनिदेशक जिनकी प्रतिनियुक्ति अवधि 3 वर्ष पूरी हो जाती है, वह



तीन और वर्षों की सेवा अवधि पूरी होने की तिथि से स्वतः विरमित समझे जाएंगे। साथ ही मूल महाविद्यालय/विश्वविद्यालय में अपना योगदान समर्पित करते हुए निदेशालय को सूचित करेंगे। भविष्य में यह आदेश स्वतः लागू समझा जाएगा।

# हेमंत सरकार में जवाबदेही और संवेदना का अभाव : सुदेश महतो

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** हरमू स्थित केंद्रीय कार्यालय में आजसू पार्टी ने दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल के जिला प्रभारियों की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व उपमुख्यमंत्री सुदेश महतो ने कहा है कि हेमंत सरकार में जनता के प्रति जवाबदेही और संवेदना का अभाव स्पष्ट दिख रहा है। विधानसभा में विधायकों द्वारा उठाए जा रहे विषयों के प्रति सरकार के मंत्रियों का रवैया टालमटोल का है। उन्होंने कहा कि आजसू पार्टी सरकार के बजट की प्रतीक्षा कर रही है।

सुदेश महतो ने कहा कि आजसू पार्टी झारखंड की अस्मिता,



पहचान और विकास के लिए प्रतिबद्ध है। संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने के लिए हमें हर जिले, प्रखंड और गाँव तक कार्यकताओं की भागीदारी सुनिश्चित करनी होगी। महिलाओं और युवाओं की सक्रिय भागीदारी से संगठन को और अधिक मजबूती मिलेगी। श्री महतो ने ग्राम स्तर तक संगठन को सशक्त बनाने की रणनीति पर चर्चा की, जिसके तहत प्रत्येक गांव में ग्राम कमेटी का गठन करने पर निर्णय लिया गया। बैठक में महिलाओं की भागीदारी को बढ़ाने और संगठन में उनकी सक्रिय भूमिका सुनिश्चित करने के लिए महिला प्रभारियों की भी नियुक्ति की गई। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि संगठन में महिलाओं को नेतृत्व की भूमिकाओं में अधिक अवसर दिए जाएंगे, ताकि वे पार्टी की विचारधारा को घर-घर तक पहुँचा सकें और स्थानीय स्तर पर संगठन को मजबूती प्रदान कर सकें।

इसके अलावा, सोशल मीडिया के माध्यम से पार्टी की उपस्थिति को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए विशेष रणनीति पर भी चर्चा की गई। डिजिटल प्रचार और जागरूकता अभियानों को बढ़ावा देने के लिए सोशल मीडिया टीम का गठन किया जाएगा, जो पार्टी की विचारधारा और नीतियों को व्यापक स्तर पर पहुंचाने का कार्य करेगी। मौके पर केंद्रीय मुख्य प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत, प्रवीण प्रभाकर, राजेंद्र मेहता, जिप अध्यक्ष निर्मला भगत, पार्वती देवी, दीपक महतो, आशुतोष तिवारी आदि उपस्थित थे।

## संतोषी मां फेम उषा मंगेशकर को भा गई झारखंडी साड़ी, कहा

# मौका मिला तो लता स्टूडियो में गाऊंगी झारखंडी गाना

**काजल मेहता**

**रांची।** झारखंड अंतरराष्ट्रीय फिल्म फेस्टिवल के दो दिवसीय कार्यक्रम में भाग लेने प्रसिद्ध बॉलीवुड सिंगर और जय संतोषी मां फिल्म की अत्यंत लोकप्रिय गीत...मैं तो आरती उतारूं रे संतोषी माता... की गायिका उषा मंगेशकर रांची पहुंची। इस दौरान उन्हें झारखंड की नागपुरी गीत और लाल पाड साड़ी बहुत पसंद आई। रांची पहुंचने पर उषा मंगेशकर ने कहा कि झारखंड आकर बहुत खुशी हुई। लता मंगेशकर भी झारखंड आने वाली थी लेकिन उन्हें वक्त नहीं मिला, जिस कारण वह नहीं आ पाईं। संवाददाता से बात करते हुए उषा मंगेशकर ने कहा कि झारखंड देखने की ख्वाहिश पहले से थी अब वो ख्वाहिश पूरी हुई। उन्होंने कहा कि झारखंड की सुप्रसिद्ध लाल पाड़ साड़ी मुझे पसंद आई और इसे लेकर भी जाऊंगी। झारखंड के गानों को सुन कर उन्होंने कहा कि यहां के गाने नेपाल और असम के गानों का मिक्सर है। उन्होंने कहा कि मराठी, गुजराती, असामी व अन्य कई भाषाओं में मैं गाना गाई हूं। लेकिन सिर्फ झारखंडी भाषा में गाना नहीं गई हूं। झारखंडी भाषा में गाना गाने पर उन्होंने कहा कि यहां कि भाषा की बोल और ट्यून समझ में आने के बाद लता स्टूडियो में झारखंडी गाना गाऊंगी।

झारखंड के फिल्म सिटी पर उन्होंने कहा कि झारखंड में फिल्म सिटी का निर्माण होने से यहां की खूबसूरती, गाना, नृत्य सबके सामने आएगी। वहीं यहां की कला भी बाहर जाएगी। इन्ही दिलचस्प बातों के साथ उन्होंने अपने गीत मुंगड़ा के बारे में बताते हुए कहा कि मुंगड़ा मराठी शब्द है। मुंगड़ा का हिंदी मतलब बड़ी वाली चींटी है। उन्होंने कहा कि तू मुंगडा, मुंगडा, मुंगडा मैं गुड़ की ढ़ेली गाने का अर्थ है तू चींटी और मैं गुड हूं।



● मंगेशकर परिवार की दूसरी सदस्या आई झारखंड

आज के दौर में आधुनिकता के नाम पर भारतीय संगीत में जो चल रहा है इस पर उन्होंने कहा कि जो अभी चल रहा है वह एक सर्कल है। लेकिन आधुनिकता ने भारतीय गानों को पीछे छोड़ दिया है। उन्होंने कहा कि पहले के गानों में मेहनत थी। आधुनिकता का असर संगीतों पर इतना हावी हो रहा है कि गायक के आवाज को भी बदला जा रहा है। रिमिक्स गानों पर उन्होंने कहा कि आज- कल के संगीत के बारे मैं कुछ नहीं बोल सकती। उन्होंने कहा कि आज के समय में मेरी नजर में दीदी (लता मंगेशकर) जैसा गाने वाली कोई नहीं है। आधुनिक पीढ़ी गाने को तोड़ तोड़ कर गाती है। उन्होंने कहा कि गाने में जान होनी चाहिए। जिसे सुनने के बाद व्यक्ति की आंखों में आंसू आने चाहिए या गाना सुनते ही झूम उठना चाहिए या फिर गाने को सुन कर सुकून मिलना चाहिए। लेकिन इस पीढ़ी के गानों को सुन कर सिर्फ डांस ही किया जा सकता है। उषा मंगेशकर ने लता दीदी, आशा ताई और अन्य सुप्रसिद्ध गायकों के साथ गाए गानों की दिलचस्प बातें साझा करते हुए कहा कि दीदी के साथ डुएट गानों में अक्सर मैं जिन गानों में भाव नहीं दे पाती थी। मेरे उन गानों में दीदी व ताई संभाल लेते थे।

### श्रेया घोषाल कर रही अच्छा प्रदर्शन : उषा मंगेशकर

नए गायकों के बारे में उन्होंने कहा जो नए गायक हैं उनमें से कुछ रियाज करके आते हैं। उन्होंने कहा अर्जित सिंह का नाम बहुत है। साथ ही श्रेया घोषाल भी रियाज करती है लेकिन उन्हें वैसा गाना मिलना चाहिए। अलग-अलग तरह के गानों को गाने से गला तैयार होता है। जिससे वो अपनी कला को दिखा सकते हैं, लेकिन श्रेया को वैसा डायरेक्टर ही नहीं मिला। मदन मोहन का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि वह गजल किस्म के अच्छे गाने सुनते थे। वहीं, आरडी बर्मन मॉडल गाने लिखते थे। जिस पर आशा ताई के गाने अच्छे होते थे। साथ ही उन्होंने श्रेया घोषाल के द्वारा भूल-भुलैया में गाया गया गाना मेरे ढोलना की तारीफ की। उन्होंने कहा कि इस गाने को श्रेया ने खूबसूरती से गाई थी। वहीं नए उभरते गायकों को अवसर मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि जय संतोषी मां के गानों ने उस वक्त में सारे रिकॉर्डस को तोड़ दिया था। उषा मंगेशकर ने कहा कि एचएमवी के अनुसार सारे गानों का रिकॉर्ड टूट गया था उस वक्त।

## श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर मंदिर में 868 वां खिचड़ी भंडारा का हुआ आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

शनिवार को श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर (तिरुपति बालाजी) मंदिर में छह रसों से संयुक्त सात प्रकार का स्वादिष्ट अन्न एवं सात प्रकार की सब्जियों से बने खिचड़ी महाप्रसाद पद्मावती वल्लभ भगवान श्रीश्रीनिवास को नैवेद्य के रूप में समर्पित करके भक्तों में बांटा गया। शास्त्रों में बताया गया है कि भगवान विष्णु वेंकटेश्वर का भजन करना चाहिए। भगवान के भजन से सब विघ्ननष्ट हो जाते हैं और उन्हीं के चढ़ाए हुए नैवेद्य प्रसाद को ग्रहण करना चाहिए। भगवान के चढ़ाये प्रसाद ग्रहण करने से उदर और मन की शुद्धि होती है और भगवान जनार्दन श्रीवेंकटेश्वर के पूजित होने पर मनुष्य परम मोक्ष को प्राप्त कर लेता है तथा भगवान को खिचड़ी महाप्रसाद का जो भक्त भोग लगवाता है, उन मनुष्यों के धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष नामक सनातन पुरुषार्थ अवश्य सिद्ध होते हैं। इसमें संशय नहीं है।



खिचड़ी महाप्रसाद शशि भूषण, वीणा सिंह रांची निवासी और कल्पना अग्रवाल रांची निवासी की ओर से भोग लगकर बांटा गया।

मौके पर मुख्य रूप से राम अवतार नरसरिया, अनूप अग्रवाल, ओमप्रकाश गारोदिया, प्रदीप नरसरिया रंजन सिंह, प्रभात मित्तल आदि उपस्थित थे।

# झारखंडी नृत्य संगीत के साथ छठे जिफा का शुभारंभ





**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

● बॉलीवुड के सितारों का आगमन शुरू
● उषा मंगेशकर पहुंची रांची कहा- खुबसूरत है झारखंड

छठे झारखंड अंतरराष्ट्रीय फिल्म फेस्टिवल के पहले दिन शनिवार को 400 से भी अधिक फिल्म की विभिन्न विधाओं से जुड़े कलाकारों को जिफा सम्मान से सम्मानित किया गया। मौके पर पद्मश्री मुकुंद नायक और पद्मश्री मधु मंसूरी हंसमुख उपस्थित थे। जिफा के उपाध्यक्ष सह प्रवक्ता सुनील बादल ने बताया कि कई झारखंडी कलाकारों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। पोलैंड की फिल्मकार नतालिया जानोसजेक और दक्षिण भारतीय अभिनेत्री शिवानी शर्मा ने भी अपनी प्रस्तुति दी। सुबह 10 बजे झारक्राफ्ट मेले में बच्चों की दो फिल्में 'मैं हूं कलाम' और 'मैरीकॉम' का प्रदर्शन किया गया। शाम छह बजे से केराली स्कूल में मलयाली एसोसिएशन के तत्वावधान में 300 से अधिक लोगों की उपस्थिति में मलयालम की दो फिल्में 'इथूआरे' निर्देशक अनिल थॉमस और 'नाजुश' निर्देशक श्रीजिथ पोलीवारे और अभिनेता मनोज गोविंदम का प्रदर्शन किया गया। मौसम की गड़बड़ी और तेज धूप के कारण अंतिम समय में कार्यक्रम को पार्क प्राइम होटल के हॉल में किया गया।

सुनील बादल ने कहा कि बॉलीवुड की प्रसिद्ध गायिका ऊषा मंगेशकर शनिवार शाम रांची पहुंची । झारखंड को सुंदर प्रदेश और रांची को अच्छा शहर बताया। मृणालिनी अखौरी के गाए नागपुरी गीत सुनकर कहा अवसर मिला तो लता स्टूडियो में नागपुरी गीत गाऊंगी। झारखंडी लाल पाड़ की साड़ी उन्हें बहुत पसंद आई। एयरपोर्ट से पुलिस एस्कॉर्ट के साथ उन्हें शहर लाया गया जिसके पहले झारखंडी नृत्य संगीत से उनका स्वागत किया गया। रविवार शाम को जिफा अवॉर्ड देने के लिए कई फिल्मी सितारे रांची आ रहे हैं।

**आज / कल**




## रांची से गोरखपुर के लिए होली स्पेशल ट्रेन चलेगी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

यात्रियों को होली के लिए रेलवे ने स्पेशल ट्रेन चलाने की घोषणा की है। दक्षिण पूर्व रेलवे के रांची मंडल की ओर से यह जानकारी दी गई है कि यात्रियों की सुविधा एवं होली के त्योहार पर यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को कम करने के लिए 02883/02884 रांची-गोरखपुर-रांची होली स्पेशल ट्रेन चलायी जाएगी। 02883 रांची-गोरखपुर होली स्पेशल ट्रेन 12 मार्च 2025 (बुधवार) को रांची से प्रस्थान करेगी। यह ट्रेन सिर्फ एक दिन चलेगी। वहीं 02884 गोरखपुर-रांची होली स्पेशल ट्रेन 14 मार्च 2025 (शुक्रवार) को गोरखपुर से प्रस्थान करेगी। यह ट्रेन सिर्फ एक दिन चलेगी। इन ट्रेनों में 1 जेनरेटर यान का कोच, एसएलआरडी का 1 कोच, सामान्य श्रेणी के 4 कोच, द्वितीय श्रेणी स्लीपर के 6 कोच, वातानुकूलित 3-टियर के 7 कोच, वातानुकूलित 2-टियर के 2 कोच और वातानुकूलित प्रथम श्रेणी तथा वातानुकूलित 2-टियर संयुक्त का 1 कोच समेत कुल 22 कोच इस ट्रेन में होंगे।

## कीटनाशक दवा विक्रेताओं के लिए उन्मुखी प्रशिक्षण

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

जिला कृषि पदाधिकारी रांची के सभाकक्ष में पंजीकृत कीटनाशक दवा विक्रेताओं के लिए दो दिवसीय उन्मुखी प्रशिक्षण कार्यक्रम-रबी का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत जिला कृषि पदाधिकारी राम शंकर प्रसाद सिंह, सीआईपीएमसी रांची कार्यालय प्रभारी अशोक कुमार एच पी एवं कनीय पौध संरक्षण अधिकारी अविनाश कुजुर ने दीप प्रज्वलन कर किया। कार्यक्रम के पहले दिन जिला कृषि पदाधिकारी ने सीआईपीएमसी द्वारा आयोजित दो दिवसीय प्रशिक्षण के महत्व की जानकारी विक्रेताओं को दी। अशोक कुमार एचपी ने विक्रेताओं को कीटनाशक अधिनियम, कीटनाशक नमूना लेने की प्रक्रिया तथा पंजीकृत कीटनाशक डीलर या खुदरा विक्रेता की जिम्मेदारी के विषय पर जानकारी प्रदान की। सहायक वनस्पति संरक्षण अधिकारी सुनीता रंजनी लकड़ा ने आईपीएम/डीपीपीक्यू एंड एस/सीआईपीएमसी के बारे में परिचय और भारत में आईपीएम का परिदृश्य पर तथा सहायक वनस्पति संरक्षण अधिकारी गीत एस.ने रासायनिक कीटनाशकों के सुरक्षित और विवेकपूर्ण उपयोग का महत्व पर विक्रेताओं को जानकारी दी।

## किसानों को सस्ता व आसान ऋण उपलब्ध कराने के लिए नई पहल



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

● ब्याज सहायता योजना के तहत ऋण सीमा बढ़ाकर 3 लाख से 5 लाख की गई

केंद्रीय बजट 2025-26 में भारत के अन्नदाता पर विशेष ध्यान केंद्रित किया गया है, जिससे सरकार की कृषि विकास और उत्पादकता को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता स्पष्ट होती है। कृषि को दस प्रमुख विकासात्मक क्षेत्रों में शामिल किया गया है, जो भारत की आर्थिक प्रगति को गति देने वाला एक महत्वपूर्ण इंजन है। केंद्रीय बजट 2025-26 घोषणाओं के कार्यान्वयन पर चर्चा करने के लिए 01 मार्च, 2025 को कृषि और ग्रामीण समृद्धि पर बजट के बाद वेबिनार आयोजित किया गया। उद्घाटन भाषण प्रधान मंत्री द्वारा दिया गया और कृषि और किसान कल्याण विभाग के विभिन्न विभागों के सचिवों की अध्यक्षता में किया गया। प्रतिभागियों में कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के विभिन्न प्रतिनिधियों के साथ-साथ आरबीआई, नाबार्ड, अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक, क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक, राज्य सहकारी और जिला केंद्रीय सहकारी बैंक, राज्य स्तरीय बैंकर्स समितियां, कृषि विकास केंद्र और देश के कोने-कोने से आए किसान शामिल थे। जैसा कि आर्थिक सर्वेक्षण 2024 में भी बताया गया है, 31 मार्च 2024 तक 7.75 करोड़ किसान क्रेडिट कार्ड खाते हैं। अल्पकालिक ऋण जरूरतों को पूरा करके केसीसी योजना ने कृषि उत्पादकता बढ़ाने और किसानों की आय बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। केसीसी-संशोधित ब्याज अनुदान योजना किसानों को 4 प्रतिशत की प्रभावी रियायती ब्याज दर पर ऋण दे रही है।

किफायती ऋण तक आसान पहुंच सुनिश्चित करने के लिए, भारतीय रिजर्व बैंक ने जमानत-मुक्त ङउउ ऋण को 1.6 लाख से बढ़ाकर 2 लाख कर दिया है। एक बड़े कदम के रूप में, केंद्रीय बजट 2025-26 ने संशोधित ब्याज सहायता योजना के तहत ऋण सीमा को 3 लाख से बढ़ाकर 5 लाख कर दिया है।इस कदम से छोटे और सीमांत किसानों पर वित्तीय तनाव कम होने के साथ-साथ कृषि में अधिक निवेश को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। इससे फसल उत्पादन, बागवानी, पशुपालन और मत्स्य पालन के लिए किसानों की बढ़ी हुई कार्यशील पूंजी आवश्यकताओं को पूरा करने में काफी मदद मिलेगी।सरकार ने पिछले दशकों में टकरर के माध्यम से किसानों को 1.44 लाख करोड़ रुपये प्रदान किए हैं। इन पहलों के माध्यम से, सरकार का लक्ष्य 2023-24 में कृषि अल्पकालिक ऋण को 9.81 लाख करोड़ रुपये से बढ़ाकर 2029-30 तक 20 लाख करोड़ रुपये तक पहुंचाना है। इन उपायों के जरिए सरकार न केवल ग्रामीण क्षेत्रों में ऋण की सुलभता बढ़ा रही है, बल्कि किसानों को वित्तीय स्वतंत्रता भी दे रही है। जैसे-जैसे यह पहल पूरे देश में लागू होगी, इसमें भारत में कृषि ऋण को फिर से परिभाषित करने की क्षमता है, जिससे यह सुनिश्चित होगा कि समय पर और किफायती ऋण उन लोगों तक पहुंचे जिन्हें इसकी सबसे ज्यादा जरूरत है।



## एक नजर

### महिला ने पुत्र के साथ कुएं में कूदकर दे दी जान

**खूंटी।** कर्रा थाना क्षेत्र के सावड़ा ग्राम निवासी बिजला बारला की पत्नी झालो बारला (38 )ने शुक्रवार रात अपने घर से कुछ दूर एक कुआं में अपने तीन वर्षीय पुत्र के साथ छलांग लगा दी। जहां डूबने से दोनों की मौत हो गई। शनिवार को घटना की सूचना कर्रा थाना की पुलिस को मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक पड़ताल के बाद शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। मिली जानकारी के अनुसार झालो बारला की मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी। हाल के दिनों में वह नशापान भी करने लगी थी। बताया गया कि शुक्रवार रात वह अपने तीन बच्चों को लेकर घर से थोड़ी दूर स्थित उक्त कुएं के पास गई थी। उसकी मंशा तीनों बच्चों के साथ कुएं में कूदने की थी।

### मधुमक्खी पालन कर आय वृद्धि करें किसान: उपायुक्त

**खूंटी।** जिला उद्यान कार्यालय के तत्वावधान में राज्य उद्यान विकास योजना के अंतर्गत आयोजित पांच दिवसीय मधुमक्खी पालन प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन शनिवार को हो गया। उपायुक्त लोकेश मिश्रा और जिला परिषद अध्यक्ष मसीह गुड़िया ने 20 लाभुकों को मधुमक्खी पालन के लिए बॉक्स, कॉलोनी और अन्य आवश्यक सामग्री का वितरण किया। समापन समारोह में उपायुक्त लोकेश मिश्रा ने किसानों से सीधा संवाद करते हुए कृषि उत्पादों को फार्म से बाजार तक पहुंचाने में आ रही चुनौतियों पर चर्चा की। उन्होंने किसानों को मधुमक्खी पालन को व्यावसायिक रूप देने और इसे एक सशक्त उद्यम के रूप में अपनाने के लिए प्रेरित किया। 24 फरवरी 2025 से प्रारंभ इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में किसानों को आधुनिक मधुमक्खी पालन की तकनीक, शहद उत्पादन की उन्नत विधि और बाजार तक पहुंचने की रणनीतियों पर प्रशिक्षण दिया गया।

### झारखंड उच्च न्यायालय के जज ने बाबा आम्रेश्वर धाम में की पूजा-अर्चना

**खूंटी।** झारखंड उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति संजय कुमार दिवेदी ने अपनी धर्म पत्नी के साथ शुक्रवार को बाबा आम्रेश्वर में पूजा-अर्चना की। अंगराबारी पहुंचने पर बाबा आम्रेश्वर धाम प्रबंध समिति के महामंत्री मनोज कुमार ने अंग वस्त्र देकर उनका स्वागत किया। बाबा मंदिर के पुजारी पंडित हरिहर कर ने विधि-विधान से पूजा अनष्ठान संपन्न कराये। बाद में न्यायाधीश ने बाबा आम्रेश्वर धाम स्थित सभी मंदिरों में घूम घूम कर पूजा की। प्रबंध समिति के महामंत्री ने जज को बाबा आम्रेश्वर धाम का प्रतीक चिह्न भेंट की।। मौके पर खूंटी के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश रसिकेश कुमार, खूंटी के उपायुक्त लोकेश मिश्रा, कार्यपालक दंडाधिकारी विपिन चन्द्र विश्वास, मुरहू के अंचलाधिकारी शंकर विद्यार्थी आदि उपस्थित थे।





दशभुजी मां देवी दुर्गा मंदिर का 11 दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा का हुआ शुभारंभ

# 5100 महिलाओं ने निकाली कलश यात्रा

**नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो**
बेड़ो में शनिवार को दशभुजी मां देवी दुर्गा मंदिर के 11 दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा समारोह का भव्य कलशयात्रा के साथ शुभारंभ किया गया।बेड़ो में पहली बार 5100 कलश उठाकर श्रद्धालु महिलाओं ने बारीडीह नदी से पवित्र जल उठाया। शतचंडी महायज्ञ सह संगीतमय श्री मद देवी भागवत कथा का भी भव्य शुभारंभ किया गया। महादानी दुर्गा मंदिर समिति के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम के दौरान वृंदावन की प्रमुख कथा वाचक रश्मि किशोरी जी ने श्री मद देवी भागवत कथा का शुभारंभ किया। इस मौके पर यज्ञ के मुख्य आचार्य काशी वाराणसी के बृजेंद्र कुमार मिश्रा और उनके सहयोगी आचार्य नरोत्तम पांडे, काशी के आचार्य मृत्युंजय मिश्रा, आंचल पाठक, अयोध्या के आचार्य ध्रुव मिश्रा, अमित भरद्वाज शास्त्री, गया के आचार्य भारतेंदु द्विवेदी, आचार्य जितेन्द्र पाठक, सोनू पांडेय,अशोक पंडा सहित अन्य पुजारियों के संयुक्त नेतृत्व में कलश यात्रा के बाद पंचाग पूजन तथा मंडप प्रवेश का आयोजन किया गया। मुख्य यजमान के रूप में गायत्री देवी-मोहन सोनी, लखी रॉय-साधन कुमार रॉय, भारती देवी-मोतीलाल गुप्ता, सुलेखा देवी-योगेन्द्र महतो, सारिका देवी-परना महतो, मनीता देवी-संजीत कुमार साहु, मीना देवी-उमेश मेहता, अनिता देवी-राजेन्द्र साहु ने कलश यात्रा की अगुवाई की और धार्मिक अनुष्ठानों में हिस्सा लिया। लगभग दस किलोमीटर लंबी दूरी पैदल तय कर कलशयात्रा निकालकर पवित्र जल उठाकर यज्ञशाला तक लाया गया। कलश यात्रा के बाद विशाल भंडारा का आयोजन किया गया। वहीं बाद में वेद मंत्रोंच्चार के बीच पंचांग पूजन तथा यज्ञ मंडप प्रवेश धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर अतिथि के रूप में मुख्य रूप से भाजपा नेता सन्नी टोप्पो, पूर्व विधायक गंगोत्री कुजूर, शिवसेना के राज्य प्रमुख दीपक सिंह, भाजपा नेत्री अंजली कच्छप, अमरेंद्र कुमार, डॉ रविंद्र भगत सहित कई विशिष्ट लोगों ने कलश यात्रा और धार्मिक अनुष्ठानों में हिस्सा लिया। विधि व्यवस्था की कमान अंचलाधिकारी प्रताप मिंज और थाना प्रभारी देव प्रताप प्रधान ने संभाल रखी थी। कार्यक्रम को सफल बनाने में महादानी दुर्गा मंदिर समिति के अध्यक्ष सौमित्र शर्मा, कोषाध्यक्ष मुकेश कुमार राय, रमेश प्रसाद गुप्ता, वाणी कुमार राय, भीखा उरांव, सुनील भगत, बीनु महतो, ईश्वर महतो, सुदामा वर्मा,सुरेश सोनी, अंकित सोनी, राजेश्वर सिंह, धनंजय महतो, धनंजय कुमार राय, शिवेंद्र सौरभ, आकाश रक्षित, शशी गोप, सूर्य प्रकाश, मनोहर कुमार, विकास कुमार सिंह, महादानी मंदिर के मुख्य पुजारी अशोक पंडा, महादानी सत्संग समिति के अध्यक्ष हरखनाथ महतो, उपाध्यक्ष राजू सिंह, सचिव मेघनाथ गिरी कोषाध्यक्ष जगदीश प्रसाद गुप्ता सहित समस्त बेडो. वासियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### अभियुक्त संजय उरांव के घर पर इश्तिहार चिपकाया गया



**खलारी।** खलारी थाना के पुअनि मुकेश कुमार द्वारा अभियुक्त संजय उरांव, पिता बोले उरांव, ग्राम झुलनडीहा, थाना पिपरवार, जिला चतरा के घर के मुख्य दरवाजे पर न्यायालय रांची द्वारा निर्गत इश्तिहार चिपकाया गया। संजय उरांव के विरूद्ध खलारी थाना कांड संख्या- 27/2024 दिनांक- 10.02.2024 धारा- 307/34 भा0द0वि0, 27 आर्म्स एक्ट एवं 17 सीएलए एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज है। इश्तिहार को स्थानीय ग्रामीणों के समक्ष ढोल बजाकर सार्वजनिक रूप से पढ़कर सुनाया गया तथा गांव के मुख्य चौराहे पर भी इश्तिहार की छाया प्रति को चिपकाया गया। साथ ही निर्देश दिया गया कि दिनांक 02.04.2025 तक अप्राथमिक अभियुक्त संजय उरांव न्यायालय में आत्म समर्पण करें।

### शिक्षकों को दी गई भावभीनी विदाई

**चान्हो।** देवेंद्र नाथ सिंह हाई स्कूल चोरेया के दो शिक्षकों, भुवनेश्वर सिंह और अभिश्वर महतो, को शनिवार को विदाई दी गई। विदाई समारोह के अवसर पर स्कूल प्रबंधन द्वारा एक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया था। आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सेवानिवृत होने वाले शिक्षक भुवनेश्वर सिंह ने कहा सेवानिवृत्ति जीवन का एक अहम हिस्सा होता है। इस विद्यालय को फर्श से अर्श तक पहुंचने में उन्होंने अपना पूरा जीवन लगा दिया। आज इस विद्यालय में मेरे पढ़ाई हुए बच्चे कई बेहतरीन जगह पर कार्य कर रहे हैं। मुझे उम्मीद है कि इस स्कूल में कार्यरत वर्तमान शिक्षक आगे भी विद्यार्थियों के सुनहरे भविष्य को गढ़ने का कार्य करते रहेंगे। मौके पर वरिष्ठ शिक्षक राकेश शर्मा, प्रधानाचार्य नवलेश सिंह सहित स्कूल के शिक्षक व शिक्षकेत्तर कर्मचारी मौजूद थे।

## संजय सेठ के प्रयास से फिर से शुरू होने जा रहा है डकरा केंद्रीय विद्यालय

**नवीन मेल संवाददाता। खलारी**
केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री सह स्थानीय सांसद संजय सेठ के अथक प्रयास से केंद्रीय विद्यालय डकरा में इस वर्ष नए सेशन में कक्षा 1 से 5 वीं तक की पढ़ाई शुरू होने जा रही है। भाजपा जिला ग्रामीण आईटी सेल सह संयोजक आनंद सिंह ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर उक्त बातें बताई हैं। मालूम हो कि वर्ष 2006 में डकरा स्थित केंद्रीय विद्यालय को बंद कर दिया गया था। आनंद सिंह ने बताया कि संजय सेठ ने 2019 में पहली बार लोकसभा में केंद्रीय विद्यालय का मुद्दा उठाया था। तत्कालीन केंद्रीय कोयला मंत्री प्रह्लाद जोशी, तत्कालीन केंद्रीय मानव संसाधन विकास मंत्री रमेश पोखरियाल निशंक का ध्यान इस मुद्दे की ओर पत्र के माध्यम से आकर्षित किया। त्वरित कार्यवाही करते हुए केंद्रीय एजेंसियों एवं संबंधित विभागों ने राज्य सरकार से अद्यतन रिपोर्ट जमा करने को कहा। लेकिन हेमंत सोरेन सरकार ने कोई रिपोर्ट नहीं जमा किया, जिसके वजह से आगे



की कार्यवाही में विलंब हुआ। पुनः भाजपा कार्यकताओं के प्रयास से संजय सेठ के मंत्री बनने के पश्चात इस मुद्दे को धार मिली तथा कोयला मंत्रालय ने इस विद्यालय के लिए फंड आवंटित किया। 19 वर्षों के बाद डकरा केंद्रीय विद्यालय के खुलने की खबर से क्षेत्र के लोगों में हर्ष व्याप्त है तथा लोग अपने सांसद के प्रति कृतज्ञता का भाव प्रकट कर रहे हैं। इस विद्यालय के खुलने से जहां विद्यालय के पूर्ववर्ती छात्रों में हर्ष व्याप्त है वहीं क्षेत्र के तमाम सीसीएल कर्मियों, अर्द्धसैनिक बल के कर्मियों ने भी अपनी खुशी का इजहार करते हुए कहा कि इससे क्षेत्र में गुणवत्ता पूर्ण सस्ती शिक्षा बच्चों को मुहैया हो पाएगी। इधर कक्षा पांच तक की पढ़ाई शुरू करने के लिए विद्यालय के पुराने भवन के ही कुछ कमरों को रंगरोगन कर तैयार किया जा रहा है। बाद में विद्यालय का नया भवन बनाया जाएगा। सांसद के प्रति आभार प्रकट करने वालों में आनंद सिंह, कार्तिक पांडेय, विकास दुबे, शैलेन्द्र शर्मा, भरत थापा, राजेश राय, विक्रांत सिंह, राजू गुप्ता, राजीव चटर्जी, निर्भय सिंह, रामप्रताप सिंह, संतोष मेहता, उदय सिंह, आलोक सिंह, ममता केसरी, सरिता सिंह, मोहम्मद फकरुद्दीन (ममलू), जबीर हुसैन, गोपाल प्रसाद आदि शामिल हैं।

## ड्राइवर व डीजल के अभाव में तीन साल से खड़ी है एंबुलेंस





### मेरे आवास के सामने क्यों खड़ा है एंबुलेंस, जानकारी नहीं : बीडीओ

एंबुलेंस के बारे में पूछने पर खलारी बीडीओ संतोष कुमार ने कहा कि तीन साल पूर्व बीडीओ आवास के सामने किसके द्वारा एंबुलेंस खड़ा किया गया इसकी उन्हें जानकारी नहीं है। स्वास्थ्य विभाग का एंबुलेंस है, इसे अस्पताल में होना चाहिए। आम लोगों के इस्तेमाल में कैसे आएगा यह स्वास्थ्य विभाग की जिम्मेवारी है।

### एंबुलेंस को इस्तेमाल में लाया जाएगा : डा तारिक

खलारी में बीडीओ आवास के सामने तीन साल से खड़े एंबुलेंस के बारे में पूछने पर बुढ़मू सीएचसी प्रभारी डा तारिक अनवर ने कहा कि यह एंबुलेंस उनके संज्ञान में नहीं है। वे खलारी पीएचसी के चिकित्सा पदाधिकारी डा इरशाद से इसके बारे में जानकारी लेंगे। इस एंबुलेंस को आम लोगों के लिए इस्तेमाल में लाने के लिए आवश्यक पहल किया जाएगा।

**नवीन मेल संवाददाता। खलारी**
स्वास्थ्य विभाग द्वारा खलारी की जनता के लिए भेजी गई एंबुलेंस ड्राइवर व डीजल के अभाव में विगत तीन साल से अधिक समय से खड़ी है। कोरोना काल के दौरान वर्ष 2021 में डीएमएफटी मद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बुढ़मू को दो एंबुलेंस मिली थी। सीएचसी बुढ़मू द्वारा एक एंबुलेंस खलारी की जनता के लिए भेज दिया गया। परंतु इस एंबुलेंस के लिए न तो ड्राइवर मिला न ही डीजल की व्यवस्था हो सकी। नतीजा यह हुआ कि इस एंबुलेंस के खड़ा रहने की नौबत आ गई। कोरोना के समय सीएचसी बुढ़मू से वैक्सीन लाने या अन्य आपात स्थिति के लिए तत्कालीन बीडीओ द्वारा ड्राइवर तथा डीजल की व्यवस्था की जाती थी। इसके अलावा अन्य वैक्सीनेशन के लिए सप्ताह में एक-दो दिन इस एंबुलेंस का इस्तेमाल स्थानीय स्तर पर किया जाता था। कोविड के समय रखा गया निजी ड्राइवर ही इस एंबुलेंस को चलाया जाता था। यह एंबुलेंस मरीजों को लाने पहुंचाने के काम आज तक नहीं आया। एंबुलेंस खलारी बीडीओ आवास के सामने खड़ा रहता है। खास बात यह है कि विगत ढाई वर्षों में इस एंबुलेंस में रजिस्ट्रेशन नंबर तक नहीं लग सका है। सरकार की ओर से इस एंबुलेंस के लिए स्थाई ड्राइवर तथा डीजल का प्रबंध नहीं किया गया तो नया एंबुलेंस खड़े खड़े ही कबाड़ हो जाएगा।

## न्यूज | बॉक्स

### विधानसभा में मामला उठते ही टूटी पथ निर्माण विभाग और संवेदक की निद्रा

**खूंटी।** झारखंड विधानसभा में खूंटी-तोरपा-कोलेबिरा रोड की गुणवत्ता और निर्माण कार्य में अनियमितता का मामला उठने के बाद आखिरकार संवेदक की निद्रा टूटी। शनिवार से टूटी सड़क की मरम्मत का काम ठेकेदार ने शुरू कर दिया । उल्लेखनीय है कि तोरपा के विधायक सुदीप गुड़िया ने शुक्रवार को शून्यकाल के दौरान सदन में खूंटी-तोरपा-कोलेबिरा रोड के निर्माण कार्य में अनियमितता का मामला उठाते हुए इसकी जांच कराकर दोषी संवेदक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की थी। विधानसभा में मामला उठते ही विभाग के अधिकारियों के साथ ही संवेदक की भी नींद खुल गई। संवेदक द्वारा जहां-जहां सड़क टूट गई है, वहां मरम्मत का काम शुरू कर दिया गया। लगभग 53 करोड़ की लागत से खूंटी-तोरपा-कोलेबिरा रोड का निर्माण कराया जा रहा है, लेकिन निर्माण कार्य में भारी अनियमितता बरते जाने के कारण निर्माण के दौरान ही सड़क टूटने लगी। कुछ दिन पहले ही विधायक सुदीप गुड़िया ने जनता की शिकायत मिलने पर सड़क निर्माण कार्य का भौतिक निरीक्षण किया था और विभाग के कार्यपालक अभियंता से गुणवत्ता में सुधार करने का निर्देश दिया था, लेकिन न तो संवेदक ने और न ही कार्यपालक अभियंता ने विधायक की बातों को अहमियत दी। बाद में विधायक ने सदन में मामला उठाया, तो विवश होकर संवेदक का टूटी सड़कों की मरम्मत करानी पड़ रही है।

### आयोग की टीम ने उपायुक्त से की मुलकात



**खूंटी।** झारखंड राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की सदस्य रूचि कुजूर, विकास दोदराजका और डॉ आभा वीरेंद्र अकिंचन ने अपने खूंटी दौरे के दूसरे दिन शनिवार को उपायुक्त लोकेश मिश्रा से मुलाकात की। इस दौरान जिले में नाबालिगों से जुड़े यौन शोषण, बाल संरक्षण और अधिकारों से संबंधित मामलों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। उल्लेखनीय है कि पिछले दिनों रनिया प्रखंड में बच्चियों के साथ घटी एक दुर्भाग्यपूर्ण घटना के पश्चात आयोग की टीम ने पीड़िता और उनके परिवार से उनके गांव जाकर मुलाकात की और उनकी स्थिति की जानकारी भी ली थी। ऐसी घटनाओं की रोकथाम और सुरक्षा उपायों पर भी चर्चा की गई। पीड़िता को हर संभव सहायता मिले और उसकी शिक्षा, सामाजिक पहचान और उन्नति में किसी प्रकार की बाधा न आए, इस पर भी जोर दिया गया। इसके अलावा चाइल्ड एक्ट, पोक्सो एक्ट, स्पॉन्सरशिप स्कीम, बाल तस्करी और बाल श्रम की रोकथाम जैसे विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई। आयोग ने जिले में बच्चों के अधिकारों और उनके संरक्षण जैसे कार्य को लेकर भी विचार विमर्श किया। वहीं दूसरी ओर बच्चों के बीच जागरूकता कार्यक्रम के मद्देनजर पंचघाघ जलप्रपात पिकनिक स्थल पर शनिवार को स्कूली छात्राओं के साथ जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित किया गया।

### महिलाओं के सशक्तिकरण से ही बढ़ेगा समाज : जस्टिस प्रसाद





**बोकारो।** हाईकोर्ट के न्यायाधीश और झालसा के कार्यकारी अध्यक्ष सुजीत नारायण प्रसाद ने कहा है कि महिलाओं के सशक्तिरण से ही समाज आगे बढेगा। उन्होंने कहा कि सरकारी स्कूल लोगों के कल्याण के लिए है। बच्ची को जन्म से पहले और बाद में कैसे स्वस्थ रखें। इस पर ध्यान देने की जरूरत है। उन्होंने लोगों से विधिक सहायता और सरकारी योजनाओं से अवगत कराने को कहा। न्यायाधीश शनिवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकार, बोकारो की ओर से आदिम जनजातियों एवं समाज के कमजोर वर्गों के लिए राज्य स्तरीय विधिक सेवा-सह-सशक्तिकरण शिविर में बोल रहे थे। शिविर का डीवीसी चंद्रपुरा, बोकारो में किया गया था। उन्होंने लोगों से राज्य के बिरहोर और पहाड़िया जनजाति को मुख्य धारा में जोड़ने पर भी बल दिया। कार्यक्रम में हाई कोर्ट के न्यायाधीश प्रदीप कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि कमजोर वर्गों को न सिर्फ विधिक सहायता बल्कि उनका सशक्तिकरण कैसे हो इस पर ध्यान देने की जरुरत है। न्यायाधीश ने डायन प्रथा पर चिंता प्रकट करते हुए कहा कि डायन प्रथा अब भी समाज में है, यह चिंता का विषय है।

### शराब के नशे में बाइक सवार ने दूसरे बाइक को मारी टक्कर

## एक की मौत, दो घायल, एक रिम्स रेफर

**नवीन मेल संवाददाता। लापुंग**
लापुंग थाना क्षेत्र के बाकाकेरा पुल के पास देर शाम लगभग पांच बजे शराब के नशे में एक बाइक सवार ने दूसरे बाइक को मारी टक्कर।सापुकेरा बाजार से लौटने के दौरान हुई घटना में एक महिला की मौत हो गई वहीं दो बाइक सवार घायल हो गए। देर से पहुंची एम्बुलेंस, दोनों घायलों को लापुंग सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया जहां एक घायल को रिम्स रेफर किया गया जबकि दूसरे को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। घटना बाकाकेरा-लापुंग-महुंगाव सड़क की बताई जा रही है। मृतका की पहचान जरिया मंगराटोली की रहने वाली 45 वषीर्या जौनी होरो के रुप में हुई है। वह उत्क्रमित मध्य विद्यालय जरिया मंगराटोली के प्रबंधन समिति के पूर्व अध्यक्ष पैत्रुस होरो की पत्नी थी। पैत्रुस होरो खुद अपनी बाइक चलाकर अपनी पत्नी को लेकर सापुकेरा बाजार से लौट रहा था। तभी बाकाकेरा पुल के पास तेज गति से बाइक को चलाते हुए डुमरटोली तपकरा निवासी 24 वर्षीय अभय उरांव एवं लालगंज निवासी 19 वर्षीय कुलदीप उरांव पिता रामा उरांव ने पैत्रुस होरो के बाइक में टक्कर मार दी। पुल के पास बालु गिरा हुआ होने के कारण टक्कर में बाइक दुर्घटनाग्रस्त हो गई और पैत्रुस होरो की पत्नी लगभग 10 से 15 फीट आगे गिर कर फेंका गई। जिससे उसके सिर पर गंभीर चोटें आई और घटनास्थल पर ही गिरकर उसकी मौत हो गई। जबकि टक्कर मारने वाले बाइक चालक सहित दोनों युवक घायल हो गए। जबकि चमत्कारिक रूप से पैत्रुस होरो बच गया। घटनास्थल के आसपास खेती करने वाले ग्रामीण और वार्ड सदस्य ने 108 एंबुलेंस को फोन किया ।एंबुलेंस देर से पहुंची तब तक महिला की मौत हो गई थी। वही दोनों घायल घटनास्थल पर ही पड़े रहे। बाद में एंबुलेंस आने पर दोनों को लापुंग के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। अस्पताल के सूत्रों के अनुसार दोनों घायल शराब के नशे में थे। बताया जा रहा है कि दोनों शराब के नशे में ही अपनी बाइक से दूसरे बाइक पर टक्कर मार दी।

### सेवानिवृत्त सेना के सुबेदार का गाजे-बाजे के साथ किया भव्य स्वागत

## 28 साल देश की सेवा कर घर लौटा सेना का जवान

**नवीन मेल संवाददाता। लापुंग**
लापुंग प्रखंड के सापुकेरा पंचायत के बड़गाईं निवासी सेना के जवान प्रेम केरकेट्टा सूबेदार पद से सेवानिवृत्त होकर अपने गांव लौटने पर मुखिया सविता उरांव व उषा बाखला की अगुवाई में ग्राम वासियों ने भारतमाता की जयकारों के साथ ढोल नगाड़ों, बैंड बाजा और हर्षोल्लास से पुष्प बरसाकर स्वागत किया। इस दौरान स्वागत करते हुए जुलूस की शक्ल में सापुकेरा बाजार टांड़ से नाचते गाते बिरसा चौक पहुंचा। जहां बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर सेना के जवान व अन्य ने माल्यार्पण किया। इस दौरान सेना के जवान को जगह-जगह बुके देकर स्वागत किया । इसके बाद सापुकेरा से लेकर गांव तक सेवानिवृत्त फौजी प्रेम केरकेट्टा को ग्रामीण रैली निकालकर लेकर गए। गांव पहुंचने



पर लोगों ने पुष्प वर्षा कर और कंधे पर उठाकर घर तक पहुंचाए। इस दौरान पुरे गांव को रंग बिरंगे पताके के साथ सजाया गया था। वहीं घर को विवाह के आयोजन जैसा सजाया गया था। घर पहुंचने पर पारम्परिक तरीके से दौरे में पैर रखते हुए घर में प्रवेश कराया गया। गांव में इस अवसार पर खुशी से भोज का आयोजन किया गया। सेना के जवान प्रेम केरकेट्टा का बिहार रेजीमेंट में 1997 में बहाली हुआ था जबकि 1 मार्च 2025 को 28 वर्ष बाद सेवानिवृत्त होकर अपना घर पहुंचा। कार्यक्रम को सफल बनाने में जवान की पत्नी बिरसी बबिता कंडुलना, बेटा राहुल केरकेट्टा, बेटी पुनम केरकेट्टा, फ्रांसिस बाखला, हर्ष बाखला, ओविव बाखला, जेएमएम नेता मंगा तिर्की, पत्रकार राम प्रसाद साहु, कुशल परधिया रेजिना तिडु, सुमरित कुमारी समेत ग्रामीणों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### चांद का हुआ दीदार शुरू हुआ रमजान का पाक महीना

**रामगढ़।** चांद का दीदार होने के बाद रमजान का पाक महीना शुरू हो गया है। रामगढ़ जिले में शनिवार के शाम लोगों ने चांद देखा। रमजान इस्लामी चंद्र कैलेंडर का नौवां महीना है, जो शाबान के बाद आता है। यह इस्लाम धर्म के लोगों के लिए बहुत महत्व रखता है। इस पवित्र महीने के दौरान, मुसलमान 30 दिनों तक रोजा रखते हैं। रमजान के दौरान रोजा रखना जरूरी माना गया है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, इस दौरान सूर्योदय से सूर्यास्त तक कुछ भी खाया-पीया नहीं जाता है। साथ ही तामसिक चीजों से दूरी रखी जाती है। यह पवित्र अवधि कुरान पढ़ने, नमाज अदा करने और अच्छे कर्म करने पर जोर देती है। इस्लाम में रमजान को एक पवित्र महीना माना जाता है, जो ईश्वरीय दया और आध्यात्मिकता का प्रतीक है। इस्लामिक मान्यताओं के अनुसार, इसी पवित्र महीने के दौरान पैगंबर मुहम्मद को अल्लाह से कुरान की आयतें मिली थीं।

## डालसा ने किया एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

**नवीन मेल संवाददपाता। दुमका**
जिला विधिक सेवा प्राधिकार की ओर से जिला स्तरीय मोटर एक्सीडेंट क्लेम ट्रिब्यूनल पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन शनिवार को हुआ। कार्यशाला प्रधान जज सह प्राधिकार अध्यक्ष संजय कुमार चन्द्धरियावी के निर्देश पर न्याय सदन में आयोजित हुई। कार्यशाला का उदघाटन डीजे-वन रमेश चंद्र, डीजे-टू प्रकाश झा, डीजे-फोर धर्मेंद्र कुमार सिंह, डीजे-फाईव शत्रुंजय कुमार सिंह, सीजेएम अनूप तिर्की, प्राधिकार सचिव उत्तम सागर राणा, अधिवक्ता संघ अध्यक्ष निशिकांत प्रसाद एवं मुख्यालय डीएसपी इककुट डुंगडुंग ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर व्यवहार न्यायालय के सभी न्यायिक दंडाधिकारी भी उपस्थित थे। कार्यशाला में मोटर दुर्घटना में पीड़ित परिवार को ससमय और उचित मुआवजा दिलाने की प्रक्रिया के प्रावधान और सरलीकरण पर चर्चा हुई। इस अवसर पर जिला डीजे-टू प्रकाश झा ने मोटर दुर्घटना कानूनों में वर्ष 2022 में हुए बदलाव को उल्लेख करते हुए कहा कि सड़क दुर्घटना में 30 दिनों के अंदर पुलिस को दुर्घटना से संबंधित कागजात न्यायालय में प्रस्तुत करना है। ऐसा नहीं होने पर कोर्ट को सूचित करना आवश्यक है। उन्होंने युवा थाना प्रभारियों से बेहतर करने की अपेक्षा करते हुए कहा कि पुराने लोगों से बेहतर आप कर सकते है। उन्होंने कहा कि हर थाना प्रभारी और पुलिस पदाधिकारी का कर्त्तव्य और कानूनी बाध्यता है। ऐसा नहीं करने पर कानूनी प्रतिबंध्यता और कानूनी घेरे में आ सकते है। डीजे-वन रमेश चंद्र ने चर्चा को आगे बढ़ाते हुए कहा कि दुर्घटनाग्रस्त वाहनों के कागजातों की डीटीओ से जांच कराना अनिवार्य है। पुलिस पदाधिकारियों के कर्त्तव्यों को बताते हुए कहा कि दुर्घटना के बाद इंशोरेंस कंपनी को जानकारी देना है और इंशोरेंस कंपनी को ससमय रिपोर्ट सौंपना और वैद्य स्वीकृति देना कार्य है।

## एक नजर

### राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर रामशोभा में दो दिवसीय कार्यशाला

**रामगढ़।** राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर रामशोभा कॉलेज ऑफ एजुकेशन, बनखेता, चुट्टूपालु, रामगढ़ में दो दिवसीय कार्यशाला हुआ। इसमें पिडीलाइट इंडस्ट्री से मार्केटिंग डेवलपमेंट इंचार्ज संदीप घोष, एलीजा डुंगडुंग, सुराईया और खुशी कुमारी शामिल हुए। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ ज्योति वालिया ने पौधा देकर सभी अतिथियों को सम्मानित किया। विशिष्ट अतिथियों ने प्रशिक्षुओ को तरह-तरह के आर्टिकल बनाना सिखाए। इसमें हिंदी, विज्ञान, अंग्रेजी, सामाजिक शास्त्र से संबंधित टीएलम बनाना, बोतल पर एक्रेलिक कलर्स से पेटिंग आदि प्रमुख हैं। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ ज्योति वालिया ने प्रशिक्षुओं को संबोधित करते हुए विज्ञान दिवस पर प्रकाश डाला।

### जंगल से पुलिस ने एक अज्ञात महिला का लाश किया बरामद, क्षेत्र में खलबली

**पतरातू।** पतरातू थाना अंतर्गत बरतुआ गांव के चरका पत्थर जंगल से देर शाम पुलिस ने एक अज्ञात महिला की लाश बरामद किया है। जिससे क्षेत्र में खलबली मच गया है। बताया जाता है कि बरामद महिला का लाश बुरी तरह से सड़ा हुआ है। इस बाबत ग्रामीणों ने बताया कि शुक्रवार की शाम को कुछ चरवाहों ने इस जंगल में सड़े हुए लाश को देखा। इसके बाद इस बात की चर्चा जंगल की तरफ फैल गई। लोगों ने इसकी सूचना पतरातू पुलिस को दिया। इसके बाद पतरातू पुलिस इंस्पेक्टर सत्येंद्र कुमार, पतरातू थाना प्रभारी शिवलाल कुमार गुप्ता सक्रियता के साथ बरतुआ जंगल पहुंचे। साथ ही पंचनामा बनाने के बाद लाश को थाना ले आई है। पुलिस इंस्पेक्टर सत्येंद्र कुमार और थाना प्रभारी शिवलाल कुमार गुप्ता ने बताया कि लाश सड़ा हुआ है और महिला का लाश है।

विधायक ममता देवी बनीं जनता उच्च विद्यालय होन्हे की अध्यक्ष

# विद्यालय के सर्वांगीण विकास का दिया आश्वासन

*विद्यालय में हो भी बुदियादी कार्य होगा उसे पूरा करने का आश्वासन और कहा कि वह शीघ्र होगा*



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़** शनिवार को दुलमी प्रखंड स्थित जनता उच्च विद्यालय, होन्हे में शासी निकाय की बैठक आयोजित की गई। जिसमें रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र की विधायक ममता देवी मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुईं। विद्यालय पहुंचने पर छात्रों ने पारंपरिक तरीके से पुष्प वर्षा कर व स्वागत गान व नृत्य से उनका स्वागत किया। जबकि विद्यालय प्रबंधन ने बुके देकर सम्मानित किया। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि विधायक ममता देवी को विद्यालय की प्रबंधन समिति का अध्यक्ष मनोनीत किया जाए। इस अवसर पर विद्यालय के विकास से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई, जिसमें शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार, आधारभूत संरचना का विकास, और छात्रों के लिए बेहतर सुविधाओं की व्यवस्था शामिल थी। विधायक ममता देवी ने विद्यालय के सर्वांगीण विकास के लिए हर संभव प्रयास करने का आश्वासन दिया और कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में सुधार उनकी प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने कहा कि बुदियादी जो कार्य होगा उसे शीघ्र पूरा करने का प्रयास किया जायेगा और विद्यालय को एक मॉडल की बनाया जाएगा।

साथ विद्यालय के चहारदीवारी की उंचाई, पेबर ब्लॉक, सिढ़ी निर्माण के संबन्ध में की गई मांगों को प्राथमिकता के साथ पूरा करने की विधायक ने बात कही । बैठक में दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश, प्रधानाध्यापक नवरोतम कुमार, पूर्व प्रधानाध्यापक राजन्दन महतो, सचिव गंगाधर महतो, भेदों राम, दीपक जयसवाल, सुनील महतो, संजय महली, मोइनुद्दीन अंसारी, हरिदास महतो, बैजनाथ महतो, पवन महतो, मनोज महतो, अर्चना कुमारी, प्रदीप महतो, राहुल पांडेय, महेंद्र ओहदार, हेमलाल महतो, लिलेश्वर महतो, बबलू महतो सहित सैकड़ों छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# दिवंगत सनाउल के खिलाफ अभद्र बोलने वाला हिरासत में

**सामूहिक आवेदन में ग्रामीणों ने बताया है कि विभांशु उर्फ बासु सिंह ने सोशल मीडिया व्हाट्सएप पर दिवंगत सनाउल के शव की फोटो शेयर करते हुए उसकी मौत की खुशी में मिठाई खिलाने की बात कही है**

**नवीन मेल संवाददाता। भुरकुंडा** उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ में विगत विगत 25 फरवरी की रात हुए सड़क हादसे में जान गंवाने वाले भदानीनगर चिकोर निवासी सनाउल अंसारी के खिलाफ सोशल मीडिया में अभद्र भाषा का प्रयोग करने वाले भुरकुंडा जनता टॉकिज निवासी विभांशु भारद्वाज उर्फ बासु सिंह को स्थानीय पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। इस संदर्भ में भदानीनगर क्षेत्र के ग्रामीणों ने भुरकुंडा ओपी में लिखित शिकायत की है। सामूहिक आवेदन में ग्रामीणों ने बताया है कि विभांशु उर्फ बासु सिंह ने सोशल मीडिया व्हाट्सएप पर दिवंगत सनाउल के शव की फोटो शेयर करते हुए उसकी मौत की खुशी में मिठाई खिलाने की बात कही है। यही नहीं, उसने उक्त पोस्ट में सनाउल अंसारी को लेकर गाली भी लिखी है, जिससे पूरा न सिर्फ शोक संतप्त परिजन, अपितु समाज के लोग भी आहत हैं। ग्रामीणों ने पुलिस से वासु सिंह के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। इधर भुरकुंडा ओपी प्रभारी निर्भय गुप्ता ने कहा कि मसले पर वे गंभीर हैं। विभांशु भारद्वाज उर्फ बासु सिंह को हिरासत में लिया गया है। जांचोपरांत पुलिस कानून सम्मत कार्रवाई करेगी। आवेदन में सज्जाद रजा, आजाद अंसारी, जियाल अंसारी, तौसिफ, इमरान अंसारी, सलमान अंसारी, तौहिद अंसारी, दानिश अंसारी, सद्दाम, परवेज आलम, मोहिब रजा, फैयाज अंसारी, संतोष यादव, शमशेर आदि के हस्ताक्षर हैं।

## न्यूज बॉक्स

### किसानों को समृद्ध बनाने की दिशा में गोला में हो फूड इंडस्ट्रियल पार्क की स्थापना : अमित साहू



**रामगढ़।** राज्य के अबुआ सरकार के द्वारा आगामी आम बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए फेडरेशन ऑफ झारखंड चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अमित साहू ने राज्य सरकार से आगामी पेश होने वाले आम बजट में किसानों को आत्मनिर्भर सह समृद्ध एवं सशक्त बनाने की दिशा में गोला में इंडस्ट्रियल फूड पार्क बनाने का आम बजट में प्रावधान किए जाने की मांग की है । ताकि यहां के किसानों को उपज किए गए सब्जी एवं अन्य सामग्रियों का उचित भाव मिल सके। साथ ही इंडस्ट्रियल पार्क के अंदर में छोटे-छोटे कोल्ड चैन की स्थापना भी होनी चाहिए। इससे किसानों को आने वाले समय में फल सब्जी समेत किसी प्रकार के कृषि उपज को सुरक्षित रखने का अवसर मिलेगा एवं उचित मूल्य होने पर उसे बाजार में बेचकर अच्छा खासा मुनाफा कमाने का मौका मिलेगा एवं बिचौलियों से मुक्ति मिलेगा।

### तीन मंजिला छत से गिरकर राजमिस्त्री गंभीर रूप से हुआ घायल, रांची रेफर




**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम डाकडीह निवासी मो0 गफूर अंसारी 58 वर्ष, पिता अब्दुल करीम अंसारी ग्राम डाकडीह, बरकट्ठा राज मिस्त्री का कार्य करते थे। बीते शुक्रवार शाम 6:00 बजे बरकट्ठा में ही काम कर रहे थे और काम करने के दौरान तीन मंजिला छत से गिर गए, जिसमें सीने का हड्डी चूर चूर हो गई और रीड का नस कट गया। वहीं परिजन हजारीबाग में दिखाये तो डाक्टर ने बेहतर इलाज के लिए रांची रेफर कर दिया। अभी रांची के मां राम प्यारी हॉस्पिटल में भर्ती हैं। जिनका इलाज में डाक्टर लगभग सात लाख खर्च बता रहे हैं। इनके दो बच्चे हैं और घर इन्हीं के सहारे चल रहा था। इन्होंने लोगों से आर्थिक सहयोग के लिए 9558456463 फोनपे नंबर पर सहयोग की अपील की है।

### भाकपा माले हेसालौंग ब्रांच कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित

**गिद्दी।** भाकपा माले हेसालौंग पूर्वी ब्रांच का कार्यकर्ता सम्मेलन शनिवार को किया गया। सम्मेलन में पार्टी सदस्यता अभियान के तहत सदस्यता नवीकरण, नए सदस्यों को शामिल करने और जनता के समस्याओं को लेकर आंदोलन तेज करने का निर्णय लिया गया। साथ ही पार्टी संगठन को मजबूत करने पर जोर दिया गया। सम्मेलन की अध्यक्षता दिलीप रजवार और संचालन अमृत राणा ने की। जबकि सम्मेलन में बतौर पर्यवेक्षक भाकपा माले के रामदेव राम उपस्थित थे। सम्मेलन के दौरान सर्वसमिति से दिलीप रजवार को ब्रांच सचिव मनोनीत किया गया।

# विश्वकर्मा म्यूजिकल व जागरण ग्रुप ने किया भक्ति जागरण का आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा** प्रखंड क्षेत्र के ग्राम लगनवां में आयोजित श्री श्री 108 श्री शतचंडी महायज्ञ के अंतिम दिवस शुक्रवार रात्रि 10 बजे भक्ति जागरण का आयोजन किया गया। इस निमित लकी महाकाल ग्रुप कानपुर ने एक से बढ़कर एक झांकी प्रस्तुत कर दर्शकों का मन मोह लिया। वहीं ग्रुप के द्वारा राधा कृष्ण की झांकी के साथ भक्ति जागरण में लोगों को रात भर खुब झुमाया। तत्पश्चात भगवान शंकर और पार्वती का जीवंत झांकी प्रस्तुत किया गया जिसमें गले में जीवंत अजगर सांप लपेटे झांकी प्रस्तुत की गई ।वहीं विशाल बजरंगबली का झांकी ने लोगों का मन मोह लिया।इस दौरान दुर -दुर से काफी संख्या में दर्शक शामिल हुए और भगवान का जयकारा खुब लगाया।वहीं यज्ञ कमेटी के द्वारा भंडारा का आयोजन किया गया। मौके पर यज्ञ समिति के अध्यक्ष, सदस्य, पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि राजकुमार गिरी, शमीम अंसारी, बेलकपी पंचायत के पूर्व मुखिया गुड्डी देवी,अर्जुन राणा के अलावे हजारों की संख्या में लोगों उपस्थित थे।

उपायुक्त ने की जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक आयोजित, कहा

# कोई बच्चा शिक्षा से ना रहे वंचित



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़** उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में शनिवार को समाहरणालय सभाकक्ष में बाल एवं किशोर श्रम अधिनियम 1986 के तहत जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान उपायुक्त ने कहा कि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे इस दिशा में कार्य करने की जरूरत है। उपायुक्त के द्वारा जिला स्तर पर बाल श्रम के रेसक्यू अभियान में और तेजी लाते हुए जिला के होटलों, ढाबों, ईंट भट्टो में सघन जांच अभियान चलाने का निर्देश दिया गया। बैठक के दौरान श्रम अधीक्षक अभिषेक वर्मा के द्वारा उपायुक्त सहित उपस्थित सभी सदस्यों को वित्तीय वर्ष 2024-25 में अब तक चलाए गए अभियान के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही उनके द्वारा बताया गया कि इस वित्तीय वर्ष में कुल 6 बाल श्रमिकों को विमुक्त कराया गया है वही ही 5 नियोजकों के विरुद्ध प्राथमिकी भी दर्ज कराई गई है। बाल श्रम पर पूरी तरह से रोग सुनिश्चित करने को लेकर बैठक के दौरान उपायुक्त ने टीम का गठन कर जिले के विभिन्न क्षेत्रों में संचालित ईट भट्टो, कारखानो, होटल सहित अन्य स्थलों पर निरीक्षण कर आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। बैठक में सचिव डालसा रामगढ़, जिला शिक्षा अधीक्षक रामगढ़, सीडब्लूसी रामगढ़, जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी रामगढ़, सदस्य अग्रगति उपस्थित थे।

### अंचल कार्यालय में राजस्व उप निरीक्षक विश्वंभर यादव को दी गई भावभीनी विदाई



**बरकट्ठा।** अंचल कार्यालय में अंचल अधिकारी श्रवण कुमार झा की अध्यक्षता में सेवानिवृत राजस्व उप निरीक्षक विश्वंभर यादव को सम्मानित कर विदाई दी गई। राजस्व उप निरीक्षक में कार्यरत विश्वंभर यादव को विदाई देते हुए अंचलाधिकारी ने कहा कि इन्होंने बहुत ही बेहतर तरीके से अपने कार्य किये। हम सबों को हमेशा याद रहेंगे। हम सभी अंचल व प्रखंड कर्मी इनके अच्छे स्वास्थ्य व दीघार्यु की कामना करते हैं। इस मौके पर सीआई सुरेंद्र पासवान, अमीन अफजल अंसारी, पंचायत सेवक कैलाश प्रसाद समेत अन्य अंचल कर्मी शामिल थे।

### बालू ट्रैक्टर जब्त, चालक फरार, प्राथमिकी दर्ज



**बरही।** उपायुक्त के निर्देश पर अवैध बालू उत्खनन व परिवहन को लेकर बरही में भी अभियान के चलाए जा रहे है. इसी के तहत विगत शुक्रवार को सीओ के निर्देश पर प्रभारी अंचल निरीक्षक रीतलाल रजक की अगुवाई में कार्रवाई की गई. इस दौरान बरही चौक पर बालू से लदा ट्रॉली वाला बिना नंबर वाला बिना नंबर का एक ट्रैक्टर पकड़ा गया. सीआई की टीम को देखते ही चालक ट्रैक्टर छोड़कर फरार हो गया. जिसे जब्त करते हुए बरही थाना लाया गया. जानकारी के अनुसार शनिवार को सीआई के लिखित शिकायत पर अज्ञात ट्रैक्टर चालक और मालिक के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करवाई गई. सीआई ने बताया कि वरीय पदाधिकारी के निदेर्शानुसार यह करवाई आगे भी जारी रहेगी.

### विधायक ने जनहित के मुद्दों को सदन में उठाया



**बरकट्ठा।** विधायक अमित कुमार यादव ने जनहित मुद्दों की आवाज षष्ठम झारखंड विधानसभा का द्वितीय (बजट) सत्र के क्रम में सदन उठाते हुए सरकार का ध्यान आकृष्ट कराया। उन्होंने सरकार को झारखंड के हर एक जिला में मेडिकल कॉलेज का निर्माण करने की मांग रखी। साथ ही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, जिला के सदर अस्पताल की स्थिति व्यवस्था में सुधार करने और 108 एम्बुलेंस व्यवस्था को दुरुस्त करने से संबंधित समस्याओं को पटल पर रखा और सरकार का ध्यान आकृष्ट कराया।

करोड़ों की लागत से पांचायत में विभिन्न योजनाओं का हुआ शिलान्यास

# विस क्षेत्र का होगा चहुमुंखी विकास लापरवाही बर्दाश्त नहीं : विधायक



**नवीन मेल संवाददाता। बरही** शनिवार को विधायक मनोज कुमार यादव ने करसो, केदारुत और करसो पंचायत में करोड़ों की लागत से पांच विभिन्न योजनाओं का शिलान्यास किया. प्राप्त जानकारी के अनुसार गौरियाकरमा पंचायत में राज्य संपोषित योजना के तहत सिंचाई विभाग से 49 लाख की लागत से राजाआहर और 84 लाख की लागत से नया आहर डैम के गहरीकरण सह सुंदरीकरण का शिलान्यास किया. वही केदारुत पंचायत के खेरौन और कजरा गांव में जिला परिषद मद से 2 करोड़ की लागत से सड़क निर्माण तथा एनआरईपी अंतर्गत कटिऔन विद्यालय के चहारदीवारी का शिलान्यास विधायक ने नारियल फोड़कर किया. इस दौरान विधायक ने कहा कि विस क्षेत्र में योजनाओ की कमी नही होगी. हर क्षेत्र में विकास होंगे. उन्होंने विकास कार्य मे लापरवाही करने वालो पर सख्त कारवाई करने की बात कही. इस कार्य के लिए स्थानीय लोगो ने विधायक का अभार जताया. इस दौरान विधायक के साथ भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, भूपेंद्र यादव आदि मौजूद रहे. शिलान्यास के क्रम में गौरियाकरमा में परमेश्वर यादव, भूपेंद्र यादव, राजेंद्र राम, राजन ओम, हेमाली चौधरी, संजय वर्मा, शिवा पांडेय, अयूब अंसारी आदि कई लोग मौजूद थे.

### गोला में राजी पड़हा सरना प्रार्थना सभा का हुआ आयोजन

**गोला।** गोला प्रखंड के कोनारडीह गांव में राजी पड़हा सरना प्रार्थना सभा के 10वीं वर्षगांठ पर शुक्रवार को सरना झंडागड़ी स्थापना दिवस समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान सरना स्थल पर पाहन व पुजारी ने लोगों को विधि विधान से पूजा अर्चना कराई। पहान ने वर्षों से चली आ रही आदिवासियों के रीति रिवाज से अवगत कराया। कार्यक्रम में जिले भर से पारंपरिक वेशभूषा में सैकड़ों महिला-पुरुष पहुंचे थे। प्रसाद ग्रहण करने के बाद पारंपरिक वेशभूषा पहने आदिवासी समाज के महिला पुरुषों ने सरना स्थल पर बने अखाड़े में ढ़ोल नगाड़े की थाप पर देर शाम तक थिरकते रहे। पाहन ने बताया कि आदिवासी प्रकृति की पूजक हैं। यहां उपस्थित सभी लोग जल, जंगल व जमीन बचाने का संकल्प लिया। मौके पर राजेश पहान, आदिवासी अगुआ दीपक उरांव, जिला अध्यक्ष सुक्रमणि मुंडा, आरती मुंडा, भुवनेश्वर बेदिया, जीवन मुंडा, योगेंद्र मुंडा, रवि मुंडा, दिनेश मुंडा सहित दर्जनों आदिवासी महिला पुरूष उपस्थित थे।

### पीसीसी पथ निर्माण कार्य का विधायक ने किया भूमिपूजन



**रामगढ़।** दुलमी प्रखंड के बोरवाटोला में डीएमएफटी फंड से बालेश्वर महतो के घर से भेड़ा नदी तक पीसीसी पथ निर्माण कार्य का भूमिपूजन शनिवार को संपन्न हुआ। इस अवसर पर रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र की विधायक ममता देवी ने नारियल फोड़कर कार्य का शुभारंभ किया। विधायक ममता देवी ने अपने संबोधन में कहा कि इस पथ के निर्माण से स्थानीय निवासियों को आवागमन में सुविधा होगी और क्षेत्र के विकास में महत्वपूर्ण योगदान मिलेगा। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि डीएमएफटी फंड का उपयोग क्षेत्र की आधारभूत संरचना के विकास में किया जा रहा है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में विकास कार्यों को गति मिल रही है। मौके पर दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश, प्रेम मुंडा, प्रदीप भोक्ता, बिक्रम सिंह, प्रदीप महतो, लिलेश्वर महतो,मोतीलाल बेदिया, आशीष मुंडा सहित कई लोग मौजूद थे।

# बुजुर्गों को सामाजिक सुरक्षा स्वास्थ्य सेवाओं की दरकार



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़** कोयलांचल भुरकुंडा और आसपास के कोलियरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में वरिष्ठ नागरिकों की स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। कभी कोयला खदानों में श्रम करने वाले, व्यवसाय से जुड़े रहने वाले या खेती-बाड़ी में जुटे रहने वाले ये बुजुर्ग आज अपने जीवन की दूसरी पारी जी रहे हैं। लेकिन इनकी सामाजिक सुरक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी चिंता का विषय बनी हुई है। सीसीएल से सेवानिवृत्त लोग पेंशन का लाभ पाते हैं, लेकिन उनके लिए इलाज बड़ी समस्या बनी हुई है। वहीं, कई बुजुर्ग ऐसे भी हैं, जो सरकार की ओर से मिलने वाले महज एक हजार रुपए की पेंशन पर जीवन जीने को मजबूर हैं। इनकी जरूरतों को समझते हुए सामाजिक सुरक्षा, सामुदायिक भवन और बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं की आवश्यकता को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। भुरकुंडा। रामगढ़ जिले के कोयलांचल भुरकुंडा, भदानीनगर और आसपास के कोलियरी एवं ग्रामीण इलाकों में बड़ी संख्या में वरिष्ठ नागरिक निवास करते हैं। इनमें से कई पूर्व में सीसीएल (सेंट्रल कोलफील्ड लिमिटेड) से सेवानिवृत्त हो चुके हैं, जबकि कुछ लोगों ने छोटे-मोटे व्यवसाय से अपनी आजीविका चलाई। वहीं, एक वर्ग ऐसा भी है जो खेती-बाड़ी या दिहाड़ी मजदूरी से अपनी जिंदगी गुजारता रहा। उम्र के इस पड़ाव में अब ये बुजुर्ग अपने स्वास्थ्य और सामाजिक सुरक्षा को लेकर संघर्ष कर रहे हैं।

यूथ विंग ने निकाला रक्तदान जागरूकता रथ

# सांसद मनीष जायसवाल ने दिखाई हरी झंडी

*रक्तदान न केवल जीवन बचाता है, बल्कि समाज में मानवता और परोपकार की भावना को मजबूत करता है,*




**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** हजारीबाग यूथ विंग के तत्वावधान में आयोजित 3 मार्च को लक्ष्मी सिनेमा हॉल परिसर में रक्तदान शिविर से पहले शनिवार को शहर में रक्तदान जागरूकता रथ का भव्य शुभारंभ किया गया। सांसद मनीष जायसवाल ने नारियल फोड़कर एवं हरी झंडी दिखाकर इस रथ को रवाना किया। इस दौरान संस्था के संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन ने अंगवस्त्र भेंट कर सांसद का स्वागत किया, सांसद ने इस दौरान उन्होंने युवाओं से रक्तदान महादान अभियान से जुड़ने की अपील की और कहा कि रक्तदान जीवन बचाने का सबसे बड़ा पुण्य कार्य है। रथ के माध्यम से शहर के प्रमुख चौक-चौराहों, बाजारों एवं सार्वजनिक स्थलों पर जाकर लोगों को रक्तदान के प्रति प्रेरित किया जा रहा है। रक्तदान शिविर लक्ष्मी सिनेमा हॉल के सभागार में आयोजित किया जाएगा, जहां शहर के गणमान्य नागरिक, समाजसेवी, चिकित्सा विशेषज्ञ एवं यूथ विंग के कार्यकर्ता सक्रिय रूप से भाग लेंगे। शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों की देखरेख में रक्तदान की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी ताकि रक्तदाताओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। रथ को हरी झंडी दिखाते हुए सांसद मनीष जायसवाल ने कहा की रक्तदान से किसी जरूरतमंद को नया जीवन मिल सकता है। संस्था के संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन ने कहा कि रक्तदान न केवल किसी जरूरतमंद की जान बचाता है, बल्कि समाज में परोपकार और मानवता की भावना को भी मजबूत करता है। उन्होंने कहा, हमारा उद्देश्य समाज में यह संदेश फैलाना है कि रक्तदान करना न केवल सुरक्षित है, बल्कि यह एक स्वस्थ जीवन की निशानी भी है। मैं सभी युवाओं, समाजसेवियों और नागरिकों से अनुरोध करता हूं कि वे इस पुनीत कार्य में बढ़-चढ़कर भाग लें और अधिक से अधिक रक्तदान करें, जिससे जरूरतमंद मरीजों और थैलेसीमिया से पीड़ित बच्चों को समय पर रक्त मिल सके। इस अवसर पर संस्था के संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन, उपाध्यक्ष जयप्रकाश खंडेलवाल, विकास केशरी, सह सचिव डॉ. बी. वेंकटेश, कोषाध्यक्ष रितेश खण्डेलवाल, कार्यक्रम सह-संयोजक रोहित बजाज, कार्यकारिणी सदस्य प्रमोद खंडेलवाल, गुंजन मद्धेशिया, मोहम्मद ताजुद्दीन, अभिषेक पांडे, विकास तिवारी, विवेक तिवारी, उदित तिवारी, चंदन सिंह, सिद्धांत कुमार (सिद्धू) सहित कई गणमान्य नागरिक एवं युवा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### दिल में सूराख वाले बच्चों को रोटरी देगा नया जीवन फ्री ऑपरेशन की पहल

भुरकुंडा। रोटरी क्लब ने गिफ्ट ऑफ लाइफ अभियान के तहत दिल में सुराख वाले बच्चों के निःशुल्क ऑपरेशन की जिम्मेदारी उठाई है। झारखंड-बिहार सहित जरूरतमंद परिवारों के 6 माह से 18 साल तक के बच्चे इस अभियान का लाभ उठा सकते हैं। रांची के राज हॉस्पिटल में हर बुधवार और गुरुवार को स्क्रीनिंग कैंप आयोजित हो रहा है, जहां विशेषज्ञ डॉक्टर बच्चों की जांच कर रहे हैं। चार मार्च को मेगा स्क्रीनिंग कैंप में अमृता अस्पताल कोच्चि के विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम बच्चों का चयन करेगी, जिनका ऑपरेशन कोच्चि में मुफ्त में किया जाएगा। आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए यह अभियान किसी वरदान से कम नहीं है। रोटरी रांची के मंजू गंभीर, गौरव बागरॉय, भंडारी लाल, हरमिंदर सिंह, भूपिंदर सिंह जग्गी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर उक्त अभियान की जानकारी दी है।

# डीसी ने कस्तूरबा आवासीय से विद्यालय सिमडेगा का किया औचक निरीक्षण



नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह ने कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय, सिमडेगा का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने वहां की समस्याओं से अवगत हुए। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त को बताया गया कि गर्मियों के दिन में पानी की विशेष समस्या बच्चों को होती है। पानी की कमी को टैंकर मंगवा कर पूर्ण किया जाता है। उपायुक्त ने पानी की सुविधा, बच्चों के खेलने के लिए मैदान एवं भोजन करने के लिए बाहर में एक शेड निर्माण हेतु प्रपोजल बना कर देने की बात कहीं। उन्होंने किचन का भी निरीक्षण कर बच्चों को मिलने वाले भोजन की जानकारी ली। बच्चों द्वारा उपायुक्त को शिक्षकों की कमी एवं क्लास रूम की कमी से हो रही समस्याओं से अवगत कराया। जिस पर उपायुक्त महोदय ने अधिकारियों को पास के सरकारी विद्यालयों से केमिस्ट्री एवं संस्कृत विषय कि शिक्षकों का प्रत्येक सप्ताह में 3 दिन के लिए प्रति नियुक्त करने का निर्देश दिया। वहीं 11वीं क्लास के छात्रों के लिए क्लासरूम के निर्माण हेतु विभाग को पत्र भेजने का निर्देश दिया। इसके अलावे कई महत्त्वपूर्ण दिशा निर्देश दिए। साथ ही होमगार्ड महिला कर्मी से वहां की सुरक्षा व्यवस्थाओं का जानकारी ली। सुरक्षा व्यवस्था में किसी प्रकार की कमी ना हो इसे सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। मौके पर विद्यालय के शिक्षक गण उपस्थित थे।

## उपायुक्त ने किया कोरिमिया पंचायत का किया निरीक्षण



**सिमडेगा।** उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह ने ठेठईटांगर प्रखंड का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने ठेठईटांगर प्रखंड अंतर्गत कोरोमियां पंचायत, भवन एवं जन आरोग्य स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया।भ्रमण के दौरान उपायुक्त ने कोरोमियां पंचायत के अंतर्गत संचालित कार्य विवरण की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने कोरोमियां पंचायत के मुखिया रेणुका सोरेंग से संचालित कार्यों योजनाओं की विस्तृत जानकारी ली। तथा पंचायत अंतर्गत संचालित टाईट एवं अनटाईड मद अंतर्गत धरातल पर लिए गए योजना के तहत व्यय की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिये। उपायुक्त ने योजनाओं का चयन कर शत प्रतिशत राशि का खर्च करने का निर्देश दिया। इसके अलावा उन्होंने जॉब कार्ड रजिस्टर, 15वीं वित्त योजना पंजी, योजना रिकार्ड, रजिस्टर -2 ग्राम सभा एवं सामाजिक सचिवालय सभा रजिस्टर, सामग्री पंजी, पंजी याचिका, एसेट पंजी सहित अन्य रजिस्टर की जांच की गई। साथ ही योजना का रिकॉर्ड, मुख्य पुस्तक, ई-मास्टर रोल निर्गत की जांच की गई। पंचायत भवन, कोरोमियां के निरीक्षण क्रम में पाया गया कि किसी भी योजना का अभिलेख में ई-मास्टर रोल की कॉपी नहीं पाई गई। जिस पर उपायुक्त ने योजनाओं में कार्य करने हेतु मास्टर रोल निकाला जाता, योजना में काम करने वाले मजदूरों का हस्ताक्षर कर कर। एक कॉपी अभिलेख में रखने की बात कहीं। इसके अलावे उपायुक्त महोदय ने पंचायत अंतर्गत ज्ञान केंद्र का निरीक्षण किया। उपायुक्त ने मुखिया को उसे पंचायत में रहने वाले स्कूली बच्चों को ज्ञान केंद्र में आकर वहां रखे किताबों को पढ़ने के जागरुक करने की बात कहीं। ज्ञान केंद्र की व्यवस्थाओं को देखकर उपायुक्त ने सहना की। उन्होंने कहा कि इस छोटे से पंचायत में ज्ञान केंद्र के माध्यम से पुस्तकालय की एक सुंदर व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। इसके पश्चात् उपायुक्त महोदय द्वारा बागवानी योजना का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये।मौके पर उप विकास आयुक्त संदीप कुमार दोराईबुरु, प्रखंड विकास पदाधिकारी ठेठईटांगर नुतन मिंज, परियोजना पदाधिकारी अमरेन्द्र कुमार, कंप्यूटर ऑपरेटर ज्ञानेन्द्र कुमार, बीपीओ, पंचायत सचिव, रोजगार सेवक सहित अन्य उपस्थित थे।

## दुर्घटना क्लेम को लेकर न्यायालय सभागार में हुई एकदिवसीय कार्यशाला

नवीन मेल संवाददाता



**सिमडेगा।** मोटर वाहन दुर्घटना क्लेम केस को लेकर शनिवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा व्यवहार न्यायालय सभागार में एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन प्राधिकार के अध्यक्ष सह प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश राजीव कुमार सिन्हा के दिशा निर्देश पर किया गया। कार्यशाला का उद्घाटन पीडीजे राजीव कुमार सिन्हा,एसपी सौरभ,एडीजे नरंजन सिंह डालसा सचिव मरियम हेमरोम आदि ने संयुक्त रूप से द्वीप प्रज्वलित कर किया। इस मौके प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश ने कहा कि कानून की पूरी जानकारी के अभाव में लोगों को क्लेम नहीं दिला पाते हैं। उन्होंने कहा कि क्लेम के मामले में सबसे बड़ा रोल पुलिस अधिकारी का होता है। पुलिस अधिकारी को ऐसे मामले में पीड़ित के प्रति अच्छा बर्ताव करना चाहिए और उन्हें उचित मुआवजा मिले इसके लिए कानून के पूरे प्रावधान का पालन करना चाहिए। उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों को जानकारी देते हुए कहा कि वाहन दुर्घटना पीड़ितों को उचित मुआवजा दिलाने के उद्देश्य से झारखंड परिवहन विभाग ने वाहन दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण नियमावली 2019 लागू किया है। उन्होंने पुलिस के कर्तव्य के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी। पीडीजे ने कहा कि क्लेमेंट को छह माह के अंदर ही क्लेम केस करना जरूरी है। पीड़ित को मुआवजा पाना उनका कानूनी अधिकार है। उन्होंने कहा कि दुर्घटना की सूचना मिलते ही पुलिस का कर्तव्य बनता है कि घटना के रिपोर्ट लिखे। उन्होंने कहा कि पुलिस अधिकारी कोई घटना के बाद जिस प्रकार से एफआईआर करते हैं व 24 घण्टे के अंदर मजिस्ट्रेट के यहाँ भेज देते हैं।ठीक उसी प्रकार मोटर दुर्घटना के मामले में फस्ट एक्सीडेंट रिपोर्ट भी लिख कर 48 घण्टा के अंदर जरूरी है। उसके बाद आईएआर यानी इंट्रीम एक्सीडेंट रिपोर्ट भेजना है व 16 दिन के अंदर दुर्घटना के मामले में जांच कर देना है। उन्होंने कहा कि इंजुरी व मौत दोनो केस में मुआवजा का प्रावधान है। मौके पर चीफ एलएडीसीएस प्रभात कुमार श्रीवास्तव ने मुआवजा पाने के कानूनी प्रक्रियाओं के बारे विस्तृत जानकारी दी।

## आधार कार्ड जमा करने के बाद भी तीन घरों में नहीं पहुंचा नल का जल

नवीन मेल संवाददाता

**जलडेगा।** प्रखंड के कोनमेरला बाजार टोली में लोगों के घरों तक पाइपलाइन के माध्यम से स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के लिए पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल सिमडेगा के द्वारा जल जीवन मिशन अंतर्गत पांच सोलर जलमीनार लगाए गए हैं। शुक्रवार को ग्रामीण समाचार की टीम ने कोनमेरला बाजार टोली में जल जीवन मिशन की ग्राउंड रिपोर्ट की जिसमें जल जीवन मिशन योजना के कई सच सामने आए। कहीं अब तक कनेक्शन नहीं पहुंचा तो कहीं नल लगने के बावजूद पानी नहीं आया है। कहीं लीकेज पाइप से पानी बह रहा है। वहीं कई जगह पाइप को खुला रख कर छोड़ दिया गया है। कहीं नल टूट जाने से हजारों लीटर पानी रोज बर्बाद हो रहा है। जिसके कारण घरों में लगे नल में पानी नहीं पहुंच रहा है। वहीं अब तक जलमीनार में योजना बोर्ड भी नहीं लगाया गया है। संवेदक हीरा कंस्ट्रक्शन का एक बोर्ड ऐसे ही एक घर में रखा हुआ है। जिसके कारण लोगों को ये भी पता नहीं चल रहा है कि जलमीनार को बनाने वाले संवेदक का नाम क्या है और इससे जुड़ी शिकायत कहां करनी है।

### आधार कार्ड जमा करने के बाद भी तीन घरों को नहीं दिया कनेक्शन



बाजार टोली निवासी इशरत परवीन, शम्मा परवीन, सलमा खातून आज भी पानी के लिए भटक रही है। आरोप है कि नल कनेक्शन के लिए संवेदक द्वारा इनसे आधार कार्ड मांगा गया। इसके बाबजूद इन तीन परिवारों को आज तक कनेक्शन नहीं मिला, जिसके कारण ये परिवार गांव में पांच जलमीनार होने के बावजूद भी पानी की किल्लत से जूझ रहे हैं।

## झामुमो केंद्रीय सदस्य के नेतृत्व में चलाया गया सदस्यता अभियान

नवीन मेल संवाददाता

**कोलेबिरा।** प्रखंड क्षेत्र के लसिया कोम्बेकेरा करम टोली में झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय सदस्य फिरोज अली के नेतृत्व में झामुमो पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष दिशुम गुरु शिबू सोरेन एवं कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन जी के निर्देशानुसार सिमडेगा जिला के कोलेबिरा में सदस्यता अभियान चलाया गया जिसमें झारखंड की अबुआ सरकार और माननीय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के लोकप्रियता को देखते हुए सैकड़ों लोगों ने झामुमो का सदस्यता ग्रहण किया।मौके पर फिरोज अली ने सबका आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के कुशल नेतृत्व में हमारे झारखंड की अबुआ सरकार गरीब किसानों और आम जनों के लिए कई सारी जनकल्याणकारी योजनाएं चला रही हैं जिनका सीधा लाभ गरीब किसानों को मिल रहा है।युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने का काम किया जा रहा है,गरीब किसानों को अबुआ आवास दिया जा रहा है।युवतियों और महिलाओं को हमारी सरकार मैया सम्मान योजना के माध्यम से सम्मान राशि देने का काम कर रही है, अन्य कई सारी योजनाओं का लाभ गरीबों को मिल रहा है। जिससे प्रभावित होकर जिले में हजारों की संख्या में लोग झारखंड मुक्ति मोर्चा की सदस्यता ग्रहण कर रहे हैं।झारखंड मुक्ति मोर्चा पार्टी का सदस्य बनने के लिए लोग उत्साहित हैं ।इस अवसर पर कुलदीप केरकेट्टा,सुबोध केरकेट्टा, रितेश डुंगडुंग, रोबिन मिंज, किशोर मांझी, समद गोसाई, बिरसा केरकेट्टा, अंजली कुमारी, दिलशाद अंसारी, रंथु इंदवार, राजू केरकेट्टा, खाधू राम, गिरीश राम, मानिक चंद्रराम,मंसूर अंसारी,मुकेश बड़ाइक,राकेश बिलुंग, दयामनि बागे सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## तीन दिवसीय अंखड हरि कीर्तन सह श्रीमद भागवत यग महोत्सव

**कोलेबिरा।** प्रखंड क्षेत्र के ऐडेगा पंचायत अंतर्गत रामजड़ी बस्ती में तीन दिवसीय अंखड हरि कीर्तन सह श्रीमद भागवत यग महोत्सव का आयोजन के पहले दिन कलश यात्रा निकाली गयी।कलश यात्रा यज्ञ स्थल से आरंभ होकर देवनदी पहुंची। कलश यात्रा में 551 महिलाओं ने भाग लिया। कलश यात्रा देवनदी पहुंची जहां वैदिक मंत्रोच्यार के साथ कलश मे जल भरा गया। इसके बाद विभिन्न मार्ग होते हुए कलश यात्रा यग स्थल पहुंची।जहां कलश की स्थापना किया गया।रविवार को अधिवास व नामकरण के साथ अंखड हरि कीर्तध सह श्री भागवत यग आरंभ किया जायेगा। सोमवार को पुर्णाझुति व नगर भ्रमण कार्यक्रम के साथ कार्यक्रम का समापन किया जायेगा।पुरोहित प्रदीप पंडा,नकुल दास,मदन पंडा और अवधेश पाढ़ी शामिल है।

## बीजेपी की शक्ति केंद्र में संगठन महापर्व को लेकर हुई बैठक

नवीन मेल संवाददाता

**कोलेबिरा।** शनिवार को भारतीय जनता पार्टी मंडल कोलेबिरा के शक्तिकेन्द्र लचड़ागढ़ के सामुदायिक भवन में मंडल अध्यक्ष अशोक इंदवार के अध्यक्षता में संगठन महापर्व चुनाव संबंधित बैठक किया गय। बैठक में मुख्य अतिथि सिमडेगा जिला चुनाव प्रभारी भाजयुमो पूर्व प्रदेश अध्यक्ष किशलय तिवारी ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा झारखंड प्रदेश के निर्देशानुसार सभी मंडल के सभी बूथों में शक्तिकेन्द्र चुनाव अधिकारी सयोंजक सह सयोंजक एक टोली बनाकर 5 फरवरी तक सर्वसम्मति से बुथ अध्यक्ष का चयन करते हुए बुथ समिति का गठन कर लेना है साथ ही हर बुथ में 50 प्राथमिक सदस्य का गठन करते एक मजबूत बुथ समिति निर्माण करनें कि बात कही। मौके पर जिला चुनाव सह प्रभारी दुर्गविजय सिंह देव ,मंडल चुनाव प्रभारी विद्या बड़ाईक, सत्यापन समिति सदस्य सुजान मुंडा ,कोलेबिरा मंडल अध्यक्ष अशोक इंदवार, जलडेगा मंडल अध्यक्ष मोतीलाल ओहदार, बानो मंडल अध्यक्ष बालमुकुंद सिंह ,हुरदा मंडल महामंत्री प्रमोद कुमार सिंह ,कोलेबिरा मंडल महामंत्री रोहित कुमार सिंह, सह चुनवा प्रभारी जलडेगा चिंतामणी कुमार, जिला उपाध्यक्ष रामेश्वर सिंह, रमेश सिंह बलराम सिंह, संजय मिश्रा ,संजय ठाकुर ,प्रकाश बड़ाईक, बुधेश्वर सिंह ,हलधर सिंह ,बलराम प्रेमचन्द सिहं ,रामचंद्र बड़ाईक, सुभाष साहु रोहित सिंह जगेश्वर बिंझिया आदि उपस्थित थें।

## साहुबेडा पंचायत में झामुमो पंचायत कमिटी का गठन किया

**बानो।** प्रखण्ड के साहुबेडा पंचायत के ग्राम गोर्रा में शांतिएल हेमरोम की अध्यक्षता में बैठक हुई।बैठक में झामुमो पंचायत कमिटी का गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष सेजन हेमरोम, उपाध्यक्ष -प्रभु सहाय गुड़िया, चन्द्र मोहन डांग ,उप सचिव कामिल डांग कोषाध्यक्ष फ्रांसिस मड़की को बनाया गया।साथ ही विजय कंडुलना, प्यारा मड़की ,मंगल तोपनो,पतरस डांग ,मोक्सन भेंगरा ,सुफल भेंगरा, फिरोज खान, अल्फेड हेमरोम, विभीषण समद को सदस्य के रूप में चयनित किया गया। मौके पर उपस्थित केंद्रीय सदस्य सह झामुमो प्रखण्ड अध्यक्ष बिरज़ो कंडुलना नेसभी नव चयनित सदस्यों को माला पहनाकर कर स्वागत किया।मौके पर उन्होंने कहा झामुमो राज्य की बड़ी पार्टी है।आपके सुख दुःख में साथ है।

## जलछाजन मिशन से पंचायत में वाटरशेड कार्यक्रम का हुआ आयोजन

नवीन मेल संवाददाता



**सिमडेगा।** जलछालन मिशन के तहत बोलबा प्रखंड अंतर्गत कादोपानी पंचायत में वाटरशेड जागरूकता कार्यक्रम उप विकास आयुक्त, सिमडेगा श्री संदीप कुमार दोरायबुरु की अध्यक्षता में संपन्न किया गया।मौके पर भूमि संरक्षण पदाधिकारी मो. दानिश मिराज, तकनीकी विशेषज्ञ डब्ल्युसीडीसी पदाधिकारी सुभाष कुमार, परियोजना पदाधिकारी, मुखिया, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी, सहायक अभियंता, कनीय अभियंता, जलछाजन कार्यक्रम से जुड़े पास्कल डुंगडुंग, ममता एक्का, प्रदीप भगत, राजेश तिर्की, कमला देवी, नित्यानंद सिंह, भोगेश्वरी देवी, आमद कुमुद, मेनन तिर्की सहित अन्य उपस्थित थे।भूमि संसाधन विभाग भारत सरकार से प्राप्त निर्देशो के अनुक्रम मे प्रदेश में प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना - वाटरशेड 2.0 परियोजना के कार्यक्षेत्र में वाटरशेड यात्रा अभियान का आयोजन किया जा रहा है। जिसका मुख्य उदेश्य मिटटी-जलसंरक्षण और वाटरशेड संरचनाओं के विकास के प्रति आम जन को जागरूक करना है एवं विभिन्न गतिविधियों एवं कार्यक्रमों का आयोजन कर जनप्रतिनिधियों एवं स्थानीय स्तर पर अधिक से अधिक ग्रामीणों तक प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना - वाटरशेड विकास 2.0 परियोजना की उपयोगिता, किये गये कार्यों इनके परिणामों और इनसे ग्रामीणों को प्राप्त हुए लाभ के संदर्भ में जागरूकता एवं सहभागिता को बढ़ाना है।इसी तरह सिमडेगा जिले में प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना - वाटरशेड विकास 2.0 योजना के विभिन्न आयामों को समाहित कर भारत सरकार द्वारा डिजाईन की गई प्रचार रथ (वैन) का परियोजना के क्षेत्रों में भ्रमण जो 27 फरवरी से 01 मार्च 2025 तक परियोजना क्षेत्र बोलबा प्रखंड के कादोपानी पंचायत एवं समसेरा पंचायत के ग्रामों मे भ्रमण करते हुये ग्रामीण-जनों को संवेदित एवं जागरूक करने का कार्य करेगी।

## जेएससीए अंडर 23 प्रतियोगिता में सिमडेगा ने खूंटी को 137 रन से किया पराजित

**सिमडेगा।** जेएससीए अंतरजिला अंडर 23 क्रिकेट प्रतियोगिता का आज का मैच गुमला के शहिद तेलंगा खड़िया स्टेडियम में सिमडेगा और खूंटी के बीच खेल गया। जिसमें सिमडेगा की टीम ने 137 रन से खूंटी को पराजित कर जीत दर्ज की।जेएससीए अंतरजिला अंडर 23 क्रिकेट प्रतियोगिता में आज सिमडेगा की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 45.3 ओवर में 174 रन बनाए। सिमडेगा की टीम से गुरुशरण ने छह चौके के बदौलत 51 रन बनाए। वहीं सुभादीप साहा ने 03 चौके की मदद से 43 रन बनाए हैं, और हर्ष कुमार ने 04 चौके की मदद से 28 रन बनाए। जवाबी पारी खेलते हुए खूंटी की टीम महज 74 रन बनाकर 21.5 ओवर में सिमट गई। सिमडेगा की टीम से हर्ष कुमार ने 20 रन देकर 07 विकेट लिए, हर्ष ज्ञानि ने 46 रन देकर 03 विकेट लिए और तनिष्क चौबे ने 10 रन देकर 02 विकेट झटके। इस मैच में अंपायर की भूमिका मनोरंजन कांजीलाल और ओमप्रकाश राय ने, तथा स्कोरर अनिकेत कुमार और संदीप रॉय ने निभाई।

## विधायक ने ग्रामीणों को दिया कई योजनाओं का तोहफा, किया शिलान्यास

नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** जिला योजना अनाबद्ध नीधि योजना एवं विकास विभाग द्वारा सदर प्रखंड के पिथरा के रिगड़ी में 1550 फिट पीसीसी पथ का शिलान्यास विधायक भूषण बाड़ा ने किया। विधायक भूषण बाड़ा ने सदर प्रखंड के कोचेडेगा के फुलझैर में 2 स्पेन पुलिया और 75 फिट गार्डवाल निर्माण कार्य का भी शिलान्यास, कुरडेग के गड़ियाजोर सावां कदमटोली बस्ती से स्कूल तक 1500 फिट पीसीसी पथ का शिलान्यास, कुरडेग पंचायत बड़कीबिऊरा के डोंगापानी में 1 स्पेन पुलिया निर्माण कार्य का भी विधायक भूषण बाड़ा ने शिलान्यास किया। विधायक ने योजना निर्माण के लिए सभी ग्रामीणों को बधाई दी। विधायक ने कहा कि आज विकास के अनगिनत कार्य धरातल में उतारा गया है। आने वाले दिनों में इसका लाभ ग्रामीणों को मिलेगा। विधायक ने कहा कि ग्रामीणों की सभी समस्याओं को दूर किया जा रहा है। ग्रामीण योजनाओं को गुणवत्तापूर्ण तरीके से कराएं। ताकि सभी योजनाएं मजबूत बनें और ग्रामीणों को लंबे समय तक योजना का लाभ मिल सके। योजनाओं के विकास में किसी तरह की कोई लापरवाही बरती जाती है अथवा गुणवत्ता में किसी तरह की कोई कमी पाई जाती है, तो इसकी सूचना दें। विकास कार्य मे किसी भी तरह का कोई समझौता नहीं किया जाएगा।



### जनता की भावनाओं एवं मांग के अनुरूप हो रहा है क्षेत्र का तेजी से विकास: जोसिमा खाखा

शिलान्यास कार्यक्रम में उपस्थित जिप सदस्य जोसिमा खाखा ने विधायक भूषण बाड़ा द्वारा किये जा रहे विकास योजनाओं को एक एक कर गिनाया। उन्होंने कहा कि विधायक भूषण बाड़ा के दूरदर्शिता सोंच के कारण आज सिमडेगा में विकास की लंबी लकीरें खींची जा रही है। राज्य सरकार भी जनता की समस्याओं को दूर करने को लेकर गंभीर है। कार्यक्रम में 20 सूत्री उपाध्यक्ष मनोज जायसवाल,प्रखंड अध्यक्ष अजीत लकड़ा,सिमडेगा 20 सूत्री अध्यक्ष सिलबेस्टर बघवार,कुरडेग 20 सूत्री अध्यक्ष वाल्टर टोप्पो, विधायक प्रतिनिधि दीपक जायसवाल,युवा जिला महासचिव आशीष कुमार साहू,संजय तिर्की,नीला नाग, जुली लुगुन,पंचायत अध्यक्ष सुनील कुजूर,मुखिया प्रतिभा कुजूर, उत्तम सिंह,रोहित मिश्रा, पोरतास तिग्गा,सुरजन कुजूर, रोसा कुल्लू, इमलेन कुजूर,आशा लकड़ा,अंजना किंडो,आदि ग्रामीण मौजूद थे।

# न्यूज बॉक्स

## जनप्रतिनिधियों को प्रखंड के अधिकारियो के उपेक्षित करने से जनप्रतिनिधियों में नाराजगी

**बोलबा।** बोलबा प्रखंड के प्रखंड प्रमुख सहित जनप्रतिनिधियों को अधिकारियो द्वारा उपेक्षित करने से जनप्रतिनिधियों में नराजगी।इस सम्बन्ध में प्रखंड प्रमुख सुनीता केरकेट्टा ने बताया कि आज दिनांक एक मार्च को जल छाजन योजना को लेकर. बोलबा प्रखंड के समसेरा एवं कदोपानी पंचायत में उपायुक्त सिमडेगा, उप विकास आयुक्त सहित कई बड़े अधिकारियो का. दौरा हुआ जिसका लिखित या मौखिक सूचना नहीं दिया गया. उन्होंने बताया कि पूर्व में भी छोटे या बड़े कार्यक्रम आयोजित होता है जिसका कोई जानकारी प्रमुख सहित जन प्रतिनिधियों को नहीं दिया जाता है. इस सम्बन्ध में जनप्रतिनिधियों ने उपायुक्त सिमडेगा को एक लिखत आवेदन देने का निर्णय लिया है।

## बानो शिव मंदिर में 3 मार्च से होगा अखंड हरिकीर्तन का आयोजन

**बानो।** प्रखण्ड मुख्यालय स्थित शिव मंदिर का स्थापना दिवस को लेकर 3मार्च से अष्ट प्रहरी अखंड हरि कीर्तन का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम में 3मार्च को कलश यात्रा 4 मार्च को प्रातः नामकरण व 5 मार्च को नगर भर्मण एवं भंडारा का आयोजन किया जायेगा।कार्यक्रम सफल बनाने के लिए प्रखण्ड सहित अन्य गांवों से कीर्तन मंडलियों को आमंत्रित किया गया है। उक्त जानकारी शिव मंदिर पूजा। समिति के अध्यक्ष आनन्द चौरसिया ने दी।

## लचरागढ़ पंचायत भवन सभागार में पंचायत कार्यकारिणी सदस्यों की बैठक

**कोलेबिरा।** प्रखंड के लचरागढ़ पंचायत भवन सभागार में पंचायत कार्यकारिणी सदस्यों की बैठक हुइ।बैठक की अध्यक्षता लचरागढ़ मुखिया जीरेन मड़की ने किया।बैठक मे वितीय वर्ष. 25-26 मे योजना चयन को लेकर चर्चा किया गया।बाल हितैषी कार्यक्रम के सफल कियान्वयन को लेकर विचार वियर्श किया गया।बैठक में पंचायत के विकास को लेकर चर्चा किया गया। इस अवसर पर उपमुखिया निलय प्रेम तिर्की,भागीरथी साहु,सोनिया कुमारी,एलिसा होबो,भुनेश्वरी देवी,तरसिला समद,लक्ष्मी देवी,नीलम बाघवार के अलावा अन्य लोग उपस्थित थे।

## बजरंग दल हुरदा के सदस्यों ने जंगल में लगी आग को बुझाया

**बानो।** प्रखंड क्षेत्र के हुरदा जंगल में दोपहर को अज्ञात लोगों के द्वारा जंगल में आग लगा दी गई थी,स्थानीय लोगों के द्वारा आग लगने की सूचना बजरंग दल हुरदा को दी गई सुचना मिलते ही तुरंत बजरंग दल के सदस्य गण जंगल पहुंचे और आग बुझाने का प्रयास किया गया।जंगल में दोपहर के समय तेज धूप, सुखी लकड़ी और सूखे पत्ते होने के कारण तेज गति से आग की लपटें फैलने लगी थी काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। जंगल में लगी आग को बुझाने में बजरंग दल हुरदा के जसबीर सिंह,अमृत साहू,घुरन सिंह,राजू साहू के अलावा अन्य लोगों की भूमिका रही।

## संगठन के दायित्वों का शत प्रतिशत निर्वहन करें : किशलय तिवारी

**सिमडेगा।** भारतीय जनता पार्टी झारखंड प्रदेश के जिला चुनाव प्रभारी किशलय तिवारी की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन हुआ। बीजेपी जिला कार्यालय में आयोजित बैठक में बूथ समिति गठन को लेकर विस्तृत समीक्षा की गई. विभिन्न मंडलों के मंडल अध्यक्ष, मंडल प्रभारी से मंडल वाइज कार्य प्रणाली की जानकारी ली गई. किशलय तिवारी ने सभी बूथों में बूथ समिति का गठन 5 फरवरी तक कर लेने की बात कही. संगठन के दिशा निर्देशों का सभी पार्टी के कार्यकर्ता अपने अपने मंडलों में अनुपालन सुनिश्चित करें. आगामी लोकसभा और विधानसभा चुनाव में बीजेपी का परचम लहरे, इसी सोच और कृतबद्धता के साथ संगठन के दायित्वों का निर्वहन करें मौके पर दुर्ग विजय सिंह देव, श्रद्धानंद बेसरा, दीपक पूरी, मुकेश श्रीवास्तव, रंजन शाह, मार्गेट पिंकी बा, अनिरुद्ध सिंह, अनूप केशरी, तुलसी साहू, सुरजन बड़ाईक सहित संगठन के पदाधिकारी, कार्यकर्ता उपस्थित थें।

## सिमडेगा में ट्रैफिक व्यवस्था संभाल कर देश सेवा का गुर सीखेंगे एनसीसी कैड्स



**सिमडेगा।** खेल की नगरी सिमडेगा जहां का हर बच्चा काफी मेहनती और मजबूत होता है। यहां एनसीसी के माध्यम से इनके अंदर अनुशासन से देश और समाज की सेवा करने के गुर भी सिखाए जा रहे हैं। आदिवासी बहुल सिमडेगा में एनसीसी कैड्स को उनकी अपनी ट्रेनिंग के साथ साथ देश और समाज की सेवा के गुर भी सिखाए जा रहे हैं। इसके लिए से समय पर जिला प्रशासन भी सामाजिक कार्य और वो विधि व्यवस्था संधारण में इनका प्रयोग करती है।जिससे आने वाले समय में ये एनसीसी जिस क्षेत्र में जाएं अपना और सिमडेगा का नाम रोशन करते हुए देश की सेवा में समर्पित रहें। सिमडेगा पुलिस भी इन एनसीसी कैड्स को देश सेवा के गुर सीखने के लिए समय समय पर अपने कार्यों में सेवा लेती है। सिमडेगा एसपी सौरभ ने कहा कि आने वाले समय में सिमडेगा में सड़क हादसों पर अंकुश लगाने के लिए ट्रैफिक व्यवस्था को संभालने में एनसीसी कैड्स की सेवा ली जाएगी। जिससे इनके अंदर अनुशासन क्षमता बढ़ सके और ये देश सेवा की गुरु सीख सकें। सिमडेगा की विधि व्यवस्था संधारण में सेवा लेकर एनसीसी कैड्स को जिस तरह समाज और देश की सेवा के लिए तैयार की जा रही है। वह आने वाले समय में इनको एक अच्छे प्रशासक के रूप में उभारेगी।

## पुलिस लाइन के पास ट्रैक्टर से दबकर चालक की हुई मौत

**सिमडेगा।** सिमडेगा पुलिस लाइन के पास शनिवार सुबह एक ट्रक के धक्के से ट्रैक्टर पलट गया। जिसमें दबकर ट्रैक्टर चालक की मौत हो गई।बताया गया कि सदर थाना क्षेत्र के तामड़ा बूढ़ी कुटाइन निवासी अरविंद लकड़ा नामक व्यक्ति ट्रैक्टर लेकर तेल भरवाने पेट्रोल पम्प गया था। वहां से लौटने के दौरान पुलिस लाइन के पास एक ट्रक उसके ट्रैक्टर को धक्का मारते हुए भाग गई। जिससे ट्रैक्टर पुलिस लाइन की साइन बोर्ड से टकराता हुआ पलट गया। जिससे चालक अरविंद ट्रैक्टर के नीचे दब गया। घटना के बाद घटनास्थल पहुंचे पुलिस कर्मियों ने जब उसे उठाकर सदर अस्पताल लाए, तो वहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस उसके शव को कब्जे में लेकर अग्रतर कार्रवाई शुरू कर दी है। इधर पुलिस आजा ट्रक का पता लग रही है इधर घटना की सूचना के बाद परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

## जराकेल में वेबिनार के माध्यम से आत्म निर्भरता इन पल्शेस का कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**बानो।** बानो प्रखण्ड के जराकेल गांव में वेबिनार के माध्यम से आत्म निर्भरता इन पल्शेस का कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इस वेबिनर में किसानों की आय दोगुनी करने की चर्चा की गई। एटीएम अबेदुलहा ऐहरारने कहा कि खेती की लागत घटाएं, दलहन की खेती अपनाएं।भारत सरकार किसानों को कम लागत में अधिक मुनाफा दिलाने के लिए दलहन की खेती को बढ़ावा दे रही है। दलहन की खेती किसानों के लिए लागत में बचत और अधिक लाभ का अवसर प्रदान करती है।दलहन फसलों में पानी की कम खपत होती है,जिससे जल संरक्षण संभव होता है।यह भूमि की उर्वरता बढ़ाने के साथ-साथ लंबे समय तक भंडारण की सुविधा भी प्रदान करती है।इस वेबिनर में कृषि मित्र शंकर सिंह,एटीएम ओबैदुल्लाह एहरार और श्याम कुमार,केवीके वैज्ञानिक डॉक्टर हिमांशु सिंह,डॉक्टर बंधनु उरांव उपस्थित थे।

# नुक्कड़ नाटक के माध्यम से दिया सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा का संदेश



## नियम तोड़ने वाले वाहन चालकों पर होगी कार्रवाई

बोंगाबाद। नियम तोड़ने वाले वाहन चालकों पर कार्रवाई कर उनके चालान बनाए जाएंगे। दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए बिना हेलमेट बाइक चलाते पाए जाने पर कार्रवाई की जाएगी।सड़क पर वाहन चलाते समय बरती जानें वाले नियमों की पालना का अभाव था, उन वाहन चालकों को नियमों से अवगत कराया।एवं यमराज से भेंट करवाया गया,बेंगाबाद थाना अंतर्गत खंडोली मोड़ के पास सड़क सुरक्षा के तहत थाना के पदाधिकारियों एवं ग्रामीणों के सहयोग से नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। जिसमें यातायात नियमों की अवहेलना करने वालों को नाटकीय तरीके से यमराज से मिलवाया गया। वहीं यमराज के रूप में देखकर लोगों ने माफी मांगी लोगों ने सामने यमराज को देखकर यमराज से माफी मांगी और भविष्य में यातायात नियमों को पालन करने का प्रण लिया। वहीं थाना प्रभारी ने कहा कि इस प्रकार का आयोजन हेतु पुलिस अधीक्षक महोदय से आदेश प्राप्त था ताकि सड़क दुर्घटना को नियंत्रित किया जा सके। मौके पर थाना प्रभारी जितेंद्र कुमार सिंह, एस आई विजय मंडल,उदय नारायण सिंह,ए एस आई अशोक कुमार समेत सदल बल मौजूद थे।

**नवीन मेल संवाददाता। बोंगाबाद**

सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा के तहत हेलमेट लगाकर नाटक का मंचन करते हुए।सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत शनिवार को बेंगाबाद थाना क्षेत्र के खंडोली मोड में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से सड़क सुरक्षा का संदेश दिया गया। परिवहन विभाग व यातायात पुलिस की देख-रेख में एक निजी संस्था द्वारा नाटक की प्रस्तुति दी गई।बेंगाबाद थाना प्रभारी जितेंद्र कुमार सिंह की अगुवाई में अभियान चलाया गया। बिना हेलमेट व सीट बेल्ट बांधे वाहन चलाने वालों को प्रेरित की गई। साथ ही नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया। इधर, शनिवार को बेंगाबाद थाना क्षेत्रों के खंडोली मोड में नुक्कड़ नाटकों,यमराज के रूप में व कठपुतली नृत्य के माध्यम से जन साधारण को पुलिस एवं परिवहन विभाग द्वारा यातायात नियमों की जानकारियां दी गई।

# जलापूर्ति को लेकर ग्रामीणों का अनिश्चितकालीन धरना जारी



**बिरनी।** नावाघाट, बाराडीह पंचायत में 29 करोड़ की लागत से बनी पानी टंकी से जलापूर्ति शुरू कराने की मांग को लेकर ग्रामीणों का अनिश्चितकालीन धरना शनिवार को सातवें दिन भी जारी रहा। धरनार्थियों ने विभाग पर उदासीनता का आरोप लगाते हुए कहा कि उनकी समस्याओं की ओर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। रविवार को धरने के आठवें दिन ग्रामीण शाम को मशाल जुलूस निकालेंगे और बीडीओ को ज्ञापन सौंपेंगे। इसके बाद भी यदि समाधान नहीं हुआ, तो आमरण-अनशन शुरू करने की चेतावनी दी गई है। ग्रामीणों ने साफ कहा है कि यदि जलापूर्ति बहाल नहीं की गई, तो वे सड़कों पर उतरकर आंदोलन तेज करेंगे। धरने पर बैठे कई ग्रामीणों की तबीयत बिगड़ने लगी है, जिसके चलते स्वास्थ्य विभाग की टीम मौके पर पहुंचकर इलाज कर रही है। बता दें कि 29 करोड़ की लागत से बनी इस पानी टंकी से जलापूर्ति बीते दो वर्षों से ठप है, जिससे ग्रामीणों को काफी परेशानी हो रही है।

## समाजसेवी सरयू नारायण चौधरी की तीसरी पुण्यतिथि मनाई गई



**गांडेय,गिरिडीह।** गांडेय प्रखंड के फुलझरिया पंचायत के अर्जुनबाद गांव में शनिवार को समाजसेवी स्वर्गीय सरयु नारायण चौधरी की तीसरी पुण्यतिथि मनाई गई। आयोजित पुण्यतिथि कार्यक्रम में सबसे पहले स्वर्गीय चौधरी के पुत्र प्रवीण चौधरी , पुत्रवधु सह पूर्व प्रमुख अंजु देवी सहित अन्य पारिवारिक सदस्यों ने स्वर्गीय चौधरी के तस्वीर की पूजा अर्चना किया। कार्यक्रम में शामिल भाजपा नेता अरुण हाजरा ने स्वर्गीय सरयु नारायण चौधरी के जीवनी पर अपने विचार व्यक्त किए, सुनील सिंह, तारकेश्वर साव, महेन्द्र मंडल, सुरेन्द्र लोहानी आदि ने भी अपने - अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में निर्णय लिया गया कि स्वर्गीय सरयु नारायण चौधरी की एक प्रतिमा स्थापित किया जाएगा। प्रतिमा स्थापित के लिए एक कमिटि का भी गठन किया जाएगा। बता दें कि सरयु नारायण चौधरी गांडेय प्रखंड के सामाजिक, धार्मिक और राजनीतिक क्षेत्र में बढ़-चढ़कर कर भाग लेते थे। बीते वर्ष 2022 में 1 मार्च को लंबे समय से बीमार रहने के कारण उनकी मृत्यु हो गई थी जिसके बाद हर वर्ष एक मार्च को उनके परिजन और ग्रामीण श्रद्धांजलि सभा का आयोजन करके उनकी पुण्यतिथि मनाते हैं। पुण्यतिथि कार्यक्रम में सिकंदर मंडल, पिंटू चौधरी, दीपक चौधरी, मोहन चौधरी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## जागरूकता रैली के साथ यूसिल में स्वच्छता पखवाड़ा का हुआ समापन

**जादूगोड़ा।** भारत सरकार का उपक्रम यूरेनियम कॉपरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (यूसिल), जादूगोड़ा में चल रहे स्वच्छता पखवाड़ा का समापन शुक्रवार हुआ. अंतिम दिन नरवापहाड़ में स्वच्छता जागरूकता रैली निकाली गई. रैली में कंपनी के अधिकारी व स्कूली बच्चे शामिल हुए. वहीं, परमाणु ऊर्जा विभाग के निर्देश पर नरवापहाड़ यूरेनियम प्रोजेक्ट प्रबंधन की ओर से सिदो-कान्हू मेमोरियल स्कूल के बच्चों के बीच पेंटिंग व चित्रांकन प्रतियोगिता कराई गई. अच्छी पेंटिंग बनाने वालों को पुरस्कृत किया गया. इसके पूर्व केड़ो गांव में स्वच्छता जागरूकता रैली निकाली गई. रेली में शामिल छात्र-छात्राएं स्वच्छ रहेगा भारत, समृद्ध होगा भारत नारा लगाते चल रहे थे. इस मौके पर यूसिल के सहायक प्रशासनिक अधिकारी डीएन सिंह, गाजिया हांसदा व प्राचार्य बनवारी दास ने बच्चों से अपने घर व आसपास स्वच्छता का संदेश फैलाने की अपील की.

## गावां अस्पताल में महिला चिकित्सक पदस्थापना की मांग को लेकर मंत्री से मिले प्रखंड अध्यक्ष



**गावां, गिरिडीह।** गावां कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष रंधीर चौधरी ने स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी से मिलकर गावां अस्पताल में महिला चिकित्सक पदस्थापना की मांग की है। उन्होंने इसको लेकर मंत्री को ज्ञापन भी सौंपा है। ज्ञापन में कहा गया है कि गावां प्रखंड मुख्यालय जिला के अंतिम छोर और सबसे दूर में बसा है। यहां से जिला मुख्यालय की दूरी 90 किमी है। इस कारण यहां की गरीब, आदिवासी महिलाओं को जिला मुख्यालय में जाकर इलाज करवाना असंभव होता है। इस कारण कई महिलाओं को अपने जान से हाथ धोना पड़ता है। उन्होंने प्राथमिकता के आधार पर गावां अस्पताल में महिला चिकित्सक पदस्थापना की मांग की है। इसके अलावा उन्होंने झारखंड प्रदेश प्रभारी के-राजू और पूर्व प्रदेश प्रभारी राजेश ठाकुर से भी मुलाकात की।

## बीडीओ ने पंचायत सेवक व रोजगार सेवकों के साथ की बैठक

# चल रही विकास योजनाओं के कार्यों का लिया जायजा



**नवीन मेल संवाददाता। गांडेय**

गांडेय प्रखंड परिसर स्थित सभाकक्ष में शनिवार को बीडीओ निशांत अंजुम ने विभिन्न पंचायतों के पंचायत सेवक और रोजगार सेवक के साथ बैठक किया। बैठक में स्वच्छता विभाग के जुड़े योजनाओं के परिचालन के विषय में विस्तृत चर्चा की गई। बीडीओ ने कहा कि पंचायत स्तर के सभी निर्मित अंबुआ आवास में शौचालय का निर्माण किया जाएगा। प्रखंड के पांच पंचायत क्रमशः गंजकुडा, डोकीडीह, गांडेय, बडकीटांड और मेदनीसारे पंचायत में स्वच्छता विभाग की और से कचड़ा संग्रह के लिए एक वाहन का परिचालन किया जाएगा साथ ही कचड़ा को जमा करने के लिए पंचायत स्तर पर एक शेड का निर्माण किया जाएगा। बैठक में डोकीडीह पंचायत के मुखिया मो. अकबर अंसारी, मनरेगा बड़ा बाबू दिलीप बावरी, प्रखंड कंप्यूटर आपरेटर अभिषेक सिन्हा सहित विभिन्न पंचायत के रोजगार सेवक पंचायत सेवक सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## 'अनुभूति एक एहसास' सांस्कृतिक उत्सव शुरू

**धनबाद।** धनबाद में ऑल इंडिया सांस्कृतिक कंपटीशन सह उत्सव (फेस्टिवल) 'अनुभूति एक एहसास' शनिवार को बड़े धूमधाम से शुरू हुआ. दो दिवसीय इस सांस्कृतिक उत्सव का उद्घाटन बीसीसीएल सीएमडी समीरन दत्ता की पत्नी मिली दत्ता व डायरेक्टर पर्सनल की पत्नी पूर्विता रमैया ने किया. मौके पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता वैभव सिन्हा, काला हीरा के डायरेक्टर राजेंद्र प्रसाद, एआईटीसी उपाध्यक्ष वशिष्ठ सिन्हा, क्लब इंडिया के संस्थापक संतोष रजक, समाजसेवी सुमित सवारियां, अनुभूति एक एहसास की सचिव सारसी चंद्रा व आकाश सिंह विशेष रूप से मौजूद रहे. पहले दिन प्रतिभागियों ने डांस, सिंगिंग, इंस्ट्रूमेंट्स और ड्राइंग प्रतियोगिताओं में भाग लेकर अपनी कला का प्रदर्शन किया. दो दिवसीय आयोजन के पहले दिन स्थानीय बच्चों ने शानदार प्रस्तुतियां दीं. प्रतियोगिता के निर्णायक सिमरन छाबड़ा ने प्रतिभागियों के प्रदर्शन का बारीकी से आकलन किया और प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विजेताओं को मेडल प प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया.

## ब्लास्टिंग कर अवैध मुहानों को बंद करने का कार्य हुआ शुरू



**रामगढ़।** अवैध खनन पर रोक को लेकर उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार द्वारा जिले के अलग-अलग क्षेत्र में अवैध मुहानों को चिन्हित कर उन्हें बंद करने का निर्देश दिया गया है। विगत दिनों में उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार, पुलिस अधीक्षक अजय कुमार, वन प्रमंडल पदाधिकारी नीतीश कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी अनुराग कुमार तिवारी, खनन पदाधिकारी निशांत अभिषेक सहित अन्य अधिकारियों द्वारा मांडू प्रखंड अंतर्गत बसंतपुर क्षेत्र में विभिन्न अवैध मुहानों को चिन्हित किया गया था। इसी क्रम में शनिवार से चिन्हित अवैध मुहानों को बंद करने का कार्य प्रारंभ किया गया। इस दौरान विभिन्न मुहानों पर ब्लास्टिंग कर अवैध मुहानों को बंद किया गया।

## सशस्त्र सीमा बल ने निःशुल्क मानव चिकित्सा शिविर का किया आयोजन,लाभान्वित हुए ग्रामीण




**तिसरी।** 35 वाहिनी, सशस्त्र सीमा बल गिरिडीह के 'एफ ' समवाय द्वारा शनिवार को तिसरो में निःशुल्क मानव चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें तिसरो, सकसकिया, सागवारी एवं आस-पास के ग्रामीण लाभान्वित हुए। द्वितीय कमान अधिकारी डॉ अनिल कुमार के नेतृत्व में ग्रामीणों का निःशुल्क ईलाज कर दवाई वितरण किया गया क स्वस्थ रहने के लिए सभी को अपने आस-पास साफ-सफाई रखने और प्रतिदिन योग करने के प्रति भी जागरूक किया गया। इस कार्यक्रम में सशस्त्र सीमा बल एफ समवाय के प्रभारी जडेजा रमेश सिंह, ग्राम पंचायत मनसाडीह के मुखिया प्रतिनिधि लक्खी राम हेमब्रम, पूर्व मुखिया अनासियास हेमब्रम तथा अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे।

## स्वच्छ जमुआ एवं सुरक्षित जमुआ को लेकर बैठक

# सभी दुकानदार साफ-सफाई पर रखें ध्यान नहीं तो होगी कार्रवाई : बीडीओ




**नवीन मेल संवाददाता। जमुआ**

जमुआ चौक साफ एवं स्वछ रहे तथा जाम की समस्या से आजीवन छुटकारा मिले इसको लेकर जमुआ बीडीओ अमल कुमार लगातार प्रयासरत्त हैं, कई बार चौक का साफ सफाई एवं छोटे बड़े वाहनों का पार्किंग एवं सब्जी विक्रेताओं तथा एजेंटों के साथ बात चीत कर चौक को स्वच्छ बनाने का प्रयास कर चुकें हैं. इसी को अमली जामा पहनाने को लेकर शनिवार को प्रखंड सभागार में जमुआ के सभी जनप्रतिनिधियों तथा सामाजिक कार्यकर्ताओं सब्जी तथा फल विक्रेताओं एवं बस स्टैंड के एजेंटों के साथ सामूहिक बैठक कर सभी का मंतब्य लेते हुवे चौक को स्वच्छ बनाने एवं ट्रैफिक की समस्या से छुटकारा पाने को लेकर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई. बिडीओ ने कहा कि सभी दुकानदार साफ-सफाई पर ध्यान रखें नहीं सभी पर कार्रवाई की जाएगी। मौके पर बीडीओ अमल कुमार ने कहा कि जमुआ 42 पंचायतों वाला गिरिडीह जिले का सबसे बड़ा प्रखण्ड है. जमुआ चौक पर देवघर-जमुआ, कोडरमा-जमुआ, गिरिडीह जमुआ वाया चितरडीह तथा जमुआ-गिरिडीह वाया कोवाड़ का मिलन केन्द्र है. पुराना प्रखण्ड होने तथा मिजार्गंज पुराना स्थानीय बाजार होने के कारण प्रखण्ड मुख्यालय में घना मानव बनावट है. प्रखण्ड मुख्यालय तथा स्थानीय प्रमुख बाजार के कारण प्रति दिन हजारों लोगों का आवागमन होता है, जिससे ठोस, तरल एवं प्लास्टिक प्रदूषन की समस्या चिन्तनीय है. सड़क किनारे अतिक्रमण के कारण विधि व्यवस्था की समस्या भी उत्पन्न होते रहती है. उन्होंने कहा कि स्वस्थ एवं सुरक्षित जमुआ के निर्माण के निमित सभी स्थानीय गणमान्य, व्यक्तियों एवं पत्रकार बन्धुओं, समाज सेवियों, सभी राजनीतिक दलों एवं पंचायती राज के निर्वाचित जनप्रतिनिधियों, 20 सूत्री के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं सदस्यों, वाहन एजेंटों तथा सरकार के विभिन्न विभागों के कर्मियों के साथ आज आवश्यक बैठक कर कई अहम निर्णय लिया गया. जिसमें मुख्य रूप से निर्णय लिया गया कि सभी दुकानदार अपने अपने घरों दुकानों एवं अन्य प्रतिष्ठानो के बाहर डस्ट विन लगाने, जिस घर एवं दुकान से ज्यादा पानी की निकासी होती है।

## कार का टायर फटा ट्रक से टक्कर में 2 घायल




**बेंगाबाद।** मधुपुर मुख्य मार्ग झलकडीहा के समीप मधुपुर तरफ से तेज रफ्तार में आ रहे वेगेनार कार के टायर ब्लास्ट होने से अनियंत्रित होकर सामने से आ रही ट्रक में मारी टक्कर ओर भिड़ंत हो गई, जिसमें चार पहिया वाहन के परखच्चे उड़ गए. उसमें सवार दो महिला बुरी तरह से घायल हो गए हैं.घटना शनिवार की सुबह बेंगाबाद मधुपुर मुख्य मार्ग झलकडीहा के समीप का है घटना के मामले में बताया गया कि. वेगेनार कार मधुपुर के तरफ से बेंगाबाद की ओर आ रहा था जबकि विपरीत दिशा में ट्रक जा रही थी. इसी बीच झलकडीहा गांव के समीप कार का टायर ब्लास्ट हो गया. जिससे वह अनियंत्रित होकर सामने में से आ रहे ट्रक में जोरदार टक्कर मार दिया ओर कार में सवार दो महिला घायल हैं।घायलों की पहचान डाल्टनगंज पलामू निवासी बीना गुप्ता 55 वर्षीय पति किशोर गुप्ता का पैर फ्रैक्कर हो गया जबकि ज्योति गुप्ता को हल्की चोटें आई है घटना के बाद तुरंत स्थानीय मुखिया प्रतिनिधि सह युवा समाजसेवी सहोदर मंडल,बीस सूत्री उपाध्यक्ष नीलकंठ मंडल सहित स्थानीय लोगों के सहयोग से सभी घायलों को तुरंत इलाज हेतु अस्पताल भेज दिया है. वहीं मौके पर घटना स्थल पर पहुंची बेंगाबाद पुलिस ओर जांच पड़ताल में जुटी हुई है।

## मुख्य कार्यालय अधीक्षक का विदाई सह सम्मान समारोह आयोजित

# देबयेंन्दु चौबे राजू कई महत्वपूर्ण पदों पर अपना योगदान दे चुके हैं



**नवीन मेल संवाददाता। धनबाद**

रेल मंडल कार्यालय में पर्सनल विभाग के मुख्य कार्यालय अधीक्षक देबयेंन्दु चौबे राजू का सेवानिवृत्ति सह सम्मान समारोह का आयोजन धनबाद रेलवे ग्राउंड के गैलरी हॉल मे किया गया। श्री चौबे का 1988 को मंडल रेल कार्यालय में बहाली हुआ और 37 वर्ष कार्य करने के बाद रिटायरमेंट हुए। कार्य के साथ-साथ स्पोर्ट्स एक्टिविटी में भी उनकी विशेष रुचि थी। खास कर क्रिकेट में ज्यादा झुकाव था। जिसके कारण वह धनबाद रेल मंडल के क्रिकेट खिलाड़ी भी थे। समिति से भी जुड़े रहे और ईस्ट सेंटर रेलवे कर्मचारी यूनियन ईसीआरकेयू धनबाद शाखा 2 के कई महत्वपूर्ण पदों पर पदाधिकारी रह चुके हैं। उनके पुत्र अभिषेक चौबे आदित्य बिरला ग्रुप मुंबई के सहायक प्रबंधक हैं। समारोह में सभी अतिथियों ने बारी-बारी से श्री चौबे के कार्यकाल पर प्रकाश डाला। केक काटे एवं उपहार दिया। साथ ही शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। सभी ने साथ में भोजन भी किया। विदाई समारोह में विशेष रूप से वरीय मंडल कार्मिक अधिकारी अजित कुमार, सहायक मंडल कार्मिक अधिकारी आर.के सिंह, सहायक मंडल कार्मिक अधिकारी अमरेंद्र कुमार, राकेश राव, एन के खवास, अमिताव बनर्जी, नितिन प्रधान, अमीर हासमी, महादेब सिंह, राकेश कुमार सिंह, राजीव कुमार, तपन भट्टाचार्जी, संकु सरकार, गौतम ओझा, आशीष मुखर्जी, मंजरी पांडेय, अनीता, लिपिका चौबे सुदर्शना पाण्डेय, सृष्टि और रजिया, रेल कर्मचारी क्रिकेट खिलाड़ी, परिवार के सदस्य एवं शुभचिंतक उपस्थित थे।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, रामगढ़**

**-: अति आवश्यक सूचना :-**

एदत् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय का अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0– 27/2024–25 जिसकी PR 347218 (Building)24-25(D) है। निविदा के क्रम सं0–21 में प्राक्कतिल राशि 2,48,400 रू0 मात्र है, को 1,48,400/– रू0 पढ़ा जाय। निविदा के अन्य शर्तें एवं सूचनाएँ यथावत् रहेगा।

ह0/–
कार्यपालक अभियंता
भवन प्रमण्डल, रामगढ़

PR 347501 Building (24-25)_D

**झारखण्ड सरकार**
**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, हजारीबाग**
**ई– अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**
ई–निविदा सं0 :– RDSPL/SD/HZB/42/2024-25

1.कार्य की विस्तृत विवरणी:

| ग्रुप सं0 | आईडेन्टीफिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | प्रखण्ड | योजना का नाम | प्राक्कलित राषि | अग्रधन की राषि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | RDSPL/SD/HZB/42/01//2024-25 | कटकमसांडी | समुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, कटकमसांडी का उन्नयन हेतु विविध निर्माण कार्य। | 11464000.00 | 229300.00 | 10000.00 | 9 माह |
| 2. | RDSPL/SD/HZB/42/02/2024-25 | पदमा | नव निर्मित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, पदमा का उन्नयन हेतु विविध निर्माण कार्य। | 14300600.00 | 286100.00 | 10000.00 | 9 माह |
| 3. | RDSPL/SD/HZB/42/03/2024-25 | विष्णुगढ़ | समुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, विष्णुगढ़ का उन्नयन हेतु विविध निर्माण कार्य। | 5327900.00 | 106600.00 | 10000.00 | 6 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 18.03.2025
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 18.03.2025 से दिनांक 28.03.2025 को अपराह्न 5:00 बजे तक
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, हजारीबाग
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय –29.03.2025 अपराह्न 5:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, हजारीबाग
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 9430154806
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, हजारीबाग

PR 347522 Rural Development(24-25)D

**झारखण्ड सरकार**
**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, हजारीबाग**

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या 41/2024–25**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | निविदा आमंत्रित करने वाले कार्यालय का नाम | कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, हजारीबाग। |
| 2. | परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि एवं समय | दिनांक 10.03.2025 को 4.00 बजे अपराहन् तक। |
| 3. | निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय | दिनांक 12.03.2025 (अपराहन् 03:00 बजे तक)। |
| 4. | निविदा खुलने की तिथि एवं समय | दिनांक 12.03.2025 (अपराहन् 03:30 बजे)। |
| 5. | परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान | कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, हजारीबाग। |
| 6. | निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान | जिला नियंत्रण कक्ष, हजारीबाग |

| ग्रुप सं0 | प्रखण्ड | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1. | कटकमदाग | स्वास्थ्य उप केन्द्र, कुसुम्भा का उन्नयन हेतु विविध निर्माण कार्य। | 4993500.00 | 100000.00 | 5000.00 | 6 माह |
| 2. | कटकमदाग | स्वास्थ्य उप केन्द्र, पसई का उन्नयन हेतु विविध निर्माण कार्य। | 931100.00 | 18700.00 | 1250.00 | 2 माह |
| 3. | कटकमदाग | स्वास्थ्य उप केन्द्र, लेम का उन्नयन हेतु विविध निर्माण कार्य। | 2251900.00 | 45100.00 | 5000.00 | 3 माह |
| 4. | चुरचू | आयुष्मान आरोग्य मंदिर, हेन्देगढ़ा का उन्नयन हेतु विविध निर्माण कार्य। | 2429300.00 | 48600.00 | 5000.00 | 3 माह |
| 5. | डाड़ी | आयुष्मान आरोग्य मंदिर, चैनपुर का उन्नयन हेतु विविध निर्माण कार्य। | 2723400.00 | 54500.00 | 5000.00 | 3 माह |

नोट: 1. प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है, तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
2. निविदा शुल्क किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत बैंक ड्राफ्ट के रुप में स्वीकार किया जाएगा, जो लौटाया नहीं जाएगा। बैंक ड्राफ्ट कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, हजारीबाग के पदनाम से देय होगा। बैंक ड्राफ्ट निविदा प्रकाशन के बाद की तिथि का मान्य होगा।
3. 10% प्रतिशत से न्यून निविदाओं के लिए additional performance security के रुप में परिमाण विपत्र की राशि से– i. 10% से 20% below तक की राशि का 20% तथा
ii. 20% से अधिक below की राशि का 30% अतिरिक्त जमानत का प्रावधान लागू होगा।

विस्तृत जानकारी के लिए निविदा की शर्तें कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,
हजारीबाग।

PR 347532 (Rural Development) 24-25 (D)

# वसंत और फागुन

भारतीय परिवेश में ऋतुएं अपनी विशेषता के कारण जाना जाता है। वसंत और फागुन महीना बहुत सुंदर रचनात्मक वातावरण के लिए जाना जाता है । वसंत ऋतुओं का राजा है तो फागुन इसकी सखा। वसंत और फागुन दो ऐसी ऋतुएं हैं जो



प्रेमलता ठाकुर

प्रकृति के सौंदर्य और उत्साह को दर्शाती हैं। वसंत ऋतु का आगमन प्रकृति के जागरण का प्रतीक है, जबकि फागुन ऋतु का आगमन रंगों और उत्साह का प्रतीक है। फागुन में राम खेले होरी स्त्रियां गाती है जब की कान्हा के हाथों में कनक पिचकारी और राधा के हाथों में अबीर की झोली फागुन में ये हमारी लोक संगीत का मानक है। वसंत ऋतु का आगमन फरवरी से मार्च तक होता है, जब प्रकृति अपने पूरे शबाब पर होती है। इस समय में फूल खिलते हैं, पेड़ हरे-भरे होते हैं, और मौसम सुहावना होता है। वसंत ऋतु का मौसम प्यार, स्नेह, और सौंदर्य का प्रतीक माना गया है। फागुन ऋतु का आगमन मार्च से अप्रैल तक होता है, जब होली का त्योहार मनाया जाता है। इस समय में लोग रंगों से खेलते हैं, और एक दूसरे को रंग लगाते हैं। फागुन ऋतु का मौसम उत्साह, रंग, और आनंद का प्रतीक है। वसंत और फागुन ऋतुओं का संगम हमें प्रकृति के सौंदर्य और उत्साह का अनुभव कराता है। यह हमें प्यार, स्नेह, और सौंदर्य की महत्ता को समझने का अवसर प्रदान करता है। हरेक वृक्ष फूलों से भरा होता है। गेंदा की खुशबू और रंग आकर्षित करती हैं। आइए वसंत और फागुन ऋतुओं का स्वागत करें और प्रकृति के सौंदर्य और उत्साह का अनुभव करें। आइए हम प्यार, स्नेह, और सौंदर्य की महत्ता को समझें और अपने जीवन में इसका पालन करें।

# खोखली शान

“बेटी के लिए योग्य वर की तलाश में हूँ। आपकी नजर में कोई होनहार योग्य लड़का हो तो बताइएगा।”... जज साहब ने अपने पी .ए से कहा। “एक बेहद होनहार योग्य लड़का है। लेकिन...”पी.एक साहब रुक गए। “अरे, बेहिचक बताइए ।” “सर ,अपना रघु का बेटा इस बार यू पी एस सी में बहुत अच्छा



रंजना वर्मा उन्मुक्त

रैंक लाया है। उसका बेटा पढ़ने में बहुत तेज है।” “ चपरासी का बेटा...” जज साहब की आँखों के सामने कुछ दिन पहले की घटना चलचित्र की भांति घुम गई। वह एक कार्यक्रम में सम्मिलित होने गए थे। उन्हें जहाँ बैठाया जा रहा था, उसी पंक्ति में रघु सबसे किनारे वाली कुर्सी पर बैठा हुआ था। उन्हें यह कतई गवारा न था की एक चपरासी उनके साथ वाली पंक्ति में बैठे। तब उनके कहने पर ही रघु को पीछे बैठने को कहा गया। “ थोड़े दिन की बात है सर, उसके बेटे के कलेक्टर बनते ही उसके घर की हालात बदल जायेगी। उसके लिए बड़े-बड़े घरों से रिश्ते आने लगेंगे। अभी उस पर आपका रोब है। वह आपकी बात मान लेगा।” जज साहब भी अपनी बेटी के लिए इतनी आसानी से मिलने वाले कलेक्टर वर को छोड़ना नहीं चाहते थे। अत: वह रघु के घर पहुँच गए। जज साहब को अपने घर आया देख रघु आश्चर्यचकित रह गया। उसने हाथ जोड़कर उनका स्वागत किया। “ जज साहब अपनी बेटी के लिए तुम्हारे बेटे का हाथ मांग रहे हैं।”... जज साहब के पीए ने कहा । जज साहब ने रघु की ओर देखा, वे सोच रहे थे कि रिश्ते की बात सुनकर वह खुश होगा। लेकिन इसके विपरीत रघु शांत था। वह बोला,” जिनके साथ वाली पंक्ति में भी मैं नहीं बैठ सकता, उनके साथ रिश्ते जोड़ने की बात मैं कैसे सोच सकता हूँ?”

# राधे-राधे-वृंदावन



अनिता रश्मि

वृंदा + वन = वृंदावन ! वृंदावन जाने का प्रोग्राम अचानक बना, मन उत्फुल्ल हो उठा। बेहद उल्लास से भरे मथुरा के कृष्ण के जन्मस्थल को देखने के बाद वृंदावन में उनकी लीलाओं को महसूस करने के लिए उस ओर बढ़े। रास्ते में एक भव्य मंदिर मिला। बड़े से परिसर में स्थित उस मंदिर को देखने के बाद ड्राइवर वापस लौटने को बेताब था। हम सबने जिद की, “यहाँ तक आ ही गए हैं, तो हमें वृंदावन के अन्य मंदिरों को भी देखना चाहिए।”

उसने कहा, “यहाँ तो 5000 से ज्यादा मंदिर हैं। शाम हो रही है। किस-किसको देखिएगा। दिल्ली लौटते-लौटते आधी रात हो जाएगी।” “हमें मुख्य मंदिर दिखला दें। खासकर वह जगह, जहाँ कृष्ण जी कदंब के गाछ पर... जहाँ उन्होंने बाल क्रीड़ाओं से हर व्यक्ति का मन मोह लिया था।”



यात्रा वृत्त

रास्ते भर हर घर-दुकान के बाहर ‘राधे-राधे’ लिखा हुआ मिला। कभी कान्हा का नाम आया भी तो राधा के बाद। हरदिल अजीज गोपाल यहाँ पर राधा जी के पीछे नजर आए।

हम तंग गलियों से गुजरते रहे।

यहाँ उस मंदिर की परिक्रमा भी लोग करते हैं। परिक्रमा करते हुए काफी वक्त लग जाता है। ड्राइवर बता रहा था। मुझमें परिक्रमा करने से ज्यादा उत्सुकता उस स्थान को देखने की थी, जहाँ की कृष्ण लीलाओं से पूरा विश्व चकित था।

थोड़ी देर में हम एक पेड़ के पास रुके। यह वही पेड़ था या बाद में नया विकसित हुआ?

ड्राइवर के अनुसार, “उसी की जड़ से विकसित हुआ है। यहाँ पर ही पेड़ के पत्तों के बीच जा छिपे थे, जब गोपियों का वस्त्र चुराया था।”

मैं विश्वास-अविश्वास के बीच झूलती उसे देखते हुए कार से उतरने लगी।

पेड़ से उतरकर एक झपट्टे से एक वानर ने इनका चश्मा जमीन पर गिरा दिया। मेरे हाथ पर झपट्टा मारा। यह सब इतनी तेजी में हुआ कि संभल भी नहीं पाए हम।

वह तो चश्मा उठाकर वापस पेड़ की ऊँची डाल पर जा चढ़ा था। हम असमंजस में घिरे साथ गए बच्चों को बचाने की कवायद करने लगे।

आस-पास के लोग जुट आए और सांत्वना देने लगे। उन्हीं में से किसी ने चना लाकर दिया।

झट उस कपि ने चश्मा जमीन पर फेंककर चने की ओर झपटा। चश्मे का शीशा, फ्रेम सब शहीद !

अब हम अंदर की ओर जा रहे थे। शाम रात में बदल रही थी। धीरे-धीरे धुप्प अँधेरा ! टॉर्च की रोशनी में साथी पंडे ने आगे की राह दिखाई।

इतनी संकरी गलियाँ, ऐसा अँधेरा...। बड़ा अजीब सा लग रहा था। ईंट से निर्मित सड़क पर चलते रहे।

एकाएक पाया, हम एक बड़े से मंदिर के पास पहुँच गए हैं। वहाँ भजन-आरती की तैयारी चल रही थी। आरती होने तक वहाँ हम रहे। आरती के बाद सामने ही स्थित एक और मंदिर की ओर बढ़े। पर मेरा ध्यान उस अँधेरे कोने में सिमटे एक घर की ओर था। अँधेरे को मात देनेवाले दीए की लौ देखी। इस दोनों मंदिरों की चकाचौंध से परे वह अंधकार की गर्त्त में डूबा अपनी कहानी आप कह रहा था।

‘संभवतः वह विधवाश्रम हो।’ - सोचा। वहाँ की विधवाओं की चर्चा उन दिनों जोरों पर थी। ‘वाटर’ फिल्म के विवाद के बाद उनके प्रति लोगों की उत्सुकता थी। मैं वहाँ जाकर, उनसे बात कर सच्चाई जानना चाहती थी।

घुप्प अँधेरे में मन का कोना भी बोल रहा था। कहा उसने वहाँ जाना इस समय श्रेयष्कर होगा? खासकर तब, जब एक बैल हमें दौडा चुका था और ‘ये’ पंडे के साथ उनके आग्रह पर दान देने के लिए उनके साथ जा चुके थे। लौटकर आने पर हमें वहाँ न पाकर निश्चित हो ढूँढते हुए असमंजस के शिकार हो जाएंगे। हम अंदर नहीं जा पाए। वहाँ जाने से पहले उन लोगों से अनुमति लेना भी आवश्यक लगा। थोड़ी देर में ‘ये’ लौटे तो हमें एक और मंदिर दिखाने के आश्वासन के साथ वे ही पंडा मौजूद थे।

हम अब बाँके बिहारी मंदिर के गेट पर थे। यहाँ भी कई वानर ! कैसे उन्हें पार करते हुए, अंदर पहुँचे। सब लोग कोई रिस्क लेना नहीं चाहते थे। उनसे बचते-बचाते हुए हम अंदर गए, तो पता चला, दिन में आने से तोतों से सामना भी होता। रात में कोई पशु-पक्षी नहीं मिलेंगे।

यहाँ मंदिर के साथ-साथ कृष्ण की कहानी बोल रही थी। वहाँ एक अन्य व्यक्ति हमें मिले. पंडित जी ने बताया, “यह देखो सामने इतनी वृंदा मतलब श्यामवर्णी तुलसी ! यह स्थल तुलसी के पौधों के लिए प्रसिद्ध है। कृष्ण की गोपियों की प्रतीक हैं।”

इतनी ज्यादा सघनता थी कि वृंदावन नाम ही पड़ गया इस जगह का।

फिर उन्होंने एक जगह को दिखलाया। बताया,“यह जगह वही है, जहाँ मोहन ने मुँह खोलकर यशोदा को पूरा ब्रह्माण्ड दिखलाया था।”

“हट ! यह जगह कैसे हो सकती है। यहाँ तो... राधे-राधे !”

“ऐसा न कहें। क्यों झूठ बोलूँगा।” फिर उनलोगों ने समय की दुहाई देते हुए हमें बाहर जाने पर मजबूर कर ही दिया। कदंब वृक्ष गहन अंधकार में डूबा हुआ। एक अजीब-सा एहसास, अजीब सी अनुभूति से घिरे हम बाहर जा रहे थे। अपने में मगन, कृष्ण में डूबे हुए। अब और किसी मंदिर को देखने की इच्छा नहीं थी। हमने वहाँ एक घंटे रुककर ही काफी कुछ पा लिया था।

# दोहे ऋतु बसंत के



बिनोद बेगाना

खेतों में सरसों खिली, मन में खिले गुलाब।  
मौसम के बदलाव से, बासंती हैं ख्वाब।।  
सरसों के सर पर सजे, पीत फूल के ताज।  
पीताम्बर को ओढ़कर, आया है ऋतुराज।।  
खिले फूल मधुमास में, शीतल बहे बयार।  
मिली शीत से शांति अब, बजे हृदय के तार।।  
अमराई बौरा गई, बिखर गए मकरंद।  
भँवरे मधुरस चूसकर, मना रहे आनंद।।  
फूली सरसों खेत में, बागों में कचनार।  
रंग देखकर प्रकृति का, हर्षित है संसार।।  
मृदुल हवा बहने लगी, हुआ शीत का अंत।  
पात फूल नूतन हुए, गदगद है ऋतु कंत।।  
सज-धज के चहुं ओर फिर, आ गया ऋतु बसंत।  
कुदरत का श्रृंगार हुआ, सूनापन का अंत।।  
फागुन की आहट हुई, लगे सुहानी भोर।  
लहर ठंड की घट गई, नाचे मन का मोर।।  
फिर आया ऋतुराज है, सुरभित बहे बयार।  
रंग-बिरंगे फूल से, मौसम है गुलजार।।  
वासंती मौसम हुआ, चढ़ा फागुनी रंग।  
देख झूमते खेत को, कुदरत भी है दंग।।  
धीरे-धीरे घट रहा, सर्दी का संताप।  
मौसम भी करने लगा, ऋतु बसंत का जाप।।  
दक्षिण के आवास से, निकल गया दिनमान।  
धीरे-धीरे ठंड की, घट जायेगी शान।।  
आया है मधुमास फिर , तरुणाई के संग।  
सृष्टि की अति सुंदरता चहुं दिशि दिखे उमंग।।  
प्राणवंत कुदरत हुई, प्रमुदित हुए दिगंत।  
खुशबू की सौगात से, बौरा गया बसंत।।  
नव पल्लव के साथ ही, हर्षित पीपल आम।  
सारे जग को दे रहे, परिणति का पैगाम।।  
मौसम है मधुमास का, मन में जागी चाह।  
चले उम्र भर साथ जो मिले वही हमराह।।  
आया फिर मधुमास है, खिलने लगा पलाश।  
मन बौराया सा लगे, चाह उड़े आकाश।।  
आया जो मधुमास तो, मुदित हुआ उद्यान।  
कोमल कलियाँ डाल पर, गातीं स्वागत गान।।  
मधुर वचन मधु-सा लगे, ज्यों मौसम मधुमास।  
हृदय कुंज गुंजित करे, मन में भरे सुवास।।  
पुरवाई मृदु पवन से, सुरभित सबकी श्वास।  
आलिंगन कर फूल से, विहँस उठा मधुमास।।  
कोयल भी गाने लगी, महुए का ही गीत।  
फिर मादक मधुमास में, जगी मौसमी प्रीत।  
अधरों पर गुलदाउदी, मन में खिला गुलाब।  
सुरभित बेला फूल से, सांसों का हर ख्वाब।  
तन गुलशन मन फूल है, मौसम है मधुमास।  
मलय पवन की गंध से, महक रही हर श्वास।।  
मौसम है मधुमास का, मन में मधुर उमंग।  
मृदुल वात सबसे कहे, आओ खेलें रंग।।  
वासंतिक सौंदर्य से, हर्षित वन उद्यान।  
आकर्षित उनको करे, फूलों की मुस्कान।।

# मैं भी थी इक दीवानी

है खत में लिपटी बैठी, बीती सी कुछ कहानी।  
पढ़ कर जिसे नयन में, आता है झट से पानी।।  
वो कहते हैं जिसे की, है रद्दी का ये टुकड़ा।  
उन में मिले किसी को, अल्हड़ सी वो जवानी।।



पूनम शर्मा स्नेहिल

जब डाकिए की खातिर, तकती थी बैठ राहें।  
पाकर लगा था खत को, थामें है जैसे बाँहें।।  
वो शब्द एक जादू हाँ, करते थे कसम से।  
दिल कैद था उन्हीं में, कैसे न उनको चाहें।।  
न छंद न बहर थी न हीं थी मापनी भी।  
बेचैनियों में पड़ती थी रातें काटनी भी।।  
आसाँ नहीं था तब यूँ मिलना मिलाना यारों।  
पढ़ते उसे अकेले न थी वो बांटनी भी।।  
पड़ती थी बातें दिल की,दिल में ही सब दबानी।  
हर बात याद थी वो हमको कभी जुबानी।।  
वो वक्त ही अलग था ,वो दौर ही अलग था।।  
हर शब्द में मिलेगी, चाहत की वो रवानी।।  
हाँ आज तक सहेजे अहसास वो सभी हैं ।  
है इल्म न किसी को वो पास में तभी हैं।।  
बीती है उनमें यारों, सबकी यहाँ जवानी।  
जिसने सिखाई चाहत वो याद में अभी हैं।।  
समझे जमाना चाहें कितनी भी अब सयानी।  
आती नहीं मुझे ये बातें सुनो छुपानी।।  
बनकर खुशी लबों पे वो अब तलक हैं ठहरे।  
पढ़ कर लगे मुझे कि मैं भी थी इक दीवानी।।

# पलाश या टेसू

माँ ...माँ .......... हमारे खेत की मुँडेर पर जो पेड़ लगे हैं उन पर कितने सुन्दर फूल आएं हैं, देखा तुमने?” “वह तो हर साल आते हैं....... इन्हीं दिनों, होली के समय....टेसू कहते हैं उसे....” “माँ....उन फूलों का रंग कितना सुन्दर है, गहरा पीला...नारंगी...



सुधा गोयल ‘नवीन’

कहीं कहीं काले धब्बे हैं पर माँ ऐसा लग रहा था जैसे धधकती हुई अग्नि की लपटें हों. उसकी चमक से आँखें चुँधिया रही थी. मैंने तो इसे पहली बार देखा. क्या ये फूल साल भर नहीं खिलते?” ''नहीं... ये फूल वर्ष में सिर्फ एक बार फागुन महीने में होली के आस-पास ही खिलते हैं....यूँ तो इसके चटक रंग के फूलों से बनाए गए रंग से कान्हा ने भी होली खेली थी. पर यह एक अभिशापित पेड़ है. आज मैं तुझे इसकी कहानी सुनाती हूँ.” कहानी के नाम से बच्चा उत्साहित हो, पलथी मारकर माँ के पास आकर बैठ गया. माँ ने कहना शुरू किया. लेकिन जैसी आम माताओं की आदत होती है कहानी कहने से पहले सीख देती हुई बोली, “किसी के भी रंग में भंग डालना अच्छी बात नहीं होती. उसका खामियाजा भुगतना ही पड़ता है. फिर वे तो भगवान थे ...दे दिया शाप .” “ माँ तुम किसकी बात कर रही हो?”“ भगवान शंकर और पार्वती की.....एक दिन की बात है... वसंत ऋतु का आगमन हो चुका था. मन को लुभाने वाली सुखद वायु मन्द-मन्द बह रही थी. वृक्षों पर नन्हीं कोपलें फूट रही थीं और वातावरण सुगंधित और मादक हो रहा था. भगवान शंकर और पार्वती देवलोक के उद्यान में रास-रंग में डूबे क्रीड़ा-मग्न थे, कि वहाँ अग्निदेव पँहुच गए. उस क्षण अग्निदेव का पधारना पावर्ती को तनिक रास न आया और उन्होंने अग्निदेव को वहीं उसी क्षण जड़ हो जाने का शाप दे दिया. यह पलाश वृक्ष वही शापित वृक्ष है.” कहानी सुनकर बच्चा अचंभित रह गया. इतने सुन्दर वृक्ष की इतनी दर्दनाक कहानी. परन्तु उसने विश्वास कर लिया क्योंकि उसे पता था कि उसकी माँ कभी झूठ नहीं बोलती..

# आज का इंसान

खुदगर्ज़ हो गए अब इंसान  
कुछ जियादा,  
रखते गुमान झूठी है  
शान कुछ जियादा।  
खुद को न देखते हैं



अनामिका मिश्रा

कुछ लोग आइने में,  
झाँके शबब जहाँ के गिरबान  
कुछ जियादा।  
शोहरत कमाना चाहे चलते  
नहीं ज़मीं पर,  
बेखौफ बिक रहा है ईमान  
कुछ जियादा।  
अपने ही छोड़ देते पर  
अजनबी निभाए,  
ये देख के हुए हम हैरान कुछ  
जियादा।  
थीं मुश्किलें बहुत सी थे बंद  
रास्ते भी,  
लेकिन सफर हुआ अब  
आसान कुछ जियादा।  
जो नेक राह चलते रहते वही  
अकेले,  
होता यहाँ उन्हीं का अपमान  
कुछ जियादा।  
बेकार बात छोड़ो छूना ‘अना’  
फलक है,  
खुद पे फकत यहाँ दो अब  
ध्यान जियादा।

# कैसे कोई गीत लिखूं मै

शब्द नहीं, झंकार नहीं,  
स्वप्न भरा संसार नहीं ,  
कैसे कोई गीत लिखूं मै ।



पद्मा मिश्रा

जब तक प्राणों की आकुलता,  
शीतल मधुमय छांह न पा ले ।  
मेरे सपनो का हर मौसम ,  
मधुर कल्पना दीप जला ले,  
कैसे कोई गीत लिखूं मै !  
टूट चुके तारों पर कोई ,  
राग नहीं बजता है मधुमय,।  
शब्द शब्द को पुन: संजो लूँ,  
हर अक्षर दिनमान बना लूँ,  
मन-प्रदीप न जला अगर तो  
कैसे कोई गीत लिखूं मै !  
प्रेम छंद है, प्रेम राग है,  
मन मंदिर का मधुर साज है।  
प्रेम बिना हर भाव अधूरा  
कैसे कोई गीत लिखूं मैं।

# झारखंड की पहचान- पलाश के फूल





छाया : - नरेश अग्रवाल

रीना सिन्हा सलोनी

झारखंड की छिटपुट पहाड़ी इलाके और जंगल झाड़ियों से भरे क्षेत्र फागुन के अंत और चैत के आरंभ होते ही आश्चर्यजनक रूप से रंग बदलने लगते हैं देखते ही देखते कुछ ही दिनों में ये इलाके पूरी तरह टहटह करते लाल फूलों से भर जाते हैं ये फूल कोई और नहीं, पलाश के फूल हैं जो झारखंड की पहचान हैं। बसंत के आगमन का संकेत देते, अंगारों सी तपती रंगत लिए इन पलाश के फूलों को टेसू, ढाक, किंशुक आदि नामों से भी जाना जाता है।

झारखंड, पश्चिम बंगाल और उत्तरप्रदेश में पाए जाने वाला पलाश का पेड़ एक मध्यम आकार का पेड़ है जिसके फूल अपनी सुंदरता और गुणों के लिए प्रसिद्ध हैं। यह वृक्ष हिंदुओं के पवित्र माने हुए वृक्षों में से हैं और इसका उल्लेख वेदों में भी मिलता है। औसत ऊँचाई वाले इस पेड़ की लकड़ियाँ सख्त और टहनियाँ खूब टेढ़ी-मेढ़ी होती हैं। गोल-गोल बड़े आकार के इसके पत्ते ज्यादा सघन न होकर छितराए हुए से होते हैं। फागुन के आते ही पलाश के पेड़ों की पत्तियाँ धीरे धीरे झड़ने लगती हैं और इसकी टहनियाँ कलियों से भर जाती हैं। धीरे-धीरे ये कलियाँ खिलकर जब लाल-लाल फूलों में बदल जाती हैं तो सारा जंगल लाल हो उठता है ।ऐसा लगता है मानो जंगले में आग लगी हो। इसीलिए पलाश के फूलों को जंगल की आग भी कहते हैं।

पलाश का पेड़ न सिर्फ अपने सुंदर फूलों के लिए प्रसिद्ध है बल्कि अपने औषधीय एवम अन्य उपयोगी गुणों के लिए भी जाना जाता है। पलाश के फूलों के अलावा उसकी पत्तियाँ, छाल, और जड़ें भी कई प्रकार की औषधीय गुणों से भरी होती हैं। पलाश के फूलों का उपयोग मुख्यतः प्राकृतिक लाल रंग बनाने में किता जाता है। इस लाल रंग से बनने वाले गुलाल की होली के समय बाजार में खूब माँग रहती है। ये गुलाल प्राकृतिक रंगों से बने होने के कारण त्वचा को नुकसान नहीं पहुँचाते। इन फूलों का उपयोग कई सौंदर्य प्रसाधनों में भी किया जाता है। पलाश के गोल बड़े पत्तों को पत्तल और दोने बनाने में उपयोग किया जाता है। कहीं-कहीं पलाश की पत्तियों का उपयोग तंबाकू भरकर बीड़ी बनाने में भी किया जाता है। पलाश की सूखी पत्तियों और लकडी को ग्रामीण क्षेत्रों में जलावन के काम लाया जाता है। पलाश के गोल चपटे बीजों में भी कई औषधीय गुण होते हैं। इनका उपयोग पेट के कीड़े मारने में होता है। पलाश में कई प्रकार के एसट्रिनजेंट और एंटी ऑक्सीडेंट गुण पाए जाते हैं जिसके कारण यह वात रोगों से लड़ने, चर्म रोग, पेट में कीड़ा, डायबिटीज और घाव को भरने में काफी असरदार होता है। पलाश की जड़ें रेशेदार होती हैं। इन जड़ों से मिलने वाले रेशों से रस्सियाँ, दरी और चटाई आदि बनाई जाती है।

झारखंड की पहचान पलाश के फूलों के आने पर आदिवासी जन-जाति के लोग बड़े ही धूमधाम से टूसू पर्व मनाते हैं। आदिवासी जन-जातियों के लिए पलाश या टूसू का पेड़ काफी महत्व रखता है। अपने जीवन शैली और प्रकृति से जुड़े होने के कारण आदिवासी लोग इस पेड़ की संरक्षण के साथ-साथ पूजा भी करते हैं ।

अपनी सुंदरता और गुणों के कारण पलाश को झारखंड और उत्तरप्रदेश का राजकीय फूल बनाया गया है। पलाश को भारतीय डाकघर के डाक टिकट पर प्रकाशित कर सम्मानित किया गया है।

आज जंगलों की कटाई और बढ़ते शहरीकरण के कारण इन पेड़ों को काफी नुक़सान भी पहुँचा है। झारखंड और पश्चिम बंगाल की इस अमूल्य प्राकृतिक संपदा को आज संवर्धन और संरक्षण की आवश्यकता है ताकि यहाँ के जंगल इन पलाश के सुंदर फूलों से हर साल सजते रहें।

काव्य कोना

# उन्मुक्त पवन का झोंका

उन्मुक्त पवन का झोंका बन कर  
उड़ता-उड़ता उड़ जाऊंगा  
मन ही मन में आस जगी है  
आज इधर, कल ठौर कहाँ है।  
उन्मुक्त पवन का झोंका बन कर  
सपनों की डोर में बंध कर  
बादल के उपर उड़ जाऊंगा  
दूर गगन में ठहरूं बढ़ कर  
आज इधर, कल ठौर कहां है।  
उन्मुक्त पवन का झोंका बन कर  
कर्म पथ पर बंधा पथिक हूँ  
लहरों के संग बहता जाऊं  
नये रूप में नया समुद्र  
आज इधर, कल ठौर कहां है।  
उन्मुक्त पवन का झोंका बन कर  
हमकदम, हम साथ चलेंगे  
जीवन के सरगम की धुन पर  
गुन-गुन-गुन-गुन गीत सुनाते  
आज इधर, कल्ह ठौर कहां है।

नाग मणि

# वो अब अपने शहर लौट आया है

वो अब अपने शहर लौट आया है ,  
मन में दबी सारी हसरतों को संग लाया है ।  
छोड़ शहर जब गया था वो दूर परदेश कमाने ,  
लगे थे बरसों उसे उस परदेश को भी अपना बनाने में ।  
अपने शहर को कौन कमबख्त छोड़ कर जाना चाहता है ,  
पर प्राय: नौकरी पर उनका शहर ही कुर्बान होता आया है ।  
वह पुराने गर्मजोशी से मिलता भी है सभी दोस्तों से पर ..,  
साथियों की निस्तेज आँखों में उष्मा का अभाव ही पाता हैअक्सर।  
जिन रिश्तों के लिए जीवन का एक युग न्योछावर किया था ,  
वहाँ अभी भी अपने को प्रमाणित ही करना पड़ता है उसे ।  
पैसों की चकाचौंध ने छोड़वाया था उससे दोस्तों का साथ,  
आज उम्र के इस पड़ाव में बस थोड़ा सा  
साथ चाहता है उनका ।



मीरा सिंह

खोजता फिर रहा है वो अपने शहर की गलियों  
में सुकून की छाँव  
पर दिलों में बंजर पड़ गये उन रिश्तों से  
कैसे पायेगा वो सुकून की छाँव ।  
पिता के बनाए घर की दीवारें भी कहाँ पहचानतीं हैं उसे ,  
शायद किसी अजनबी से ही भेंट किया था आज उन्होंने।  
घर के बगीचे के कोने में जंग लगे झूले पर बैठा है वो,  
उसे देख चीख रहीं थी घर की बदरंग नोनीं खाई दीवारें भी ।  
ऊंचे ओहदे की उस कुर्सी के पॉवर ने चौंधिया दिया था उसे ,  
पिता के इसरार पर माँ के श्राद्ध पर आया था वो भी अकेले ।  
पिता के जाने की खबर पड़ोसियों ने दी थी दूरभाष पर,  
माँ के श्राद्ध पर ही कर आया था अभागा निबंधन निगम में  
पिता के अंतिम विदाई की ।  
आज वो अपने शहर वापस लौटकर आया है अपने उस घर में ,  
पर दोस्तों के संग घर की ये दीवारें भी अनजानी सी लग रही उसे ।।

## आज का दोहा

दिवस बितावे काम में, उकड़ू काटे रात।  
पता नहीं क्या रात भर, करे पेट से बात।।  
**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत, सुझाव या इस पेज के लिए आर्टिकल कृप्या भेजें article.rnmail@gmail.com  
कॉल/व्हाट्सएप - 82925 53444 -संपादक

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाइं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नंः BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह ‘बादल’*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# न्यायिक तंत्र पर अतिरिक्त बोझ बनी आर्बिट्रल प्रक्रिया : उपराष्ट्रपति

## देश के अटॉर्नी जनरल इस पर विचार कर सकते हैं और बड़ा बदलाव ला सकते हैं



आर्बिट्रेशन में क्षेत्र विशेषज्ञों की भागीदारी की आवश्यकता पर जोर देते हुए धनखड़ ने कहा कि देश के एक पूर्व मुख्य न्यायाधीश ने यह टिप्पणी की थी कि प्रक्रिया अब पुराने दोस्तों का क्लब बन गई है। वह सेवानिवृत्त न्यायधीशों की आर्बिट्रल प्रक्रिया में भागीदारी को लेकर कह रहे थे। उन्होंने कहा कि वह स्पष्ट करना चाहते हैं कि इस देश के सेवानिवृत्त न्यायधीश आर्बिट्रल प्रक्रिया के लिए ऐसेट हैं। वे हमें विश्वसनीयता प्रदान करते हैं। आर्टिकल 136 के उपयोग और इसके आर्बिट्रल प्रक्रिया पर प्रभाव की ओर ध्यान आकर्षित करते हुए धनखड़ ने कहा कि देश के अटॉर्नी जनरल वास्तव में इस पर विचार कर सकते हैं और बड़ा बदलाव ला सकते हैं। दुनिया में ऐसा कौन सा देश है, जहां उच्चतम न्यायालय द्वारा स्वत: संज्ञान लिया जाता है? मुझे यकीन है, मैं किसी और देश में नहीं देख सकता। आर्बिट्रेशन प्रणाली के विकास को लेकर अपनी चिंता व्यक्त करते हुए धनखड़ ने कहा कि अब वह समय आ गया है, जब भारत हर क्षेत्र में वैश्विक स्तर पर उभर रहा है।

**एजेंसी। नई दिल्ली**

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने शनिवार को कहा कि हमारे देश में आर्बिट्रल प्रक्रिया सामान्य न्यायिक तंत्र पर एक अतिरिक्त बोझ बन गई है। धनखड़ नई दिल्ली के भारत मंडपम में इंडिया इंटरनेशनल आर्बिट्रेशन सेंटर (आईआईएसी) द्वारा आयोजित संगोष्ठी को संबोधित कर रहे थे। उपराष्ट्रपति धनखड़ ने कहा कि आर्बिट्रेटर भी उतनी ही महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, जितनी कि बार से जुड़े सदस्य। आश्चर्यजनक रूप से और मैं यह बहुत ही संयमित तरीके से कह रहा हूं कि आर्बिट्रल प्रक्रिया निर्धारण से जुड़े एक वर्ग के एक हिस्से पर पूरी तरह से सख्त नियंत्रण है। यह सख्त नियंत्रण न्यायिक शक्तियों से उत्पन्न होता है। यदि हम इसे वस्तुनिष्ठ रूप से देखें तो यह अत्यधिक दर्दनाक है। उन्होंने कहा कि इस देश के पास हर क्षेत्र में समृद्ध मानव संसाधन हैं। महासागर विज्ञान, समुद्रविज्ञान, विमानन, बुनियादी ढांचा और क्या नहीं। और जो विवाद हैं, वे अनुभव से संबंधित होते हैं, जो क्षेत्रीय होते हैं। दुर्भाग्यवश, हमने इस देश में आर्बिट्रेशन को केवल एक संकीर्ण दृष्टिकोण से देखा है, जैसे कि यह न्यायिक निर्णय है। यह न्यायिक निर्णय से कहीं अधिक है। यह पारंपरिक निर्णय नहीं है जैसा कि वैश्विक स्तर पर ऐतिहासिक रूप से मूल्यांकन किया गया है।

मतभेदों के समाधान की आवश्यकता पर जोर देते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि आइए हम यह कदम दर कदम करें, क्योंकि अब समय आ गया है, वैकल्पिक समाधान से लेकर आपसी समाधान की ओर बढ़ें। यह पहले विकल्प होना चाहिए। उन्होंने कहा कि हर आर्थिक गतिविधि में भिन्नताएं, विवाद उत्पन्न होते हैं, जिन्हें त्वरित समाधान की आवश्यकता होती है। कभी-कभी विवाद और भिन्नताएं धारणाओं में अंतर, अपर्याप्त समर्थन या असमर्थता के कारण उत्पन्न होती हैं। इस स्थिति में यह महत्वपूर्ण है कि हम न्यायिक निर्णय पर ध्यान केंद्रित करें।

# महाकुंभ के बाद पुलिस-प्रशासन के अधिकारियों ने किया संगम स्नान

**एजेंसी। महाकुंभ**

महाकुंभ मेले में रिकॉर्ड 66 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं को गंगा और संगम में स्नान कराने के बाद मेले से जुड़े प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों ने शुक्रवार को संगम में डुबकी लगाई। मेलाधिकारी विजय किरण आनंद ने अपने अनुभव साझा करते हुए 'पीटीआई-भाषा' को बताया, ''मेले के दौरान किसी भी पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी को गंगा स्नान करने का अवसर नहीं मिला। आज सभी ने मिलकर स्नान किया.. बहुत अच्छा लगा। वहीं प्रयागराज के जिला मजिस्ट्रेट रवींद्र मांदड़ ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा, ''त्रिवेणी संगम में स्नान करना अपने आप में दिव्य अनुभूति है। आज सभी अधिकारियों को एक साथ स्नान का मौका मिला और हम भी पुण्य लाभ के भागी बने। उन्होंने बताया कि शुक्रवार को पुलिस और प्रशासन के सभी वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारी एक साथ संगम तट पर एकत्रित हुए और संगम में डुबकी लगाई। मांदड़ ने बताया कि अपर पुलिस महानिदेशक भानु भास्कर, पुलिस आयुक्त तरुण गाबा, मंडलायुक्त (प्रयागराज) विजय विश्वास पंत, पुलिस उप महानिरीक्षक (महाकुंभ) वैभव कृष्ण, मेलाधिकारी (महाकुंभ) विजय किरण आनंद, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (महाकुंभ) राजेश द्विवेदी और पुलिस एवं प्रशासन के सभी अधिकारी एवं कर्मचारी शामिल थे।

# इनोवेशन की भूमि के रूप में उभर रहा है भारत : प्रधानमंत्री

**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को कहा कि भारत दुनिया की नई फैक्ट्री और अनंत इनोवेशन की भूमि के रूप में उभर रहा है। देश की राजधानी में एक मीडिया इवेंट में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि दुनिया 21वीं सदी के भारत को देख रही है और सीखना एवं समझना चाहती है कि कैसे देश सेमीकंडक्टर से लेकर एयरक्राफ्ट कैरियर मैन्युफैक्चर कर रहा है।

भारत को पहले बैक ऑफिस के रूप में देखा जाता था, लेकिन अब भारत दुनिया की नई फैक्ट्री के रूप में उभर रहा है। हमारा देश केवल वर्कफोर्स नहीं रहा है, बल्कि वर्ल्ड फोर्स बन गया है।

उन्होंने आगे कहा कि देश जो एक समय काफी सारे उत्पादों का आयात करता था, अब बड़ा निर्यातक बन गया है। भारत द्वारा हल्दी से लेकर कॉफी और मिलेट्स से लेकर मखाना तक का निर्यात किया जा रहा है।



प्रधानमंत्री मोदी के मुताबिक, देश के मोबाइल फोन, डिफेंस, इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादों और दवाइयों को वैश्विक स्तर पर मान्यता मिल रही है।

उन्होंने कहा, "भारत न केवल दुनिया को उत्पाद उपलब्ध करा रहा है बल्कि वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में एक विश्वसनीय भागीदार भी बन रहा है। प्रधानमंत्री मोदी ने आगे बताया, "वर्षों की कड़ी मेहनत और व्यवस्थित नीतिगत निर्णयों के कारण भारत अब कई वैश्विक पहलों का नेतृत्व कर रहा है।"इसमें फ्रांस में हालिया एआई एक्शन शिखर सम्मेलन शामिल है, जहां भारत सह-मेजबान था और अब इसकी मेजबानी भी करेगा। उन्होंने आगे कहा कि देश ने अपनी अध्यक्षता के दौरान सफल जी-20 शिखर सम्मेलन में भारत-मध्य पूर्व-यूरोप कॉरिडोर को एक नए आर्थिक मार्ग के रूप में पेश किया था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारत किफायती, सुलभ और आसानी से अपनाए जाने वाले सॉल्यूशंस भी बना रहा है। इसमें सुरक्षित और कम लागत वाला डिजिटल पेमेंट सिस्टम यूपीआई (यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस) और घातक कोविड-19 महामारी के दौरान टीके शामिल हैं। इसके अलावा प्रधानमंत्री ने भारत के ऑटोमोबाइल, स्पेस और उभरते हुए सेक्टर जैसे एआई के बारे में भी बताया। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, "भारत अगले 25 वर्षों में एक विकसित राष्ट्र बनने की तरफ तेजी से बढ़ रहा है।

## उत्तर प्रदेश के हरदोई में ट्रेन को पटरी से उतारने की साजिश

**हरदोई।** उत्तर प्रदेश के हरदोई में शनिवार को एक बार फिर दो अराजक तत्वों की खौफनाक साजिश का खुलासा हुआ। दोनों आरोपी ट्रेन को पटरी से उतारने की साजिश कर रहे थे। उन्हें पुलिस ने हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। हरदोई के सीओ सिटी अंकित मिश्रा ने बताया कि शनिवार को आरपीएफ ने स्थानीय पुलिस को सूचना दी कि हरदोई और कौढ़ा रेलवे स्टेशनों के मध्य दो युवकों द्वारा एक पत्थर और नट-बोल्ट को उठाकर ट्रैक पर रखा जा रहा है। आरपीएफ ने दो संदिग्धों को पकड़कर स्थानीय पुलिस के सुपुर्द कर दिया। पुलिस द्वारा गहनता से पूछताछ की जा रही है। उन्होंने बताया कि जांच के उपरांत जो भी तथ्य सामने आएंगे, उसके तहत विधिक कार्रवाई की जाएगी। दोनों युवकों से पूछताछ में साजिश से जुड़ी अन्य जानकारियां भी जुटाई जा रही हैं। यह भी पता लगाया जा रहा है कि इस साजिश में कोई अन्य शामिल है या नहीं।

## पुराने वाहनों को नहीं मिलेगा पेट्रोल-डीजल

# दिल्ली में प्रदूषण रोकने को लेकर सरकार का बड़ा फैसला

**एजेंसी। नई दिल्ली**

राजधानी में बढ़ते प्रदूषण को लेकर दिल्ली सरकार के मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने बड़ी बैठक की। बैठक के बाद मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा कि 31 मार्च के बाद 15 साल पुराने वाहनों को ईंधन नहीं दिया जाएगा। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि दिल्ली में कुछ बड़े होटल, कुछ बड़े कार्यालय परिसर, दिल्ली हवाई अड्डा, बड़े निर्माण स्थल हैं। हम उन सभी के लिए अपने यहां प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए तुरंत एंटी-स्मॉग गन लगाना अनिवार्य करने जा रहे हैं।' हम दिल्ली की सभी ऊंची इमारतों में स्मॉग गन लगाना अनिवार्य करने जा रहे हैं।

मंत्री ने आगे बताया कि हम दिल्ली के सभी होटलों में स्मॉग गन लगाना



अनिवार्य करने जा रहे हैं। इसी तरह, हम इसे सभी व्यावसायिक परिसरों के लिए अनिवार्य बनाने जा रहे हैं। हमने आज निर्णय लिया है कि क्लाउड सीडिंग के लिए हमें जो भी अनुमति चाहिए, हम लेंगे और हम यह सुनिश्चित करेंगे कि जब दिल्ली में गंभीर प्रदूषण हो, तो क्लाउड सीडिंग के माध्यम से बारिश कराई जा सके और प्रदूषण को नियंत्रित किया जा सके। सिरसा ने पर्यावरण विभाग, एमसीडी और एनडीएमसी के साथ बैठक की। इससे पहले सिरसा ने अपनी प्राथमिकताएं बताते हुए कहा, हमारा मिशन स्वच्छ हवा और पानी सुनिश्चित करके दिल्ली को एक स्वस्थ शहर बनाना है और हम इस दृष्टिकोण को वास्तविकता में बदलने के लिए प्रतिबद्ध हैं। शहर में प्रमुख पर्यावरण परियोजनाएं शुरू की जाएंगी। कचरा प्रबंधन पर जोर देते हुए उन्होंने कहा, दिल्ली में कूड़े के बड़े पहाड़ हैं, जिन्हें अरविंद केजरीवाल का प्रशासन 10 वर्षों में नहीं हटा सका। हमारी सरकार के तहत एक वर्ष के भीतर इन्हें साफ कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा, अगर दशरथ मांझी पहाड़ काटकर सड़क बना सकते हैं, तो हम निश्चित रूप से कूड़े के ढेर हटा सकते हैं। हम उनके दृढ़ संकल्प से प्रेरणा लेते हैं।

# पंजाब से मंगायी गयी 3500 लीटर विदेशी शराब बरामद

**पूर्वी चंपारण।** जिले के मेहसी थाना क्षेत्र में पुलिस ने शुक्रवार की रात्रि ढाई बजे गुप्त सूचना के आधार पर कारवाई करते हुए 3500 लीटर विदेशी शराब बरामद किया है। जानकारी के अनुसार बरामद शराब पंजाब से टैंकर लारी के चैंबर में छुपाकर लाया जा रहा था।पुलिस ने मौके से एक टैंकर लॉरी और पिकअप वाहन भी जब्त किया है। हालांकि तस्कर अंधेरे का लाभ उठाकर भागने में सफल रहे। एसपी स्वर्ण प्रभात ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि होली पर्व को लेकर पंजाब से मंगाई गई शराब की बड़ी खेप मेहसी के सुलसाबाद मार्ग स्थित पुराने कोल्ड स्टोर के समीप आने वाली है। जिसके बाद चकिया डीएसपी सत्येन्द्र कुमार सिंह के नेतृत्व में मेहसी थाना के सशस्त्र बल के जवानो ने घेराबंदी करते हुए बेलोरो पिकप गाड़ी पर 394 कार्टून में लदी कुल 3,533 लीटर विदेशी शराब बरामद किया गया।

# देश के प्रथम गांव माणा में हुए हिमस्खलन में 55 श्रमिकों में से पांच की तलाश जारी



● -भारतीय सेना के शीर्ष अधिकारियों ने माणा हिमस्खलन रेस्क्यू अभियान का लिया जायजा

**एजेंसी। देहरादून**

उत्तराखंड के चमोली जिले में बदरीनाथ से करीब छह किमी दूर माणा हिमस्खलन क्षेत्र में रेस्क्यू अभियान लगातार जारी है। सेना के हेलीकॉप्टर के माध्यम से राहत एवं बचाव दल को मौके पर पहुंचाया जा रहा है। सेना के आधिकारिक बयान के अनुसार, अब तक 50 श्रमिकों को सुरक्षित निकाला गया है, जिनमें से चार की मृत्यु हो चुकी है, जबकि शेष पांच श्रमिकों की तलाश जारी है। गौरतलब है कि 28 फरवरी को हुए इस हिमस्खलन में सीमा सड़क संगठन (BRO) के 55 श्रमिक फंस गए थे। सेना और बचाव दल ने शुक्रवार से ही खोज एवं बचाव अभियान शुरू कर दिया था। शनिवार अब तक 50 श्रमिकों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया।

आज जीओसी-इन-सी, मध्य कमान लेफ्टिनेंट जनरल अनिंद्य सेन गुप्ता और जीओसी उत्तर भारत क्षेत्र लेफ्टिनेंट जनरल डीजी मिश्रा ने माणा हिमस्खलन क्षेत्र का दौरा कर बचाव कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने सभी टीमों को समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए।

लेफ्टिनेंट जनरल अनिंद्य सेन गुप्ता ने बताया कि शेष पांच श्रमिकों की खोज के लिए विशेष रेको राडार, यूएवी (ड्रोन), क्वाडकॉप्टर और हिमस्खलन बचाव कुत्तों को तैनात किया गया है। इसके अलावा, हेलीकॉप्टरों के जरिए भी सर्च ऑपरेशन चल रहा है।

उन्होंने बताया कि अत्यधिक बर्फबारी से मार्ग अवरुद्ध होने के कारण 6 हेलीकॉप्टरों की तैनाती की गई है, जिनमें भारतीय सेना विमानन के 3 चीता हेलीकॉप्टर, भारतीय वायु सेना के 2 चीता हेलीकॉप्टरऔर सेना द्वारा किराए पर लिया गया एक नागरिक हेलीकॉप्टर शामिल है। बचाव कार्यों में तेजी लाने के लिए सेना और अन्य एजेंसियां लगातार प्रयासरत हैं।

## उत्तराखंड के हिमस्खलन में घायल मजदूरों से धामी ने की मुलाकात

**गोपेश्वर।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी शनिवार को चमोली जिले के ज्योतिर्मठ पहुंचे। जहां उन्होंने बदरीनाथ धाम के माणा क्षेत्र में हुए हिमस्खलन में घायल हुए मजदूरों से सेना के अस्पताल में मुलाकात कर उनका हालचाल जाना। इन घायल मजदूरों को रेस्क्यू करने के बाद ज्योतिर्मठ स्थित अस्पताल लाया गया था। इसके बाद मुख्यमंत्री ने घटना स्थल का हवाई निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि जो लोग रेस्क्यू किए गए हैं उनको ज्योतिर्मठ लाया जा रहा है। सभी का उपचार किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने घायलों को हर संभव सहायता देने की बात कही है। मुख्यमंत्री ने आर्मी हास्पिटल में उपचारधीन मजदूरों से मुलाकात कर हालचाल जाना। उन्होंने जिलाधिकारी को निर्देशित किया कि खोज बचाव कार्य में किसी प्रकार आवश्यक संसाधनों की कमी न रहे जो भी आवश्यकताएं हैं उनको समय से चिन्हित किया जाए।

# 'कन्नड़ नहीं तो बिजनेस नहीं' भाषा विवाद के बीच कर्नाटक सरकार का आदेश

**एजेंसी। कन्नड़**



कन्नड़ भाषा को बढ़ावा देने और इसके व्यापक उपयोग को सुनिश्चित करने के लिए, कर्नाटक सरकार ने एक निर्देश जारी किया है कि राज्य में निर्मित सभी औद्योगिक और उपभोक्ता उत्पादों को अन्य भाषाओं के साथ-साथ कन्नड़ में अपने नाम और उपयोग निर्देश प्रदर्शित करने होंगे। फरवरी में जारी एक सर्कुलर में सरकार ने इस बात पर जोर दिया कि यह निर्देश सार्वजनिक और निजी दोनों क्षेत्र के निर्माताओं पर लागू होता है। परिपत्र में भूमि की संस्कृति, परंपरा और मूल्यों को प्रतिबिंबित करने में भाषा के महत्व पर जोर दिया गया। एक रिपोर्ट के अनुसार, सर्कुलर में कहा गया है कि इसके द्वारा निर्देशित किया जाता है कि राज्य के भीतर सरकारी और निजी क्षेत्रों में निर्मित सभी औद्योगिक और उपभोक्ता उत्पादों पर अन्य भाषाओं के साथ-साथ कन्नड़ में नाम और उपयोग के निर्देश अनिवार्य रूप से मुद्रित होने चाहिए। इस निर्देश का कार्यान्वयन कन्नड़ भाषा व्यापक विकास अधिनियम, 2022 की धारा 9 के तहत नामित अधिकारियों के दायरे में आता है। इन अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने का काम सौंपा गया है कि सभी निर्माता दिशानिर्देशों का पालन करें। इसमें इस बात पर प्रकाश डाला गया कि कन्नड़ को फलने-फूलने के लिए, उत्पादन और विपणन सहित व्यावसायिक गतिविधियों में भाषा को सक्रिय रूप से शामिल करना चाहिए।

# फुफेरी बहन से विवाद होने के बाद बालक ने की आत्महत्या

**आगरा।** उत्तर प्रदेश के आगरा जिले के सिकंदरा थाना इलाके में कथित तौर पर फुफेरी बहन से विवाद होने के बाद चौथी कक्षा में पढ़ने वाले 11 वर्षीय एक बालक ने आत्महत्या कर ली। पुलिस के अनुसार थाना सिकंदरा इलाके के सूरकुटी में छात्र अमित (11) ने शुक्रवार की शाम आत्महत्या कर ली। अमित बांदा का रहने वाला था और अपने फूफा के यहां रहकर पिछले चार साल से पढ़ाई कर रहा था। सूरकुटी स्थित एक विद्यालय के प्रधानाचार्य महेश कुमार उसके फूफा थे। पुलिस ने बताया कि अमित अपनी हम उम्र फुफेरी बहन के साथ बॉल खेल रहा था। खेलने के दौरान बॉल खो गई जिसकी वजह से दोनों के बीच विवाद हो गया और उसने अमित को एक चांटा मार दिया। इसी बात को लेकर अमित ने शुक्रवार शाम को कमरे में जा कर फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। हरीपर्वत क्षेत्र के सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी) आदित्य ने बताया कि 11 साल के बच्चे का खुदकुशी करना एक गंभीर बात है, इसलिए इस मामले की गहराई से जांच की जा रही है। एसीपी ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले जा रहे हैं और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है।

## रमजान से पहले रायबरेली में चला लाउडस्पीकर जांच अभियान

**रायबरेली।** उत्तर प्रदेश के रायबरेली में रमजान से पहले पुलिस ने मस्जिदों में लाउडस्पीकरों की जांच के लिए अभियान चलाया है। पुलिस ने सभी मस्जिदों में ध्वनि स्तर की जांच की। साथ ही सभी मानकों का पालन करने का निर्देश दिया। पुलिस के क्षेत्राधिकारी अमित सिंह ने बताया कि रमजान की शुरुआत से पहले मानक के अनुसार लाउडस्पीकर की जांच का अभियान चलाया गया है। शासन से जो मानक दिए गए हैं, उसी आधार पर अनुमति दी जाती है। मानक और परमिशन के आधार पर ही कार्य होते हैं।

# आज का राशिफल

**मेष :** व्यायाधिक्य का अवसर आ सकता है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। बुद्धितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। धार्मिक स्थलों की यात्रा का योग।

**वृष :** सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा। स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें। व्यापार में वृद्धि होगी। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। यात्रा का योग हैं। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। मेहमानों का आगमन होगा।

**मिथुन :** प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आएंगे। मनोरथ सिद्धि का योग है। सम्मान मिलेगा। प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच मांगलिक कार्य सम्पन्न होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी।

**कर्क :** शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। कारोबारी काम में बाधा बनी रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे।

**सिंह :** शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़े अपने काम पर ध्यान दीजिए।

**कन्या :** परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। खान-पान में सावधानी रखें। स्वास्थ्य लाभ में व्यय होगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे।

**तुला :** स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। सुविधा और समन्वय बने रहने से कामकाज में प्रगति बनेगी।

**वृश्चिक :** लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। कारोबारी काम में बाधा बनी रहेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। संतोष रखने से सफलता मिलेगी।

**धनु :** सुख आरोग्य प्रभावित होगा। जरा-सी लापरवाही आपको परेशानी में डाल सकती है। अपनी गतिविधियों पर पुनर्विचार करें। वैचारिक द्वन्द्व और असंतोष बना रहेगा। किसी सूचना से पूर्ण निर्णय सम्भव। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी।

**मकर :** स्वविवेक से कार्य करें। किसी से कहा सुनी न हो यह ध्यान रहें। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। कार्यक्षेत्र में तनाव पैदा होगा। माता पक्ष से विशेष लाभ होगा। पूजा-पाठ आदि धार्मिक कार्य संपन्न होंगे।

**कुंभ :** प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। कुछ एकाग्रता की प्रवृत्ति बनेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। धर्म-कर्म में रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा।

**मीन :** श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है।

# सीएम नीतीश कुमार ने 59 हजार विशिष्ट शिक्षकों को नियुक्ति पत्र सौंपा

**एजेंसी। पटना**

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शनिवार को 59,028 विशिष्ट शिक्षकों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए। इसके तहत 55,845 प्रारंभिक शिक्षक, 2,532 माध्यमिक शिक्षक तथा 651 उच्च माध्यमिक शिक्षक शामिल हैं। समारोह में मुख्यमंत्री ने नीलम कुमारी, रुस्तम अली, नीलू राय, अच्युत कुमार तथा दीपक कुमार तिवारी को सांकेतिक रूप से नियुक्ति पत्र प्रदान किया।

इस अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने नवनियुक्त शिक्षकों को बधाई और शुभकामना देते हुए कहा कि आप बेहतर ढंग से अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करते रहें। जब हम लोगों को बिहार में काम करने का मौका मिला, तब से शिक्षा के क्षेत्र में बेहतरी के लिए कई कदम उठाए गए। शिक्षकों की कमी को देखते हुए वर्ष 2006-07 से पंचायत एवं नगर निकायों के माध्यम से बड़े पैमाने पर नियोजित शिक्षकों की नियुक्ति की गई थी। इसके बाद वर्ष 2023 के बाद से सरकारी शिक्षकों की बहाली के लिए बिहार लोक सेवा आयोग ने परीक्षा ली, जिसमें 28 हजार



नियोजित शिक्षक भी उत्तीर्ण कर सरकारी शिक्षक बने। उन्होंने कहा कि नियोजित शिक्षकों के लिए जब अलग से परीक्षा का निर्णय लिया गया तब से दो सक्षमता परीक्षा में 2.53 लाख से अधिक नियोजित शिक्षक उत्तीर्ण हुए, जिनकी सरकारी शिक्षक के रूप में बहाली हो गई है। अब मात्र 86 हजार नियोजित शिक्षक बचे हुए हैं, जो परीक्षा उत्तीर्ण कर जल्द ही सरकारी शिक्षक के रूप में बहाल हो जाएंगे। यहां 100 विशिष्ट शिक्षकों को नियुक्ति पत्र दिया जा रहा है, शेष लोगों को जिलों से नियुक्ति पत्र प्रदान किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हाल ही में बिहार लोक सेवा आयोग की परीक्षा में 66,800 शिक्षक तथा 42,918 प्रधानाध्यापक उत्तीर्ण हुए हैं, जिन्हें जल्द ही नियुक्ति पत्र प्रदान किया जाएगा। अब बिहार में सरकारी शिक्षकों की कुल संख्या 5.80 लाख से ज्यादा हो गई है। हम लोगों ने शुरू से ही सभी वर्गों के उत्थान के लिए कार्य किया है। महिलाओं के उत्थान के लिए भी कई कार्य किए गए हैं। सभी क्षेत्रों में महिलाएं आगे आ रही हैं। शिक्षक के रूप में बड़ी संख्या में महिलाएं बहाल हुई हैं। उन्होंने शिक्षा मंत्री से भी शिक्षण कार्य पर निरंतर निगरानी रखने की बात कही।

# पटना समेत प्रमंडल के छह जिलों को मिलेगी जाम से मुक्ति

**एजेंसी। पटना**

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पटना समेत पूरे प्रमंडल को ही जाम से मुक्ति दिलाने का मास्टर प्लान तैयार किया है। मुख्यमंत्री ने अपनी प्रगति यात्रा के तहत पटना, बक्सर, रोहतास, कैमूर, भोजपुर और नालंदा को जाम से राहत दिलाने के लिए कई महत्वपूर्ण योजनाओं की घोषणा की है। इनमें सड़कों को चौड़ा करना, नए पुलों-फ्लाईओवरों का निर्माण, वैकल्पिक मार्गों और भूमिगत बिजली व जल निकासी की व्यवस्था करना शामिल है।

**पटना में सुगम यातायात की ओर कदम :** राजधानी पटना में ट्रैफिक जाम की सबसे बड़ी वजह संकीर्ण सड़कें, अव्यवस्थित बिजली तार और जलजमाव है। इसे देखते हुए दानापुर-नेहरू पथ से गोला रोड तक सड़क चौड़ीकरण किया जाएगा, जिससे दानापुर और बेली रोड क्षेत्र में लगने वाले जाम से राहत मिलेगी। जे.पी. गंगा पथ



● मुख्यमंत्री नीतीश ने खुद संभाली कमान

का विस्तार कोइलवर से मोकामा तक किया जाएगा। इससे राजधानी के बाहरी इलाकों से आने वाले वाहनों के लिए वैकल्पिक मार्ग उपलब्ध होगा। पटना-गया रोड को सादिकपुर-पभेड़ा-मसौढ़ी पथ से जोड़ा जाएगा। इससे गया और जहानाबाद जाने को बाइपास मिलेगा और मुख्य सड़कों पर दबाव कम होगा। बक्सर में ट्रैफिक सुधारः बक्सर में रामरेखा घाट के आधुनिकीकरण के साथ नए सड़क मार्ग विकसित किए जाएंगे।

**आज का मैच**
भारत Vs न्यूज़ीलैंड
वेन्यू : दुबई
समय : दोपहर 2:30 बजे से



# साउथ अफ्रीका ने इंग्लैंड को सात विकेट से हराया



**एजेंसी। नई दिल्ली**

चैम्पियंस ट्रॉफी में साउथ अफ्रीका का सामना इंग्लैंड से हुआ। साउथ अफ्रीकी कप्तान टेम्बा बावुमा और टोनी डी जोरजी बीमार होने के चलते इस मुकाबले से बाहर रहे। बावुमा की अनुपस्थिति में एडेन मार्करम ने कप्तानी का दायित्व निभाया।

आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी 2025 के मैच नंबर-11 में साउथ अफ्रीका और इंग्लैंड की टक्कर हुई। ग्रुप-बी का यह मुकाबला कराची के नेशनल स्टेडियम में खेला गया, जिसमें अफ्रीकी टीम ने सात विकेट से जीत हासिल की। साउथ अफ्रीका को जीत के लिए 180 रनों का टारगेट मिला था, जिसे उसने 29.1 ओवर में हासिल कर लिया। इस जीत के साथ ही साउथ अफ्रीका ने ग्रुप-बी में पहला स्थान किया और यह टीम सेमीफाइनल में पहुंच गई। ग्रुप-बी से ऑस्ट्रेलिया ने भी सेमीफाइनल में एंट्री की। जबकि ग्रुप-ए से भारत और न्यूजीलैंड ने सेमीफाइनल में प्रवेश किया। भारतीय टीम सेमीफाइनल में किससे भिड़ेगी, ये अब तक क्लियर नहीं हुआ है। रविवार को न्यूजीलैंड-भारत के मुकाबले के बाद पूरी तस्वीर साफ हो जाएगी। टारगेट का पीछा करते हुए साउथ अफ्रीका की शुरुआत अच्छी नहीं रही। साउथ अफ्रीका ने तीसरे ही ओवर में ट्रिस्टन स्टब्स (0) का विकेट गंवा दिया, जो जोफ्रा आर्चर की गेंद पर बोल्ड हो गए। इसके बाद आर्चर ने दूसरे ओपनर रयान रिकेल्टन की भी गिल्लियां उड़ा दीं। रिकेल्टन ने 5 चौकों की मदद से 25 गेंदों पर 27 रन बनाए. यहां से रस्सी वैन डर डुसेन और हेनरिक क्लासेन ने मिलकर शतकीय पार्टनरशिप की, जिसने साउथ अफ्रीका का काम आसान कर दिया।

**● जानसेन-मुल्डर का कहर, जो रूट ने बनाए सबसे ज्यादा रन**

इससे पहले टॉस जीतकर पहले बैटिंग करने उतरी इंग्लिश टीम 38.2 ओवरों में 179 रनों पर ढेर हो गई। इंग्लैंड की शुरुआत बेहद खराब रही। उसे पहले ही ओवर में फिल सॉल्ट के रूप में शुरुआती झटका लगा। सॉल्ट (8) को तेज गेंदबाज मार्को जानसेन ने रस्सी वैन डर डुसेन के हाथों कैच आउट कराया। फिर मार्को जानसेन ने जेमी स्मिथ (0) को एडेन मार्करम के हाथों कैच आउट करा दिया। जानसेन की तूफानी बॉलिंग जारी रही और उन्होंने फॉर्म में चल रहे बेन डकेट को भी पवेलियन का रास्ता दिखा दिया। डकेट ने चार चौकों की मदद से 21 गेंदों पर 24 रन बनाए।

37 रनों पर तीन विकेट गिरने के बाद जो रूट और हैरी ब्रूक ने पारी को संभाला। दोनों के बीच चौथे विकेट के लिए 62 रनों की पार्टनरशिप हुई। केशव महाराज ने ब्रूक (19) को मार्को जानसेन के हाथों कैच आउट कराकर इस पार्टनरशिप को तोड़ा। फिर वियान मुल्डर ने जो रूट को बोल्ड कर दिया, जो शानदार बैटिंग कर रहे थे। रूट ने चार चौके और एक सिक्स की मदद से 44 गेंदों पर सबसे ज्यादा 37 रन बनाए। फिर लियाम लिविंगस्टोन (9) भी केशव महाराज की फिरकी में फंस गए।



# आर्मंड डुप्लांटिस ने 11वीं बार पोल वॉल्ट का विश्व रिकॉर्ड तोड़ा

**नई दिल्ली।** स्वीडन के आर्मंड डुप्लांटिस ने फ्रांस के क्लेरमोंट-फेरैंड में ऑल-स्टार पर्च मीट में 6.27 मीटर की छलांग लगाकर 11वीं बार विश्व पोल वॉल्ट रिकॉर्ड तोड़ दिया।

दो बार के ओलंपिक और विश्व चैंपियन ने अगस्त में सिलेसिया में बनाए गए 6.26 के अपने पिछले वैश्विक रिकॉर्ड को तोड़ने के अपने पहले प्रयास में रिकॉर्ड ऊंचाई को पार किया, जिससे ट्रैक-साइड आतिशबाजी की चमक से अखाड़ा जगमगा उठा। डुप्लांटिस ने संवाददाताओं से कहा, "मुझे वाकई बहुत अच्छा लगा। मैं क्या कह सकता हूं, मैं इसे करने के लिए यहां आया था। मैंने इसे करने के लिए सब कुछ तैयार कर लिया। रन-अप वास्तव में बहुत अच्छा रहा। मैंने बस इसे कर दिखाया।"

इमैनौइल करालिस 6.02 मीटर के ग्रीक रिकॉर्ड क्लीयरेंस के साथ दूसरे स्थान पर रहे, जबकि छह पुरुषों ने पहली बार एक ही प्रतियोगिता में 5.91 मीटर या उससे अधिक की क्लीयरेंस की। 25 वर्षीय डुप्लांटिस जिन्होंने पहले दिन अपने उपनाम "मोंडो" के तहत अपना पहला गाना "बॉप" रिलीज़ किया था - ने आसानी से 5.65 मीटर, 5.91 मीटर, 6.02 मीटर और 6.07 मीटर की ऊंचाई को पार किया और जीत हासिल करने के साथ ही, उन्होंने अपने विश्व रिकॉर्ड प्रयास के लिए बार को 6.27 तक बढ़ा दिया।

उनके रिकॉर्ड जंप के दौरान एरिना के साउंड सिस्टम पर उनका गाना बज रहा था। उन्होंने कहा, "जब मैंने कुछ महीने पहले यह गाना बनाया था, तो मुझे लगा कि यह यहां कूदने के लिए एकदम सही गाना होगा।



**6.27** मीटर की छलांग लगाकर 11वीं बार विश्व पोल वॉल्ट रिकॉर्ड तोड़ दिया।

## डेविडोविच फोकिना माचैक ऐतिहासिक मैक्सिकन ओपन फाइनल में भिड़ेंगे

**अकापुल्को।** एलेजांद्रो डेविडोविच फोकिना की उल्लेखनीय दृढ़ता ने उन्हें मैक्सिकन ओपन में अपने पहले एटीपी टूर खिताब के कगार पर पहुंचा दिया है। पहले दौर में मैटिया बेलुची के खिलाफ चार मैच प्वाइंट से बचने वाले स्पैनियार्ड ने एरिना जीएनपी सेगुरोस में एक रोमांचक सेमीफाइनल में फॉर्म में चल रहे डेनिस शापोवालोव को 7-6(3), 7-6(1) से हराया।

रणजी ट्रॉफी फाइनल

## करुण नायर ने विदर्भ को मजबूत स्थिति में पहुंचाया

**नागपुर(आईएएनएस)।** विदर्भ के फॉर्म में चल रहे बल्लेबाज करुण नायर ने केरल के खिलाफ रणजी ट्रॉफी फाइनल में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा और दूसरी पारी में शतक जड़कर अपनी टीम को शनिवार को जामथा के वीसीए स्टेडियम में खिताब जीतने की मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया।

चौथे दिन दूसरी पारी में बल्लेबाजी करते हुए नायर चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करने आए, जब केरल की शुरुआती सफलताओं के बाद टीम 7/2 पर लड़खड़ा रही थी। रात की 37 रन की पहली पारी की बढ़त में इजाफा करते हुए, दानिश मालेवार के साथ एक बार फिर साझेदारी की - इससे पहले मैच में 215 रन की शानदार साझेदारी में उनके सहयोगी रहे - नायर ने 184



गेंदों पर शानदार शतक जड़कर केरल की वापसी की उम्मीदों पर पानी फेर दिया। इस साझेदारी ने दिन के अंतिम सत्र में अपनी बढ़त को 200 से अधिक तक पहुंचा दिया।

यह 2013-14 में कर्नाटक के लिए पदार्पण करने के बाद से चार मैचों में रणजी ट्रॉफी फाइनल में नायर का दूसरा शतक था। पहली पारी में, उन्होंने अपने 152वें मैच में 8,000 प्रथम श्रेणी रन पूरे किए और पहली बार, एक रणजी ट्रॉफी सीजन में 800 रन पार किए।

## जर्मन ओपन के सेमीफाइनल में पहुंची ध्रुव कपिला, तनीषा क्रैस्टो की जोड़ी

**नई दिल्ली।** ध्रुव कपिला और तनिषा क्रैस्टो की भारतीय मिश्रित युगल जोड़ी ने शुक्रवार को यहां चीन के गाओ जिया झुआन और वू मेंग यिंग को सीधे सेटों में हराकर जर्मन ओपन सुपर 300 टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। आठवीं वरीयता प्राप्त भारतीय जोड़ी ने 21-14, 21-17 से जीत हासिल की। भारतीय जोड़ी का अंतिम चार में मुकाबला इंडोनेशिया के रेहान नौफल कुशर्जंतो और ग्लोरिया एमानुएल विदजाजा से होगा। रक्षिता श्री संतोष रामराज डेनमार्क की मिया ब्लिचफेल्ड से 12-21, 12-21 से हारकर महिला एकल क्वार्टर फाइनल से बाहर हो गईं। थारुण मन्नेपल्ली भी पुरुष एकल क्वार्टर फाइनल में टोमा जूनियर पोपोव से 16-21, 21-17, 21-8 से हारकर टूर्नामेंट से बाहर हो गए।

## सेमीफाइनल से पहले गेंदबाजों को फ्रेश रखना जरूरी : रयान टेन डेशकाटे

**दुबई (आईएएनएस)।** चैंपियंस ट्रॉफी में भारत के अंतिम लीग चरण मैच और सेमीफाइनल के बीच केवल एक दिन का अंतर है। ऐसे में टीम के सहायक कोच रयान टेन डेशकाटे का मानना है कि गेंदबाजों को ताजा बनाए रखना काफी अहम होगा। उन्होंने यह भी कहा कि अपने ग्रुप में शीर्ष पर रहने के लिए वे संयोजन में अधिक छेड़छाड़ नहीं करने वाले हैं। न्यूजीलैंड ने भी सेमीफाइनल में जगह पक्की कर ली है, लेकिन रविवार को होने वाला मैच तय करेगा कि कौन ग्रुप ए में शीर्ष पर रहेगा। टेन डेशकाटे ने शनिवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, "हमने दो कड़े ट्रेनिंग सेशन किए हैं, यही हमारी तैयारी रही है। जहां तक बेंच स्ट्रेंथ का सवाल है, तो हमारी प्राथमिकता यह सुनिश्चित करना है कि हमारे सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी दूसरे मैच के लिए उपलब्ध और पूरी तरह फिट हों।

# भारत की नजर आईसीसी टूर्नामेंट में न्यूजीलैंड के खिलाफ जीत की हैट्रिक पर

**दुबई (आईएएनएस)।** रविवार को दुबई में चैंपियंस ट्रॉफी के ग्रुप स्टेज का आखिरी मैच खेला जाएगा - जिसमें भारत और न्यूजीलैंड के बीच भिड़ंत होगी। वैसे तो ये दोनों ही टीमें सेमीफाइनल में जगह बना चुकी हैं, लेकिन ये मुक़ाबला तय करेगा कि ग्रुप ए की टेबल टॉपर न्यूजीलैंड की टीम होगी या फिर टीम इंडिया रहेगी शीर्ष पर।

**● आईसीसी टूर्नामेंट में दोनों के बीच रोमांचक टक्कर**

भारत और न्यूजीलैंड के बीच अब तक 11 बार आईसीसी वनडे टूर्नामेंट में टक्कर हो चुकी है, और मजेदार बात ये है कि दोनों ही टीमों के बीच आंकड़ा भी करीब-करीब एक समान है। बात अगर वनडे विश्व कप की करें तो यहां इन दोनों के बीच हुए 10 मुकाबले में पांच बार बाजी भारत ने मारी है, तो न्यूजीलैंड भी पांच बार विजेता रहा है।

## भारतीय टीम में हर कोई फिट, बदलाव की उम्मीद कम : केएल राहुल

**दुबई (आईएएनएस)।** भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज केएल राहुल का कहना है कि न्यूजीलैंड के खिलाफ होने जा रहे चैंपियंस ट्रॉफी के अंतिम ग्रुप स्टेज मैच के लिए मोहम्मद शमी और रोहित शर्मा दोनों ही उपलब्ध होंगे। पाकिस्तान के खिलाफ मैच के दौरान शमी मुश्किल में दिखे थे और उन्होंने अपना कोटा पूरा नहीं किया था। रोहित को भी हैमस्ट्रिंग में समस्या महसूस हुई थी। हालांकि भारतीय टीम एक हफ्ते के लंबे ब्रेक के बाद मैदान पर उतरने वाली है। राहुल ने कहा, "मुझे इस बारे में अधिक जानकारी नहीं है, लेकिन इतना पता है कि हर कोई ठीक है। मुझे जहां तक पता है किसी के भी मैच मिस करने की चिंता नहीं है।



# गुकेश करियर की सर्वोच्च रैंकिंग 3 पर पहुंचे प्रज्ञानानन्दा फिडे रैंकिंग में शीर्ष 10 में लौटे

**नई दिल्ली(आईएएनएस)।** भारत के युवा शतरंज खिलाड़ी डी. गुकेश अपनी शानदार प्रगति जारी रखते हुए शनिवार को जारी फिडे क्लासिकल रेटिंग में करियर की सर्वश्रेष्ठ विश्व रैंकिंग 3 पर पहुंच गए। इस बीच, आर. प्रज्ञानानन्दा ने शीर्ष 10 में फिर से प्रवेश किया है, जो वैश्विक मंच पर भारतीय शतरंज के मजबूत पुनरुत्थान का प्रतीक है।



मौजूदा विश्व चैंपियन गुकेश दिसंबर में विश्व चैंपियनशिप के फाइनल में चीन के डिंग लिरेन पर अपनी ऐतिहासिक जीत के बाद से असाधारण फॉर्म में हैं। 18 वर्षीय खिलाड़ी ने 10 अंक हासिल कर 2787 रेटिंग हासिल की, उन्होंने हमवतन अर्जुन एरिगैसी और अमेरिकी ग्रैंडमास्टर फैबियानो कारूआना को पीछे छोड़ दिया। अब वह विश्व के दूसरे नंबर के खिलाड़ी हिकारू नाकामुरा (2802) और लंबे समय से शीर्ष पर चल रहे मैग्नस कार्लसन (2833) से पीछे हैं।

गुकेश की यह तेजी तब देखने को मिली जब वह विज्क आन जी में टाटा स्टील मास्टर्स में टाईब्रेक में प्रज्ञानानन्दा से मामूली अंतर से हार गए। एरिगैसी, जो पहले शीर्ष भारतीय स्थान पर थे, 2777 रेटिंग के साथ 5वें स्थान पर खिसक गए हैं। प्राग मास्टर्स में वर्तमान में प्रतिस्पर्धा कर रहे प्रज्ञानानन्दा जुलाई 2023 के बाद पहली बार शीर्ष 10 में वापस आ गए हैं। टाटा स्टील मास्टर्स में उनकी जीत ने उन्हें 17 अंक हासिल करने में मदद की।

## व्यापार/लाइफ व साइंस

# बैंकिंग प्रणाली में वापस आए 2000 रुपए के 98.18 फीसदी नोट : आरबीआई

**19 मई, 2023 को 2000 रुपये मूल्य के बैंक नोटों को प्रचलन से वापस लेने की घोषणा**

**मुंबई/नई दिल्ली।** रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने शनिवार को कहा कि 2000 रुपये के 98.18 फीसदी नोट बैंकिंग प्रणाली में वापस आ गए हैं। रिजर्व बैंक ने कहा




कि अब सिर्फ 6,471 करोड़ रुपये मूल्य के दो हजार रुपये के ऐसे नोट जनता के पास हैं।

केंद्रीय बैंक ने कहा कि दो हजार रुपये के नोट वैध मुद्रा बने रहेंगे। आरबीआई ने जारी बयान में बताया कि 19 मई, 2023 तक प्रचलन में मौजूद 2000 रुपये के बैंक नोटों में से 98.18 फीसदी बैंकिंग प्रणाली में वापस आ 2023 को कारोबार बंद होने पर प्रचलन में मौजूद 2000 रुपये के बैंक नोटों का कुल मूल्य 3.56 लाख करोड़ रुपये था, जो 28 फरवरी, 2025 को कारोबार बंद होने पर घटकर 6,471 करोड़ रुपये रह गया है। रिजर्व बैंक के मुताबिक दो हजार रुपये के नोट जमा करने या बदलने की सुविधा 07 अक्टूबर, 2023 तक सभी बैंक शाखाओं में उपलब्ध थी।

# 1,200 में से 1,100 सरकारी योजनाओं में डीबीटी के जरिए लोगों तक पहुंच रही सरकारी मदद : वित्त मंत्री

**नई दिल्ली(आईएएनएस)।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को कहा कि केंद्र और राज्य सरकार की 1,200 योजनाओं में से 1,100 में डायरेक्टर बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी) सिस्टम के जरिए लोगों तक लाभ पहुंच रहा है। वित्त मंत्री सीतारमण ने कहा कि डीबीटी से यह सुनिश्चित होता है कि धनराशि सीधे लाभार्थियों के बैंक खातों में स्थानांतरित हो, जिससे बिचौलियों की भूमिका समाप्त हो और देरी कम हो। राष्ट्रीय राजधानी में 49वें सिविल लेखा दिवस समारोह में बोलते हुए मंत्री ने कहा, "अब हर चीज के लिए सीधे भुगतान किया जा रहा है और इसमें कोई बिचौलिया नहीं है और किसी अजन्मे बच्चे को भत्ता नहीं मिल रहा है।" वित्त मंत्री ने कहा कि धनराशि प्राप्त करने वाले प्रत्येक व्यक्ति के पास बायोमेट्रिक सत्यापित खाता होता है, जिसमें धनराशि ट्रांसफर की जाती है। उन्होंने आगे कहा, "सार्वजनिक वित्तीय प्रबंधन प्रणाली (पीएफएमएस) ने डीबीटी को सुव्यवस्थित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।" वित्त मंत्री ने कहा कि यह प्रणाली सरकार को यह सुनिश्चित करने में सक्षम बनाती है कि धनराशि बिना किसी अनियमितता के सही लाभार्थियों तक पहुंचे।

वित्त मंत्री ने आगे कहा कि पीएफएमएस वर्तमान में लगभग 60 करोड़ लाभार्थियों को सेवा प्रदान करता है, जिससे यह दुनिया में अपनी तरह की सबसे बड़ी वित्तीय प्रबंधन प्रणाली बन गई है। इसके संपूर्ण डिजिटलीकरण फीचर ने वित्तीय प्रशासन को मजबूत किया है और फंड वितरण में जवाबदेही बढ़ाई है। उन्होंने आगे कहा कि पीएफएमएस ने 31 राज्य कोषागारों और 40 लाख से अधिक कार्यक्रम कार्यान्वयन एजेंसियों के साथ काम करते हुए राज्यों की वित्तीय प्रणालियों को जोड़ा है। वित्त ने कहा, "अपने व्यापक नेटवर्क के साथ, यह प्रणाली यह सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है कि सरकारी धन का प्रभावी ढंग से उपयोग किया जाए और उन लोगों तक पहुंचे जिन्हें इसकी सबसे अधिक आवश्यकता है।"



शेयर बाजार

## शेयर बाजार में गिरावट निवेशकों के लिए खरीदारी का अच्छा मौका : एक्सपर्ट

**मुंबई(आईएएनएस)।** शेयर बाजार में लेहमन ब्रदर्स, डिमोनेटाइजेशन और कोविड के समय आई गिरावट में एक बात सामान्य थी कि यह सभी खरीदारी के अच्छे मौके थे। इस कारण मौजूदा शेयर बाजार की गिरावट को निवेशकों को एक मौके के रूप में देखना चाहिए। यह बयान जानकारों ने शनिवार को दिया। कैपिटलमाइंड रिसर्च में सीनियर एनालिस्ट, कृष्णा अप्पाला ने कहा कि मौजूदा शेयर बाजार की गिरावट काफी पीड़ादायक है, लेकिन इतिहास सिखाता है कि यह खरीदारी का अच्छा मौका है। कमजोर वैश्विक संकेतों के कारण भारतीय शेयर बाजार के मुख्य सूचकांकों में इस हफ्ते 3 प्रतिशत से अधिक की गिरावट हुई है। इस गिरावट की वजह अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से कनाडा और मैक्सिको पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाने के ऐलान माना जा रहा है।

## तुहिन कांत पांडेय ने सेबी चेयरमैन का कार्यभार संभाला



**मुंबई/नई दिल्ली।** तुहिन कांत पांडेय ने पूंजी बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के 11वें चेयरमैन के तौर पर अपना कार्यभार संभाल लिया। अबतक वित्त सचिव के रूप में कार्य कर रहे आईएएस अधिकारी पांडेय को केंद्र सरकार ने गुरुवार को सेबी का चेयरमैन नियुक्त किया था। तुहिन कांत पांडेय शनिवार को दोपहर बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स (बीकेसी) व्यापारिक जिले में स्थित सेबी के मुख्यालय पहुंचे। इसके बाद उन्होंने कार्यभार संभाला। उन्होंने माधबी पुरी बुच की जगह ली है, जिनका तीन साल का कार्यकाल शुक्रवार को समाप्त हो गया। पांडेय के कार्यभार संभालने के अवसर पर माधवी पुरी बुच मौजूद नहीं थीं, जो अस्वस्थ बताई जा रही हैं। बुच हाल ही में कथित हितों के टकराव को लेकर पिछले कुछ समय से चर्चा में रही हैं।

## महिंद्रा की बिक्री फरवरी में 15 प्रतिशत बढ़ी, ट्रैक्टर सेल्स में आया उछाल

**मुंबई(आईएएनएस)।** महिंद्रा एंड महिंद्रा ने शनिवार बताया कि कंपनी की कुल ऑटो बिक्री फरवरी में सालाना आधार पर 15 प्रतिशत बढ़कर 83,702 यूनिट्स (निर्यात सहित) रही है। कंपनी ने बताया कि बीते महीने कंपनी ने घरेलू बाजार में 50,240 एसयूवी की बिक्री की है। इसमें 19 प्रतिशत का इजाफा हुआ है। वहीं, निर्यात सहित कुल बिक्री 52,386 यूनिट्स रही है। घरेलू बाजार में कमर्शियल बिक्री 23,826 यूनिट्स पर रही है। एमएंडएम के ऑटोमोटिव डिविजन के अध्यक्ष विजय नाकरा ने कहा कि फरवरी में एसयूवी की बिक्री 19 प्रतिशत बढ़कर 50,420 यूनिट्स रही है। वहीं, सभी प्रकार के वाहनों की बिक्री 15 प्रतिशत बढ़कर 83,702 यूनिट्स रही है। यह मजबूत प्रदर्शन हमारे एसयूवी पोर्टफोलियो के लिए बना सकारात्मक माहौल दिखाता है। महिंद्रा एंड महिंद्रा के ट्रैक्टर की बिक्री में भी फरवरी में उछाल देखा गया है।

## एक नजर

### शिक्षक संगोष्ठी का आयोजन

**मेराल।** द इंडियन पब्लिक स्कूल मेराल के निदेशक विनोद कुमार पासवान ने शनिवार को विद्यालय में शिक्षक संगोष्ठी का आयोजन किया। बैठक में फाइनल परीक्षा की तैयारी पर चर्चा की गई। विद्यालय में तीन मार्च से वार्षिक परीक्षा की तिथि निर्धारित किया गया है, जिसमें शिक्षकों को तैयारी को लेकर आवश्यक निर्देश दिया गया। बैठक में कई शिक्षकों ने विद्यालय से संबंधित कई बिंदुओं पर अपना सुझाव दिए। बैठक में निर्णय लिया गया की इस वर्ष टॉप करने वाले छात्र-छात्राओं को विद्यालय प्रबंधन द्वारा सम्मानित किया जाएगा। इस अवसर पर शिक्षक मनोज कुमार, ब्रह्मदेव पांडेय, दिलीप मिश्रा, विकास कुमार ठाकुर, मनदीप ठाकुर, दीप्ति मिश्रा, अर्पना पांडेय, रिचा कुमारी, खुशबू कुमारी, सुमन देवी, उषा कुमारी उपस्थित थे।

### गोष्ठी में किसानों को दी जानकारी

**केतार।** प्रखंड के परती कूशवानी गांव में शनिवार को किसान गोष्ठी सह प्रक्षेत्र दिवस कार्यक्रम आयोजित किया। इस अवसर पर बीटीएम राकेश कुमार ने किसानों को रबी फसल के बारे में विस्तार पूर्वक बताया। उन्होंने किसानों को समय पर रबी फसल की बोवाई, पटवन और खर-पतवार से बचाव के लिए कीटनाशक दवा का छिड़काव करने के बारे में बताया गया। बीटीएम ने किसानों को कृषि विभाग द्वारा संचालित योजना कृषि सिंचाई योजना, किसान समृद्धि योजना, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना, पीएम कुसुम योजना, राष्ट्रीय सुक्ष्म सिंचाई योजना के बारे में बताया। उन्होंने किसानों को बताया कि पीएम कुसुम योजना के तहत 90 प्रतिशत अनुदान पर किसान सोलर सिस्टम योजना का लाभ ले सकते हैं। इस योजना से किसानों को खेती पटवन करने में सहूलियत होगी। बिजली बिल भरने से भी छुटकारा मिलेगा। मौके पर किसानों को सब्जी का बीज भी वितरण किया गया। मौके पर मुखिया मुनि देवी, संतोष प्रजापति, देवेन्द्र गुप्ता, सोनी देवी, सुदेश्वर चौधरी, धीरेन्द्र प्रजापति, नवलेश चौधरी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### निरक्षर महिला पुरूषों को साक्षर बनाने का अभियान शुरू

**रंका।** उपयुक्त सह जिला साक्षरता समिति के आदेशा पर रंका प्रखंड सभागार में बीडीओ की अध्यक्षता में बैठक हुई। इस संबंध में प्रखंड साक्षरता समन्वयक राकेश पांडेय उर्फ गौतम पांडेय ने बताया कि जिले में चल रहे नवभारत साक्षरता कार्यक्रम को पूर्ण करने के लिए 15 प्लस आयु वर्ग के निरक्षर महिला पुरुष को साक्षर कर उन्हें मुख्य धारा से जोड़ने के लिए प्रेरित किया जाएगा। प्रत्येक वर्ष मार्च व अगस्त में बुनियादी आकलन जांच परीक्षा कराई जाएगी। इसमें वैसे लोग जो पढ़ना लिखना जानते हैं।

## हैदरनगर में अवैध आरा मशीन और लकड़ियां जब्त

# वन विभाग और पुलिस की संयुक्त कार्रवाई, तस्करों पर कसेगा शिकंजा



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** वन संपदा की अवैध कटाई और तस्करी के खिलाफ प्रशासन द्वारा सख्त कदम उठाए जा रहे हैं। इसी क्रम में हैदरनगर थाना क्षेत्र के रिगाडीह में वन विभाग और स्थानीय पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में अवैध आरा मशीन और बड़ी मात्रा में काटी गई लकड़ियों को जब्त किया गया। यह अभियान गुप्त सूचना के आधार पर चलाया गया। जिसमें मौके से कुछ संदिग्ध व्यक्तियों को हिरासत में लिया गया है। उनसे पूछताछ जारी है, जिससे इस अवैध धंधे से जुड़े अन्य लोगों की जानकारी मिलने की संभावना है। वन विभाग के अधिकारियों के अनुसार, इस इलाके में लंबे समय से अवैध रूप से लकड़ी कटाई और तस्करी की गतिविधियां चल रही थीं। शिकायतें मिलने के बाद पुलिस और वन विभाग ने मिलकर रणनीति बनाई और छापेमारी कर इस नेटवर्क को ध्वस्त करने का प्रयास किया।

### स्थानीय लोगों की जागरूकता जरूरी

वन विभाग के अधिकारी और सामाजिक कार्यकर्ता भी इस मामले में स्थानीय समुदाय की भागीदारी को महत्वपूर्ण मानते हैं। उनका कहना है कि जंगलों की सुरक्षा केवल प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि इसमें जनता की भागीदारी भी जरूरी है। यदि लोग सतर्क रहेंगे और अवैध कटाई की सूचना समय पर देंगे, तो इस समस्या पर प्रभावी नियंत्रण पाया जा सकता है। प्रशासन की इस कार्रवाई के बाद स्थानीय लोगों ने राहत की सांस ली है और उम्मीद जताई है कि आगे भी ऐसे अभियान चलते रहेंगे।

### वन तस्करी पर रोक के लिए प्रशासन सख्त

पलामू एसपी ने कहा कि वन संपदा की अवैध कटाई और तस्करी को रोकने के लिए प्रशासन लगातार सक्रिय है। इस तरह की गतिविधियों में संलिप्त लोगों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने आम जनता से अपील की कि यदि उन्हें इस प्रकार की कोई संदिग्ध गतिविधि की जानकारी मिले, तो वे तुरंत संबंधित अधिकारियों को सूचित करें, ताकि जंगलों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

### प्रधानाध्यापक पर बच्चों से मारपीट करने का आरोप

**मझिआंव।** प्रखंड क्षेत्र के पुरहे गांव स्थित उत्क्रमित उच्च विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक सत्येंद्र कुमार सिंह पर बच्चों को मारपीट करने का आरोप अभिभावकों ने लगाया है। बच्चों के साथ मारपीट की जानकारी मिलने के बाद अभिभावक व ग्रामीणों ने विद्यालय परिसर में हंगामा किया। जानकारी होने के बाद डीएसई अनुराग मिंज, सीओ प्रमोद कुमार पुलिस बल के साथ विद्यालय पहुंचे। इसके बाद अधिकारियों ने विद्यालय कार्यालय कक्ष में बैठकर प्रधानाध्यापक सत्येंद्र कुमार सिंह व अन्य लोगों से घटना के बारे में जानकारी प्राप्त किया। मौके पर प्रभारी प्रधानाध्यापक ने अधिकारियों के समक्ष अपनी गलती स्वीकारते हुए कहा कि बच्चों को दो-तीन थप्पड़ दिए थे। संबंधित विभाग के अधिकारी द्वारा प्रधानाध्यापक का बयान दर्ज किया गया। वर्ग 4 के पीड़ित छात्र आनंद कुमार ठाकुर के पिता रघुनाथ ठाकुर व वर्ग 4 के पीड़ित छात्र सीता राम यादव के पिता वीरेंद्र यादव ने बताया कि हम लोगों के बच्चे को सहायक शिक्षक सह प्रभारी प्रधानाध्यापक के द्वारा बेरहमी से पिटा गया है।

# बीडीओ ने एमएस हॉस्पिटल को किया सील

■ बिना रजिस्ट्रेशन अवैध रूप से संचालित था हॉस्पिटल



**नवीन मेल संवाददाता**

**बालूमाथ।** शनिवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी सोमा उराव व चिकित्सा प्रभारी प्रकाश बड़ाइक ने पांकी स्थित एमएस हॉस्पिटल को सील कर दिया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए बालूमाथ प्रखंड विकास पदाधिकारी सोमा उरांव ने बताया कि उपायुक्त लातेहार के निर्देश पर प्रखंड में संचालित प्राइवेट हॉस्पिटल, नर्सिंग होम का अल्ट्रासाउंड मशीन होने के संदेह पर निरंतर जांच किया जा रहा है। इस क्रम में बालूमाथ पांकी रोड स्थित एमएस हॉस्पिटल का छापेमारी की गई। संचालित हॉस्पिटल का रजिस्ट्रेशन पेपर का जांच करने पर अवैध पाया गया, जो अवैध रूप से संचालित किया जा रहा था। हॉस्पिटल में ऑपरेशन थिएटर सहित अन्य रूम की जांच की गई। वहां से अल्ट्रासाउंड मशीन नहीं पाया गया। बताया कि पहले भी उक्त अस्पताल को 50 हजार का जुर्माना लगाते हुए रजिस्ट्रेशन कराने का हिदायत दी गई थी। अस्पताल संचालक ने आदेश का अनुपालन नहीं किया। इसके बाद उपायुक्त के निर्देश पर अस्पताल को सील कर दिया गया है। स्वास्थ्य विभाग लातेहार द्वारा पिछले वर्ष के आंकड़े से पता चला है कि लातेहार जिले में इन दिनों लड़कों का जन्म दर बढ़ती जा रही है, इस पर उपायुक्त ने अल्ट्रासाउंड केदुरूपयोग होने का संदेह जताते हुए जिले में संचालित अस्पताल व नर्सिंग होम की निरंतर जांच करने का निर्देश दिया है।

## सड़क निर्माण में अनियमितता का आरोप, जिप अध्यक्ष ने काम बंद कराया



**नवीन मेल संवाददाता**

**रमना।** रेलवे स्टेशन रमना से सारांग होते हुए जतपुरा ग्राम तक 3 करोड़ 82 लाख रुपए की लागत से 5 किमी पीडबलूडी विभाग से हो रहे सड़क निर्माण कार्य में संवेदक द्वारा अनियमितता बरतने की बात सामने आ रही है। ग्रामीणों की सूचना पर जिला परिषद अध्यक्ष शांति देवी ने शनिवार को हो रहे उक्त सड़क निर्माण कार्य स्थल पर पहुंच कर सड़क व पुल-पुलिया निर्माण की जांच की। जांच के क्रम में ग्रामीणों द्वारा लगाया गया अनियमितता सही पाया गया। पुलिया निर्माण में नाम मात्र का सीमेंट डाला गया हैं। पानी नहीं पटाया गया था। गुणवत्ता पूर्ण काम नहीं होने से पुलिया के दीवार में दरार दिखने लगा है। सड़क पर गिट्टी सही तरीके से पैदल व मोटर साइकिल से आने जाने वाले को परेशानी हो रही है। मौके पर जिप अध्यक्ष ने नाराजगी व्यक्त करते हुए कार्य स्थल पर मौजूद संवेदक द्वारा नियुक्त कर्मियों को सख्त हिदायत दी। उन्होंने कहा कि घटिया सड़क निर्माण कार्य करने बाद आप लोग तो चले जाएंगे, लेकिन आने जाने वाले ग्रामीणों को एक ही बरसात में फिर से वही स्थिति हो जाएगी। राहगीर अनीश कुमार यादव ने बताया कि सड़क बनते करीब एक वर्ष हो गया, लेकिन सड़क से उड़ने वाली धूल से हमलोग परेशान है।

# माता सबरी सुशीला मेहता मेधावी पुरस्कार समारोह का भव्य आयोजन




**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल, न्यू टाउनशिप, शाहपुर में शनिवार को माता सबरी सुशीला मेहता मेधावी पुरस्कार समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि विद्यालय की सचिव किरण मेहता और शैक्षणिक निदेशक डॉ. सिमी मेहता का स्वागत पुष्पगुच्छ भेंट कर किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन से हुई, जिसके बाद विद्यालय की छात्राओं ने गणेश वंदना पर आकर्षक नृत्य प्रस्तुत किया। विद्यालय के प्राचार्य डॉ. ए.के. सिंह ने पिछले सत्र में छात्रों की उल्लेखनीय उपलब्धियों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि स्कूल का उद्देश्य सिर्फ मेधावी सूची में नाम दर्ज कराना नहीं, बल्कि प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी भी सुनिश्चित करना है। माता सबरी सुशीला मेहता मेधावी पुरस्कार के तहत 441 छात्रों को 1001 रुपये का चेक और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। शैक्षणिक निदेशक डॉ. सिमी मेहता ने सभी मेधावी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि झारखंड में ऑक्सफोर्ड स्कूल ही ऐसा विद्यालय है जो हर वर्ष मेधावी छात्रों को पुरस्कृत करता है। विद्यालय सचिव ने भी छात्रों को मेहनत, लगन और एकाग्रता से पढ़ाई करने की सलाह दी। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका शिवांगी आनंद और मीनू सिंह ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन शिक्षिका शिल्पी गुप्ता ने दिया। राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक, अभिभावक और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## 40 केंद्रों पर हुई परीक्षा, कड़ी निगरानी में हुआ संचालन

# इंटरमीडिएट राजनीति विज्ञान परीक्षा संपन्न, 175 परीक्षार्थी रहे अनुपस्थित



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** झारखंड अधिविध परिषद द्वारा जिले के 40 केंद्रों पर इंटरमीडिएट परीक्षा आयोजित की गई, जिसमें दूसरी पाली में कला संकाय के राजनीति विज्ञान विषय की परीक्षा ली गई। परीक्षार्थी दोपहर 2 बजे से शाम 5:15 तक होने वाली इस परीक्षा के लिए निर्धारित समय से पूर्व ही अपने केंद्रों पर पहुंच गए थे। परीक्षा के दौरान सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। सभी परीक्षार्थियों को सघन तलाशी के बाद ही परीक्षा केंद्रों में प्रवेश दिया गया। परीक्षा केंद्रों पर स्टेटिक मजिस्ट्रेट की निगरानी में पुलिस पदाधिकारी और सशस्त्र बल के जवानों को भी प्रतिनियुक्त किया गया था। इस परीक्षा में कुल 8,420 परीक्षार्थी उपस्थित रहे, जबकि 175 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। कुल 8,595 परीक्षार्थियों को परीक्षा में शामिल होना था। परीक्षा संचालन को लेकर जिला स्तर पर दो नियंत्रण कक्ष बनाए गए थे, जहां से लगातार मॉनिटरिंग की जा रही थी। साथ ही, परीक्षा की सुचारू व्यवस्था बनाए रखने के लिए उड़नदस्ता, गश्ती दल और अन्य अधिकारियों द्वारा विभिन्न केंद्रों का निरीक्षण किया गया।

### पूर्व पंचायत सचिव पर प्रभार न देने का आरोप, ग्रामीणों ने बीडीओ से की शिकायत

**मेदिनीनगर।** सदर प्रखंड की कौड़िया पंचायत के पूर्व पंचायत सचिव फतेह अहमद पर प्रभार न देने का आरोप लगाते हुए ग्रामीणों और वार्ड सदस्यों ने बीडीओ से शिकायत की। उन्होंने नव-नियुक्त पंचायत सचिव कंचन कुमारी को जल्द प्रभार सौंपने की मांग की और 7 मार्च से अनिश्चितकालीन आंदोलन की चेतावनी दी।

**प्रभार न देने पर होगी कार्रवाई :** जानकारी के अनुसार 22 फरवरी 2025 को कंचन कुमारी को पंचायत सचिव नियुक्त किया गया था, लेकिन पूर्व सचिव फतेह अहमद ने अब तक प्रभार नहीं सौंपा। इस पर प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) जागो महतो ने कहा कि यदि दो दिनों के भीतर प्रभार नहीं दिया गया तो फतेह अहमद पर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि प्रभार न मिलने से पंचायत का काम प्रभावित हो रहा है। फतेह अहमद ने सफाई देते हुए कहा कि तबीयत खराब होने के कारण वह प्रभार नहीं दे पाए, विधायक प्रत्याशी अजय सिंह चेरो, त्रिपुरारी सिंह, जावेद अंसारी, वार्ड सदस्य कविता कुमारी, गीता देवी और अन्य ग्रामीण शामिल थे।

## गंदा पानी बहाने पर बिरयानी सेंटरों को अंतिम नोटिस, नहीं माने तो प्रतिष्ठान होगी सील



● निगम ने लगाया जुर्माना, तीन बार नोटिस देने के बावजूद नहीं हुई कार्रवाई

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** वार्ड संख्या 23 के सद्दीक मंजिल चौक स्थित हिंद और भारत नामक दो बिरयानी सेंटरों द्वारा सड़क पर गंदा पानी बहाने के मामले में नगर निगम ने कड़ा रुख अपनाया है। जुर्माना नहीं भरने पर निगम ने दोनों प्रतिष्ठानों को अंतिम नोटिस जारी किया है। यदि संचालकों ने जल्द जुमार्ना नहीं चुकाया, तो इन प्रतिष्ठानों को सील करने की कार्रवाई की जाएगी।

गौरतलब है कि नगर निगम ने कुछ महीने पहले इन दोनों बिरयानी सेंटरों पर सड़क पर गंदा पानी बहाने के कारण 5,000 रुपये का जुर्माना लगाया था। बावजूद इसके, तीन बार नोटिस दिए जाने के बाद भी संचालकों ने जुर्माना नहीं भरा। स्थानीय दुकानदारों और राहगीरों की लगातार शिकायतों के बाद निगम प्रशासन ने यह सख्त निर्णय लिया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए सिटी मैनेजर अनुराग कुमार ने बताया कि संचालकों को अंतिम नोटिस दिया गया है और उन्हें जल्द से जल्द जुर्माना भरने का निर्देश दिया गया है। यदि वे निर्देशों का पालन नहीं करते हैं, तो नगर आयुक्त के आदेश पर दोनों बिरयानी सेंटरों को सील कर दिया जाएगा।

## न्यूज बॉक्स

### श्याम मित्र मंडल की शोभायात्रा आज

**मेदिनीनगर।** श्याम मित्र मंडल, मेदिनीनगर द्वारा रविवार को संकीर्तन सह शोभायात्रा निकाली जाएगी। आयोजन महाराजा अग्रसेन भवन, कोयल नदी तट पर सुबह 8:30 बजे गणेश एवं निशान पूजन से शुरू होगा। इसके बाद अखंड ज्योत प्रज्वलन और संकीर्तन होगा। श्याम मित्र मंडल के विमल उदयपुरी ने बताया कि दोपहर 12:30 से 2:00 बजे तक महाप्रसाद वितरण होगा, जबकि 2:30 बजे से भव्य शोभायात्रा अग्रसेन भवन से निकलकर शहर के विभिन्न चौक-चौराहों से होते हुए शाम 5:30 बजे निमार्णाधीन श्री श्याम मंदिर में समाप्त होगी।

### स्व. आशुतोष रंजन को श्रद्धांजलि स्वरूप जेजेए ने होली मिलन समारोह रद्द किया



**मेदिनीनगर।** झारखंड जर्नलिस्ट एसोसिएशन (जेजेए) ने इस वर्ष अपना वार्षिक होली मिलन समारोह रद्द करने का निर्णय लिया है। संगठन के पलामू जिला अध्यक्ष संतोष श्रीवास्तव ने कहा कि गढ़वा के वरिष्ठ पत्रकार और जेजेए के निर्भीक साथी स्व. आशुतोष रंजन सिन्हा के आकस्मिक निधन से पत्रकारिता जगत को गहरी क्षति हुई है। उन्होंने कहा कि जेजेए हमेशा पत्रकारों के हितों की रक्षा के लिए कार्य करता रहा है और इस वर्ष अपने दिवंगत साथी को श्रद्धांजलि देने के लिए कोई उत्सव नहीं मनाएगा। पलामू जिला कमिटी ने आशुतोष रंजन को सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए यह निर्णय लिया है।

### संत मरियम किड्स स्कूल में वार्षिक परीक्षा का निरीक्षण, छात्रों को तनावमुक्त परीक्षा देने की सलाह



**मेदिनीनगर।** चैनपुर स्थित संत मरियम किड्स स्कूल में वार्षिक परीक्षा के दौरान विद्यालय के चेयरमैन अविनाश देव ने परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया और छात्रों से संवाद कर उन्हें तनावमुक्त रहने और शांतिपूर्वक परीक्षा देने के लिए प्रेरित किया। अविनाश देव ने कहा कि परीक्षा जीवन में सफलता की एक सीढ़ी भर है, यह बच्चों की बुद्धिमत्ता और संपूर्ण व्यक्तित्व का एकमात्र आकलन नहीं है। उन्होंने अभिभावकों और शिक्षकों से अपील की कि वे छात्रों पर अत्यधिक अंक प्राप्त करने का दबाव न डालें, क्योंकि इससे बच्चों का प्रदर्शन प्रभावित हो सकता है। विद्यालय निदेशक आनंद कुमार को शुभकामनाएं देते हुए उन्होंने कहा कि कम समय में उनकी मेहनत और समर्पण से स्कूल ने जो ऊंचाई प्राप्त की है, वह सराहनीय है। इस अवसर पर विद्यालय के उप प्राचार्य एस.बी. शाहा और कई शिक्षक उपस्थित थे।

### सेवा निवृत्ति पर सम्मान समारोह व काव्य गोष्ठी

**मेदिनीनगर।** व्यवहार न्यायालय, पलामू के सिरिस्तेदार-सह-प्रधान सहायक अनिल कुमार शर्मा की सेवा निवृत्ति के अवसर पर कण्वाश्रम परिवार द्वारा पनेरीबांध स्थित आवास पर एक सम्मान समारोह सह काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संयोजन कवि राकेश कुमार ने किया, जबकि अध्यक्षता श्रीधर प्रसाद द्विवेदी ने की। उन्होंने कहा कि सेवानिवृत्त कर्मी के परिवार द्वारा स्वागत समारोह आयोजित करना एक सकारात्मक एवं ऊर्जा से भरने वाला कदम है। इस अवसर पर युवा कवि विद्या वैभव भारद्वाज ने पं. बिंदु माधव शर्मा रचित खंडकाव्य 'कण्वाश्रम' से ईश वंदना का पाठ किया, जिसने सभी का मन मोह लिया। कवि राकेश कुमार, अरविंद सिन्हा, रमेश कुमार सिंह, उमेश कुमार पाठक, राम प्रवेश पंडित, आचार्य धनंजय पाठक, प्रिय रंजन पाठक, सिद्धेश्वर सिंह, रविशंकर पांडेय, जया लक्ष्मी, किरण राज और अंजनी कुमार दुबे ने अपनी कविताओं के माध्यम से अनिल कुमार शर्मा के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। वक्ताओं ने अनिल कुमार शर्मा को मिलनसार, हंसमुख और जिम्मेदार अधिकारी बताया और कहा कि 39 वर्षों तक बेदाग सेवा देना एक बड़ी उपलब्धि है। इस अवसर पर अजय मिश्रा, सुमन मिश्रा, रमेश कुमार पाठक, सुरेंद्र शुक्ला, शैलेश मिश्रा, शशि शेखर, शैलेश सिन्हा, राजीव पांडेय, अमित खलखो और श्यामलाल उरांव सहित कई गणमान्य लोगों ने अपने विचार रखे। कार्यक्रम का संचालन अनुज कुमार पाठक ने किया और धन्यवाद ज्ञापन अग्रज विद्यासागर शर्मा ने किया।

## पेज एक के शेष

### केवल विधायी कार्यों...

धाराएं आम लोगों की तरह ही लागू होती हैं। सदन के अध्यक्ष की अवमानना के बारे में उन्होंने कहा कि अध्यक्ष के चरित्र पर सवाल उठाना, सदन के अंदर के निर्णय जो सार्वजनिक नहीं हुए हों या प्रलोभन धमकी देना अवमानना की श्रेणी में आते हैं।

### टूटा 125 साल...

देश के अधिकांश हिस्सों में हीट वेव (लू) दिनों की संख्या सामान्य से अधिक रहने की संभावना है। लेकिन, पूर्वोत्तर भारत, सुदूर उत्तर भारत और प्रायद्वीपीय भारत के दक्षिण-पश्चिमी और दक्षिणी भागों को राहत रहेगी।

### डीजीपी ने गैरअनुशासित...

इस आदेश की प्रति सभी रेंज आईजी और डीआईजी को भी भेजी गई है। आदेश में पुलिसकर्मियों के संबंध में सात बिंदुओं पर रिपोर्ट मांगी गई है।

### यह है संशोधित...

यदि किसी संपत्ति को सरकारी संपत्ति मानी जाती है, तो राजस्व रिकॉर्ड में बदलाव करने की जिम्मेदारी ह्यनामित अधिकारीह्ल को दी जाएगी। जेपीसी ने विवाद समाधान प्रक्रिया में राज्य सरकार के वरिष्ठ अधिकारी को शामिल करने के लिए टीडीपी सांसद लावू श्री कृष्ण देवरायलु के चार संशोधनों को मंजूर किया। संशोधित विधेयक में वक्फ बोर्ड में गैर-मुस्लिम सदस्यों की नियुक्ति का प्रावधान रखा गया है। जेपीसी ने भाजपा सांसद अभिजीत गंगोपाध्याय के संशोधन को स्वीकार किया, जिसमें वक्फ बोर्ड में शामिल राज्य सरकार के अधिकारी का स्तर संयुक्त सचिव निर्धारित किया गया। इसके अलावा, भाजपा सांसद गुलाम अली के संशोधन को भी स्वीकार किया गया, जिसमें मुस्लिम कानून और न्याय शास्त्र के विशेषज्ञ को वक्फ न्यायाधिकरण का सदस्य बनाने की सिफारिश की गई है।

## प्रधानमंत्री मोदी ने रूसी और अमेरिकी अंतरिक्ष यात्रियों से की मुलाकात



**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** प्रख्यात रूसी अंतरिक्ष यात्री ओलेग आर्टेमयेव ने शनिवार को नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित एनएक्सटी कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। उन्होंने भारतीय प्रधानमंत्री को अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) पर मौजूद दोनों देशों के झंडे भेंट किए। वहीं पीएम मोदी ने प्रतिष्ठित अमेरिकी अंतरिक्ष यात्री माइक मैसिमिनो से भी मुलाकात की। संक्षिप्त बातचीत के दौरान, आर्टेमयेव ने प्रधानमंत्री मोदी को प्रसिद्ध रूसी सैद्धांतिक अंतरिक्ष वैज्ञानिक कोंस्टेंटिन त्सियोलकोवस्की द्वारा लिखित पुस्तक 'ऑन द मून' भी भेंट की। भारत में रूसी दूतावास ने कहा, "इसके बदले में, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अंतरिक्ष अन्वेषण में अंतर्राष्ट्रीय सहयोग के स्तर की अत्यधिक प्रशंसा की। उन्होंने विशेष रूप से अंतरिक्ष परियोजनाओं पर रूस और भारत के बीच द्विपक्षीय सहयोग का उल्लेख किया, जिसमें राष्ट्रीय मानवयुक्त अंतरिक्ष मिशन गगनयान में हमारे देश का योगदान भी शामिल है।" पीएम मोदी ने आर्टेमयेव से मुलाकात के बाद ट्वीट किया, "रूस के एक प्रमुख अंतरिक्ष यात्री ओलेग आर्टेमयेव से मिलकर खुशी हुई। वे कुछ अग्रणी अभियानों में सबसे आगे रहे हैं। उनकी उपलब्धियां कई युवाओं को विज्ञान और अंतरिक्ष की दुनिया में चमकने के लिए प्रेरित करेंगी।" इस बीच पीएम मोदी ने अमेरिका के मशहूर अंतरिक्ष यात्री माइक मैसिमिनो से भी मुलाकात की। उन्होंने एक्स पर लिखा, "प्रतिष्ठित अंतरिक्ष यात्री माइक मैसिमिनो से मिलकर बहुत खुशी हुई।

## केन्या : दो मिलियन से अधिक लोग खाद्य असुरक्षा का कर रहे सामना



**नैरोबी(आईएएनएस)।** केन्या में खाद्य-असुरक्षित लोगों की संख्या 2.15 मिलियन है। यह आंकड़ा जुलाई 2024 के मुकाबले एक मिलियन से अधिक है। पूर्वी अफ्रीकी देश के राष्ट्रीय सूखा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) ने यह जानकारी दी है। एनडीएमए ने कहा कि खाद्य सुरक्षा में गिरावट का कारण सामान्य से कम बारिश है। यह पिछले मौसमों से होने वाले फायदे को पलट देती है। इससे घरेलू खाद्य उपभोग में अंतर आया है और कुपोषण का स्तर बढ़ रहा है। केन्या की राजधानी नैरोबी में जारी एक रिपोर्ट में एनडीएमए ने चेतावनी दी, "मार्च-मई के लंबे बारिश के मौसम के दौरान स्थिति और भी खराब होने का अनुमान है।" इसमें 2.8 मिलियन लोगों को 'तीव्र खाद्य असुरक्षा' का सामना करने की संभावना जताई गई है।" एनडीएमए के अनुसार, चरागाह और पानी की उपलब्धता में कमी के कारण पशुओं की लंबी दूरी तय करनी पड़ी है और साथ ही पशुओं की उत्पादकता में भी कमी आई है।

### फुलेरा दूज : श्रीकृष्ण का फूलों से सत्कार करने में जुटीं गोकुल व बरसाने की गलियां

# मथुरा के श्री लाडली जी महाराज मंदिर में भव्य है माहौल

**मथुरा (आईएएनएस)।**

वृंदावन की छटा शनिवार को निराली थी। हो भी क्यों न, फुलेरा दूज जो है। इस दिन से गोकुल और बरसाने की गलियां अपने श्रीकृष्ण का फूल से सत्कार करने में जुट जाती हैं।

1 मार्च से शुरू हुआ पर्व फूल, रंग, अबीर, लड्डू से होता हुआ लठमार होली तक पहुंचेगा। होली का उल्लास अनूठा है और दुनिया भर से श्रद्धालु इसे देखने पहुंचने लगे हैं। फुलेरा दूज की सुबह से ही श्री जी के भक्त उनकी अटारी पहुंचने लगे। मंदिर के भीतर चंग-ढोलक की थाप संग राधा रानी को पूरे भाव से सुमिरन करने लगे।



- 7 को बरसाना में होगा लड्डू मार होली का आयोजन
- 8 को बरसाना में ही खेली जाएगी लठमार होली

फुलेरा दूज को लेकर कहानियां और मान्यताएं कई हैं। कुछ कहते हैं कि अपनी राधा रानी से मिलने घनश्याम पधारते हैं, तो कुछ का मानना है कि कृष्ण भगवान स्वयं भक्तों के साथ होली खेलने पधारते हैं। मान्यताएं-कहानियां कुछ भी हों, लेकिन रौनक शानदार होती है। सुबह से ही श्री जी के भक्त उनके द्वार पहुंचने लगे।

मथुरा के श्री लाडली जी महाराज मंदिर में इस समय होली का माहौल पूरी तरह से भव्य है। यहां रंगों की ऐसी बरसात होती है कि भक्त भक्ति और उल्लास में डूब जाते हैं। मंदिर में फूलों की होली, हुरंगा होली और गुलाल होली की परंपराएं बड़े धूमधाम से मनाई जाती हैं। श्रद्धालु न सिर्फ रंग खेलते हैं, बल्कि यहां के आध्यात्मिक वातावरण में भी मग्न हो जाते हैं, जो उन्हें एक अद्वितीय अनुभव प्रदान करता है।

इस साल ब्रज क्षेत्र में होली के त्योहार की धूम अलग ही देखने को मिलेगी। 7 मार्च से 15 मार्च तक आयोजित होने वाले विभिन्न होली आयोजनों में श्रद्धालु और पर्यटक दोनों ही जमकर रंगों की मस्ती में डूबेंगे।

7 मार्च को बरसाना में लड्डू मार होली का आयोजन होगा, जहां श्रद्धालु लड्डू फेंकते हुए एक-दूसरे को होली की शुभकामनाएं देंगे। 8 मार्च को बरसाना में ही लठमार होली खेली जाएगी, जो खासतौर पर महिलाओं द्वारा पुरुषों पर लठमार (लाठी से खेल) के रूप में खेली जाती है।

9 मार्च को नंद गांव में भी लट्ठमार होली का आयोजन होगा, जिसमें स्थानीय लोग और श्रद्धालु पूरे जोश के साथ हिस्सा लेंगे। इसके बाद 10 मार्च को वृंदावन के ठाकुर बांके बिहारी मंदिर में रंगों की होली का आयोजन होगा, जो विश्वभर में प्रसिद्ध है।

11 मार्च को गोकुल में छड़ी मार होली का आयोजन होगा, जो विशेष रूप से श्रद्धालुओं द्वारा छड़ी से एक-दूसरे को रंग लगाने का पारंपरिक तरीका है। इसके बाद 13 मार्च को फालेन गांव में होलिका दहन होगा, जिसमें दहकते अंगारों के बीच से पंडा निकलेगा, यह एक अद्भुत धार्मिक परंपरा है।

14 मार्च को संपूर्ण ब्रज क्षेत्र में होली का उत्सव बड़े धूमधाम से मनाया जाएगा, जिसमें सभी लोग रंगों से सराबोर हो जाएंगे। और अंत में, 15 मार्च को दाऊजी में हुरंगा का आयोजन किया जाएगा, जहां श्रद्धालु विशेष रूप से हुरंगों के साथ रंगों में डूबकर होली का आनंद लेंगे।

### बहुत अच्छे से समाप्त नहीं हुई ट्रंप के साथ जेलेंस्की की बैठक

# जेलेंस्की शांति नहीं चाहते : डोनाल्ड ट्रंप

**अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा**
- रूसी राष्ट्रपति लड़ाई को समाप्त करना चाहते हैं
- यूक्रेनी राष्ट्रपति को तत्काल युद्ध विराम करना चाहिए



**वाशिंगटन (आईएएनएस)**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक बयान में कहा कि यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की शांति नहीं चाहते हैं, जबकि उनका दावा था कि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन युद्ध को समाप्त करना चाहते हैं। वहीं, व्हाइट हाउस से बाहर निकलते समय ट्रंप ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए जेलेंस्की के बारे में कहा, उन्हें वहां खड़े होकर पुतिन के बारे में नकारात्मक बातें कहने की जरूरत नहीं है।

ट्रंप ने आगे कहा, यूक्रेनी राष्ट्रपति को यह घोषित करने की जरूरत है कि वह शांति चाहते हैं। ट्रंप ने कहा, रूसी राष्ट्रपति लड़ाई को समाप्त करना चाहते हैं। ट्रंप का यह बयान यूक्रेनी राष्ट्रपति के साथ उनकी बैठक के बाद आया है, जिसमें दोनों नेताओं के बीच तीखी बहस हुई थी, जिसमें ट्रंप और जेलेंस्की के विचारों में गंभीर अंतर सामने आए थे।

ट्रंप से जब यह सवाल पूछा गया कि क्या वह यूक्रेन को सैन्य सहायता बंद करने पर विचार कर रहे हैं, तो उन्होंने जवाब दिया, इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि मैं क्या विचार कर रहा हूं। मैं बस आपको बता रहा हूं। आपने वही देखा, जो मैंने आज देखा। वह ऐसा व्यक्ति नहीं था, जो शांति स्थापित करना चाहता था, और मुझे केवल तभी दिलचस्पी है, जब वह रक्तपात को समाप्त करना चाहता है।

ट्रंप ने यह भी कहा, उन्हें तत्काल युद्ध विराम करना चाहिए। युद्ध विराम तुरंत हो सकता है। यदि आप युद्ध को समाप्त करना चाहते हैं, तो आपको एक समझौते पर हस्ताक्षर करना होगा, जिसमें कुछ समय लगेगा। मैं चाहता हूं कि यह तुरंत समाप्त हो। आपके पास वास्तविक युद्ध विराम होना चाहिए था, लेकिन वह ऐसा नहीं करना चाहते। मैं चाहता हूं कि यह तुरंत समाप्त हो। लेकिन, वह (जेलेंस्की) युद्ध विराम नहीं चाहते। लेकिन, वह ऐसे ही लड़ते रहे, तो अमेरिका के बिना उनके लिए जीत हासिल करना संभव नहीं होगा।

शुक्रवार (स्थानीय समयानुसार) को ट्रंप के साथ जेलेंस्की की बैठक बहुत अच्छे से समाप्त नहीं हुई। दोनों नेताओं में रूस के साथ युद्ध और युद्ध विराम को लेकर तीखी बहस हुई। जेलेंस्की ने इस बैठक के बाद फॉक्स न्यूज पर कहा कि उनका और ट्रंप का सार्वजनिक टकराव 'दोनों पक्षों के लिए अच्छा नहीं था', लेकिन उन्होंने यह भी जोर दिया कि ट्रंप को यह समझना चाहिए कि यूक्रेन अचानक रूस के प्रति अपना रुख नहीं बदल सकता।

जेलेंस्की ने कहा, यह हमारे लोगों के लिए बहुत संवेदनशील है। वे बस यह सुनना चाहते हैं कि अमेरिका हमारे पक्ष में है और आगे भी हमारे साथ रहेगा। रूस के साथ नहीं, हमारे साथ। बस इतना ही।

जेलेंस्की ने ओवल ऑफिस की बैठक को एक मौके के रूप में देखा, जिसमें वह अमेरिका को रूस के साथ गठबंधन न करने के लिए मना सकते थे, क्योंकि रूस ने तीन साल पहले यूक्रेन पर आक्रमण किया था। हालांकि, अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप और उप-राष्ट्रपति वेंस ने जेलेंस्की की आलोचना की। उन्होंने कहा कि जेलेंस्की ने 'असम्मान' दिखाया। इससे कीव के सबसे बड़े युद्धकालीन दोस्त के साथ रिश्ते और खराब हो गए।

## राष्ट्रपति ने 5 हजार साल पुराने हड़प्पा के महानगर धोलावीरा का किया दौरा

**भुज/अहमदाबाद (हि.स.)**



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने शनिवार को कच्छ जिले के दौरे के दौरान खादिर बेट स्थित पांच हजार साल पुरानी सभ्यता धोलावीरा का दौरा किया। राष्ट्रपति ने यहां यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल का भ्रमण किया और प्राचीन मानव सभ्यता के चरणबद्ध विकास के साथ-साथ उत्कृष्ट नगरीय नियोजन के बारे में गहन जानकारी प्राप्त की।

राष्ट्रपति मुर्मु को भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के महानिदेशक यदुवीर सिंह रावत ने प्राचीन मानव सभ्यता और विश्व धरोहर स्थल धोलावीरा के बारे में विस्तृत जानकारी दी। यात्रा के दौरान राष्ट्रपति को हड़प्पा सभ्यता, निवास, महानगर में अद्भुत जल भंडारण एवं निपटान प्रणाली तथा विशाल दीवारों के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त हुई। इस अवसर पर वे प्राचीन मनका बनाने वाले कारखाने, सुव्यवस्थित सीढ़ीदार नहर, ऊपरी नगर, मध्य नगर तथा निचला नगर आदि को देखकर अभिभूत हुईं।

भारतीय पुरातत्व मंत्रालय द्वारा धोलावीरा स्थल की खुदाई के दौरान मिली विभिन्न कलाकृतियाँ, मिट्टी के बर्तनों के अवशेष, विभिन्न तांबे की वस्तुएं, तौल उपकरण और पत्थर के आभूषण राष्ट्रपति के समक्ष प्रदर्शित किए गए। यात्रा के अंत में राष्ट्रपति ने धोलावीरा विश्व धरोहर स्थल के परिसर में पौधरोपण भी किया।

## पहले बजट में घोषणाएं होती थीं, क्रियान्वयन नहीं : मंडाविया

**राजकोट(आईएएनएस)**

केंद्रीय मंत्री मनसुख मंडाविया ने शनिवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि



पहले बजट में घोषणाएं होती थीं, क्रियान्वयन नहीं। उन्होंने बताया कि आज देश का बजट 50 लाख करोड़ रुपये का हो गया है, जबकि 2014 में यह 17 लाख करोड़ रुपये का था।

मंडाविया ने कहा कि इस बजट में 15 लाख करोड़ रुपये का खर्च इंफ्रास्ट्रक्चर पर किया जाएगा और यह बजट 2047 के रोडमैप के साथ तैयार किया गया है। इसके अलावा, आने वाले समय में 4 करोड़ नौकरियों के लिए 2 लाख करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। उन्होंने यह भी बताया कि देश की प्रमुख कंपनियों में 1 साल तक इंटर्नशिप का अवसर मिलेगा, जिससे अन्य कंपनियों को भी फायदा होगा।

गुजरात के बजट के बारे में भी मंडाविया ने बात की और बताया कि उन्होंने जूनागढ़ और पोरबंदर के घेड पंथक क्षेत्र का दौरा किया, जहां चौमासा के दौरान पानी घुसने की समस्या है। इस समस्या को हल करने के लिए 1500 करोड़ रुपये का प्लान तैयार किया गया है, जिसमें नदियों को गहरा करने और पानी को रोकने के उपाय शामिल हैं।

## हमास का संघर्ष विराम के दूसरे चरण पर बातचीत करने से इनकार

**गाजा पट्टी(हि.स.)।** आतंकवादी समूह हमास ने साफ कर दिया है कि संघर्ष विराम और बंधकों की रिहाई के दूसरे चरण के समझौते के लिए फिलहाल कोई बातचीत नहीं होगी। ना ही वह इजराइल का प्रस्ताव मानेगा। आतंकी समूह के प्रवक्ता हाजेम कासेम ने बयान में कहा है कि इजराइल पहले चरण के समझौते में 42 दिन का विस्तार चाहता था। द यरुशलम पोस्ट के अनुसार, हमास प्रवक्ता कासेम ने कहा कि बंधक समझौते के पहले चरण को आगे बढ़ाने के इजराइल के प्रस्ताव को खारिज कर दिया गया है। उल्लेखनीय है कि हमास और इजराइल के बीच संघर्ष विराम समझौते का पहला चरण शनिवार को समाप्त हो रहा है।

### हेल्थ कोच ल्यूक कॉउटिन्हो ने पीएम नरेंद्र मोदी की पहल की प्रशंसा की, कहा

# भारत में जंक फूड पर जागरूकता की आवश्यकता

- पोषण की शुरुआत कम उम्र से होनी चाहिए
- पोषण पर शिक्षा देश की हर भाषा में मिले

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**



हेल्थ कोच ल्यूक कॉउटिन्हो ने कहा कि भारत में मोटापे से लड़ने के लिए जंक फूड पर जागरूकता की आवश्यकता है। उन्होंने देश में मोटापे से लड़ने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल की प्रशंसा की। नई दिल्ली में एक आंगनवाड़ी केंद्र के दौरे के दौरान कोउटिन्हो ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मोटापे की समस्या से निपटने के अपने दृष्टिकोण में बिल्कुल सही हैं।

कॉउटिन्हो ने कहा, हमें बच्चों और वयस्कों को जंक फूड के बारे में जागरूक करने की आवश्यकता है, जो मोटापे जैसे बड़ी समस्या में योगदान दे रहा है। उन्होंने कहा कि पोषण की शुरुआत कम उम्र से ही होनी चाहिए और पोषण के बारे में शिक्षा देश भर की भाषाओं में दी जानी चाहिए।

उन्होंने मोटे अनाज जैसे स्थानीय सुपरफूड तक पहुंच बढ़ाने की आवश्यकता पर भी जोर दिया। ल्यूक कॉउटिन्हो होलिस्टिक हीलिंग सिस्टम के सह-संस्थापक कॉउटिन्हो ने कहा, पीएम मोदी ने हमें स्थानीय सुपरफूड का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया है। हम इन खाद्य पदार्थों के साथ एक प्राकृतिक संतुलित आहार बनाए रख सकते हैं और प्रोटीन, कार्बोहाइड्रेट और वसा संतुलित मात्रा में हासिल कर सकते हैं।

'मन की बात' के 119वें एपिसोड में प्रधानमंत्री मोदी ने मोटापे के बढ़ते मामलों और इसे रोकने की आवश्यकता पर चर्चा की थी, क्योंकि यह उच्च रक्तचाप, मधुमेह और कैंसर जैसी कई बीमारियों का कारण बन सकता है। हाल ही में हुए एक अध्ययन के अनुसार, आज हर आठ में से एक व्यक्ति मोटापे की समस्या से परेशान है।

पीएम ने कहा था, बीते सालों में मोटापे के मामले दोगुने हो गए हैं, लेकिन इससे भी ज्यादा चिंता की बात यह है कि बच्चों में भी मोटापे की समस्या चार गुना बढ़ गई है। डब्ल्यूएचओ के आंकड़े बताते हैं कि वर्ष 2022 में दुनिया भर में करीब 250 करोड़ लोग ओवरवेट थे, यानी उनका वजन जरूरत से ज्यादा था। उन्होंने 'खाद्य तेल की खपत में 10 प्रतिशत की कमी लाने' का सुझाव दिया। मोटापे के खिलाफ अभियान के प्रति समर्थन व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा, एक भारतीय नागरिक के रूप में सभी को व्यक्तिगत जिम्मेदारी लेनी चाहिए, अपना योगदान देना चाहिए, सही भोजन चुनना चाहिए, प्रतिदिन व्यायाम करना चाहिए तथा अपने मानसिक और भावनात्मक स्वास्थ्य पर ध्यान देना चाहिए।

## पासपोर्ट के लिए अब जन्म प्रमाण पत्र जरूरी

- अक्टूबर 2023 के बाद पैदा हुए लोगों का पासपोर्ट जन्म प्रमाण पत्र के बिना नहीं बनेगा

**-ब्यूरो**



**नई दिल्ली।** भारत में 1 अक्टूबर, 2023 के बाद पैदा हुए सभी लोगों को अपना पासपोर्ट बनवाने के लिए जन्म प्रमाण पत्र देना अनिवार्य कर दिया गया। इसके पहले पैदा हुए लोग अन्य दस्तावेजों का विकल्प चुन सकते हैं। यह नया नियम जन्म व मृत्यु पंजीकरण अधिनियम, 2023 के तहत जारी हुआ है। नए नियमों के तहत, 1 अक्टूबर 2023 या उसके बाद जन्म लेने वाले आवेदकों के लिए जन्म प्रमाणपत्र ही जन्मतिथि का एकमात्र वैध प्रमाण माना जाएगा। पासपोर्ट के लिए अब जन्म प्रमाण पत्र जरूरी है। 1 अक्टूबर, 2023 के बाद पैदा हुए लोग संशोधित जन्म और मृत्यु पंजीकरण अधिनियम, 2023 के तहत आते हैं। इस नए नियम के अनुसार, अब पासपोर्ट आवेदन के साथ जन्म प्रमाण पत्र लगाना अनिवार्य होगा। लेकिन, अगर आपका जन्म इससे पहले हुआ है, तो आपके पास अभी भी दूसरे दस्तावेज जमा करने का विकल्प है।

जहां तक वैकल्पिक दस्तावेजों का सवाल है तो पासपोर्ट (संशोधन) नियम, 2025 में इन वैकल्पिक दस्तावेजों की सूची दी गई है। इनमें ट्रांसफर सर्टिफिकेट, स्कूल लीविंग सर्टिफिकेट, मैट्रिकुलेशन सर्टिफिकेट, पैन कार्ड, सरकारी कर्मचारियों के लिए सर्विस रिकॉर्ड या पेंशन ऑर्डर, ड्राइविंग लाइसेंस, वोटर आईडी कार्ड, और एलआईसी या सार्वजनिक कंपनियों की ओर से जारी पॉलिसी बॉन्ड शामिल हैं। इससे पहले भी 26 जनवरी, 1989 को जन्म प्रमाण पत्र अनिवार्य कर दिया गया था। लेकिन 2016 में पासपोर्ट नियमों में संशोधन करके इसे हटा दिया गया था। तब सभी आवेदकों को ऊपर बताए गए किसी भी एक दस्तावेज को जन्म प्रमाण के रूप में जमा करने की अनुमति दे दी गई थी। अब देश में जन्म प्रमाण पत्र को एक महत्वपूर्ण दस्तावेज बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है।

